वर्ष- 13 अंक- 83
लखनऊ, रविवार 23 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





उत्तर प्रदेश में एक करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित : केशव मौर्य 03

दिव्यांग दूल्हा देख वधु पक्ष ने विदा करने से किया इनकार 10


-: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,23,980/ |
| 22 कैरेट | = | 1,13650/ |
| 18 कैरेट | = | 92,990/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 161,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### आतंकी हैंडलर की संपत्ति पुलिस ने की अटैच

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में पुलिस ने शनिवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर से काम कर रहे एक आतंकी हैंडलर की संपत्ति अटैच की। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने दक्षिण कश्मीर जिले के त्राल इलाके के सैयदाबाद पस्तूना में अचल प्रॉपर्टी अटैच की। उन्होंने बताया कि यह संपत्ति मुबाशिर अहमद के तौर पर हुई है जो त्राल के सैयदाबाद पस्तूना का रहने वाला है और जो अभी पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर से आतंकी गतिविधियां चला रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस की जांच और पूछताछ के दौरान संपत्ति की पहचान हुई। उन्होंने बताया कि अहमद इलाके में हथियार और गोला-बारूद भेजकर और स्थानीय आतंकी नेटवर्क को सक्रिय करके आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने और फिर से शुरू करने में सक्रिय रूप से शामिल रहा है।

### दिल्ली : ग्रैप -3 की पाबंदियों को सख्ती से लागू करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में एयर क्वालिटी इंडेक्ट (एक्यूआई) लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों का सांस लेना दूभर होता जा रहा है। शनिवार को दिल्ली के कई स्थानों पर एक्यूआई 400 के पार है। इस बीच शुक्रवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने बैठक कर ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) चरण 3 की पाबंदियों को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया है। साथ ही इसमें ग्रैप चार की पाबंदियों की कुछ उपाय सुझाए हैं। जिसमें सरकारी कर्मचारियों को घर से काम करने की भी बात कही गई है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की तरफ से शनिवार को जारी बयान में बताया गया है कि ग्रैप-3 में ही ग्रैप-4 के कुछ प्रावधान जोड़े जा रहे हैं, जिसमें 50 प्रतिशत कर्मचारियों को वर्क फॉम होम देने की बात कही गई है। इसमें दिल्ली-एनसीआर के तहत राज्य सरकारों और केंद्रीय कर्मचारियों को वर्क फॉम होम देने की सलाह दी गई है।

### संयुक्त अरब अमीरात के नागरिक सहित दो लोग गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** भारत-नेपाल सीमा पर एक संयुक्त अरब अमीरात के नागरिक सहित दो संदिग्धों को अवैध रूप से सीमा पार कराने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार किया गया है। सुरक्षा बलों ने उनकी संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए उन्हें हिरासत में लिया। एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं, ताकि उनके इरादों का पता लगाया जा सके। सशस्त्र सीमा बल और नेपाल सशस्त्र पुलिस बल की संयुक्त गश्ती टीम ने भारत-नेपाल के नो मैन्स लैंड स्थित पिलर संख्या 389/9 के समीप दो संदिग्धो को रक्सौल प्रखंड के सहदेवा गांव की ओर से नेपाल के बलिरामपुर की ओर जाते हुए पकड़कर पूछताछ शुरू की, जिसकी पहचान में पहला व्यक्ति अनवर, निवासी-बिशनपुर, जिला सीतामढ़ी (बिहार) के रूप में हुई।

# दुनिया को विकास का रास्ता दिखा सकती है भारत की सोच

**▸ पीएम मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के प्रथम सत्र में रखे विचार**

एजेंसी

**जोहान्सबर्ग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को जी-20 शिखर सम्मेलन के प्रथम सत्र में वैश्विक विकास के पैमानों पर पुनर्विचार की जरूरत बताते हुए कहा कि दुनिया को ऐसा मॉडल अपनाना होगा जिसमें व्यक्ति, समाज और प्रकृति को एक साथ ध्यान में रखा जाए। प्रधानमंत्री ने वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर जी20 ग्लोबल हेल्थकेयर रिस्पॉन्स टीम के गठन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने वैश्विक स्तर पर बढ़ रही ड्रग तस्करी, विशेषकर फेंटानाइल जैसे अत्यंत खतरनाक पदार्थों के प्रसार पर गहरी चिंता व्यक्त की।

प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीफा की अध्यक्षता में कुशल प्रवासन, पर्यटन, खाद्य सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल अर्थव्यवस्था, नवाचार, और महिला सशक्तीकरण जैसे विषयों पर प्रभावी कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में हुए जी-20 सम्मेलन में शुरू किए गए कई ऐतिहासिक कदमों को इस बार आगे बढ़ाया गया है। इसके तहत प्रशिक्षक तैयार करने वाले प्रशिक्षक मॉडल पर काम करते हुए अगले 10 वर्षों में 10 लाख प्रमाणित प्रशिक्षक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।



### लीडर्स डिक्लेरेशन में भारत की प्राथमिकताओं की गूंज

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में जोहान्सबर्ग में सम्पन्न जी20 शिखर सम्मेलन में जारी लीडर्स डिक्लेरेशन ने यह स्पष्ट रखा है कि भारत की कूटनीतिक पहलकदमियां—चाहे वह डिजिटल तकनीक हो, जलवायु वित्त, आतंकवाद, खाद्य सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण या यूएनएससी सुधार—आज भी वैश्विक एजेंडा के केंद्र में हैं। घोषणा पत्र के कई हिस्सों में भारत की अध्यक्षता के दौरान स्थापित सिद्धांतों और प्राथमिकताओं को एक बार फिर दृढ़ता से स्वीकार किया गया है। घोषणा पत्र में आतंकवाद पर वह स्पष्टता देखने को मिली जिसका भारत लगातार समर्थन करता रहा है। पैराग्राफ छह में कहा गया है, हम आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा करते हैं। यह संक्षिप्त लेकिन अत्यंत सख्त भाषा भारत की वर्षों की कूटनीतिक कोशिशों का परिणाम है। भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) मॉडल और एआई के सुरक्षित उपयोग की अवधारणा को डिक्लेरेशन में विस्तृत रुप से दोहराया गया है। पैराग्राफ 45 में कहा गया है, सुरक्षित, संरक्षित और भरोसेमंद एआई के विकास, उपयोग और तैनाती के लिए मानवाधिकारों की रक्षा, पारदर्शिता, निष्पक्षता, जवाबदेही, उचित मानव पर्यवेक्षण, सुरक्षा, गोपनीयता, डेटा संरक्षण और डेटा शासन जैसे मुद्दों को संबोधित करना आवश्यक है।

### जी-20 के सफल आयोजन के लिए मोदी ने राष्ट्रपति को दी बधाई

उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मोदी ने कहा कि अब तक जिन विकास पैमानों पर काम हुआ है, उनके चलते बड़ी आबादी संसाधनों से दूर रह गई और प्रकृति का अत्यधिक दोहन बढ़ा है, जिसका सबसे अधिक प्रभाव अफ्रीका ने झेला है। भारत की सभ्यतागत सोच समग्र मानववाद दुनिया को संतुलित विकास का रास्ता दिखा सकती है। प्रधानमंत्री ने जी-20 के तहत वैश्विक पारंपरिक ज्ञान भंडार बनाने का प्रस्ताव रखा और कहा कि भारत की भारतीय ज्ञान प्रणाली इस वैश्विक मंच की आधारशिला बन सकती है। इससे विश्वभर की परंपरागत और प्रकृति-संतुलित जीवनशैली का ज्ञान आने वाली पीढ़ियों तक पहुंच सकेगा। अफ्रीका के विकास को वैश्विक हित बताते हुए प्रधानमंत्री ने जी-20 अफ्रीका कौशल संवर्धक पहल पेश की।

### तेलंगाना में 37 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** राज्य सरकार के दबाव और नीतियों के चलते शनिवार को 37 माओवादियों ने तेलंगाना पुलिस महानिदेशक के समक्ष अपने हथियारों के साथ सरेंडर कर दिया। इनमें माओवादियों के टॉप लीडर आजाद, नारायण व एर्राlू के साथ 25 महिलाएं भी हैं। डीजीपी ने इन सभी को सरकार की ओर से घोषित इनाम और प्रोत्साहन राशि और पुनर्वासित में मदद करने का आश्वासन दिया है। आज तेलंगाना पुलिस महानिदेशक शिवधर रेड्डी के सामने 37 माओवादियों ने सरेंडर कर दिया। इन माओवादियों ने पुलिस को 303 राइफल, जी3 राइफल, एसएलआर, एके47 राइफलों के साथ बड़ी मात्रा में कारतूस और दूसरे खतरनाक हथियार सौंपे। आत्मसमर्पण के बाद डीजीपी शिवधर रेड्डी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 37 माओवादियों ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के आह्वान पर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया है। इन आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को इनाम, कैश और इंसेंटिव दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक रूप से पहले ही माओवादियों को भरोसा दिया था कि अगर माओवादी सरेंडर कर पब्लिक के बीच आएंगे तो राज्य सरकार उन्हें पुनर्वासित करने पर विचार करेगी और उन्हे मुख्यधारा में लाने में पूरा सहयोग देगी। तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक ने कहा कि केंद्र सरकार ने अगले साल मार्च तक माओवादियों को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है।

## आईएसआई समर्थित हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह ड्रोन के जरिये पाकिस्तान से अत्याधुनिक विदेशी पिस्टल भारत में तस्करी कर रहा था। पुलिस ने इस नेटवर्क से जुड़े चार प्रमुख तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 हाई-एंड सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और 92 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इन हथियारों में पीएक्स -5.7 तुरकीये निर्मित पिस्टल भी शामिल है, जिसका उपयोग विशेष बलों द्वारा किया जाता है।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त संजीव यादव ने शनिवार को बताया कि क्राइम ब्रांच को 19 नवंबर को सूचना मिली थी कि अंतरराज्यीय हथियार तस्कर दिल्ली के रोहिणी इलाके में विदेशी हथियारों की खेप देने आने वाले हैं। जानकारी के आधार पर इंस्पेक्टर मन सिंह व इंस्पेक्टर सुंदर गौतम की टीम ने सेक्टर-28, रोहिणी स्थित खाटू श्याम मंदिर के पास जाल बिछाया। इसी दौरान सफेद स्विफ्ट डिज़ायर कार मौके पर पहुंची। तलाशी में कार के स्पीकर बॉक्स के अंदर छिपाया गया एक डफल बैग मिला, जिसमें आठ विदेशी पिस्टल और 84 कारतूस थे। पकड़े गए आरोपितों की पहचान जालंधर निवासी मनीदीप सिंह, दलविंदर कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि वे विदेशी हैंडलरों के संपर्क में हैं और भारत भर में अलग-अलग गैंगों को हथियार सप्लाई करते हैं। उनकी निशानदेही पर गिरोह के दो और सदस्य रोहन तोमर और अजय उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से दो और पिस्टल व आठ कारतूस बरामद हुए।



### ड्रोन से होती थी पाक से सप्लाई

जांच में खुलासा हुआ कि हथियार पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये रात के समय भारतीय सीमा में गिराए जाते थे। गिरोह जीपीएस लोकेशन के आधार पर पैकेट उठाता था। हथियारों को कार्बन पेपर में लपेटा जाता था ताकि जांच में पकड़ न आए। गिरोह का संचालन विदेश में बैठे गैंगस्टर सोनू खत्री उर्फ राजेश कुमार के इशारों पर होता था, जो इस समय अमेरिका में है। उसका सहयोगी जसप्रीत उर्फ जस आईएसआई समर्थित मॉड्यूल से हथियार मंगवाता था।

## चुनाव आयोग एसआईआर के जरिए काटने जा रहा समाजवादी पार्टी के वोट : अखिलेश

**▸ यूपी व बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की चुनाव आयोग से मिलकर बड़ी तैयारी, बीएलओ पर बनाया जा रहा दबाव**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत का चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल पर फोकस कर रही है। भाजपा, चुनाव आयोग ये तैयारी कर रहे हैं कि 2024 में जिन विधानसभाओं में समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन जीता है, उन विधानसभाओं में 50 हजार वोट काट दिए जाएं। यह आरोप समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा और चुनाव आयोग पर विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर लगाए। वे सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती पर शनिवार को पार्टी मुख्यालय लखनऊ में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। अखिलेश ने एसआईआर को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि जो बीएलओ हैं, उन्हें जितना सहयोग करना चाहिए, वह नहीं कर रहे हैं। जानकारी यह है कि उत्तर प्रदेश और वेस्ट बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की चुनाव आयोग से मिलकर बड़ी तैयारी है। बीएलओ पर दबाव बनाया जा रहा है, जबकि वे खुद परेशान हैं। वहीं चुनाव आयोग 99.48 प्रतिशत फॉर्म बांटने का दावा फर्जी है।



### एसडीएम ओबरा व चोपन एसएचओ हाईकोर्ट में तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ओबरा के एसडीएम और चोपन एसएचओ को अदालत में 25 नवम्बर को तलब किया है। उनके द्वारा हाईकोर्ट में दी गई रिपोर्ट में विरोधाभास पाया गया। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई है। उच्च न्यायालय ने ओबरा और चोपन प्रशासन पर कड़ी टिप्पणी करते हुए उपजिलाधिकारी ओबरा और थानाध्यक्ष चोपन को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है। पीठ ने कहा कि सरकारी अधिवक्ता द्वारा दी गई रिपोर्ट और आवेदक द्वारा दाखिल किए गए अनुपूरक हलफनामे के बीच गंभीर विरोधाभास पाया गया है।

## सड़क किनारे रहने वाले बना सकेंगे घर में दुकान

**नए आदेश के अनुसार 100 वर्ग मी. के आवासीय और 30 वर्ग मी. के व्यावसायिक भूखंडों पर निर्माण के लिए नक्शा पास कराने की बाध्यता समाप्त**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आवास एवं शहरी नियोजन विभाग ने शहरी इलाकों में निर्माण संबंधी नियमों में बदलाव कर दिया है, जो नागरिकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब चौड़ी सड़कों पर रहने वाले लोग आवासीय भवनों के साथ व्यावसायिक दुकान का निर्माण कर सकेंगे। जुलाई में योगी कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।



नए आदेश के अनुसार 100 वर्ग मीटर के आवासीय और 30 वर्ग मीटर के व्यावसायिक भूखंडों पर निर्माण के लिए नक्शा पास कराने की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। 15 मीटर से ऊंचे भवनों में बने बेसमेंट की कंपाउंडिंग की अनिवार्यता भी हटाई गई है। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में 24 मीटर और इससे कम आबादी वाले शहरों में 18 मीटर चौड़ी सड़क पर आवासीय भवनों के साथ व्यावसायिक निर्माण की अनुमति दी गयी है। स्वीकृत ले-आउट क्षेत्र रु. 500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के आवासीय और 200 वर्ग मीटर के व्यावसायिक भूखंड का ऑनलाइन दाखिल नक्शा अब ट्रस्ट बेस्ड विश्वास आधारित स्वीकृति के साथ स्वतः पास माना जाएगा। अनिर्मित और विकसित क्षेत्रों में नियम प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित ले-आउट के बाहर के भूखंडों में बेस फ्लोर एरिया रेशियो वृद्धि के कारण कोई डिफ्रेंशियल एफएआर बेनिफिट चार्ज नहीं लागू होगा। अनिर्मित क्षेत्रों में बिना सर्विस स्टेशन के पेट्रोल पंप अब 18 मीटर चौड़ी सड़क पर खोले जा सकेंगे ,पहले 24 मीटर सीमा थी।

### अल-फलाह विवि के कुलाधिपति के मकान पर कार्यवाही रुकी हाईकोर्ट ने दिया स्टे

**इंदौर।** फरीदाबाद के अल-फलाह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जवाद अहमद सिद्दीकी के महू स्थित पैतृक मकान का ''अनधिकृत निर्माण'' हटाए जाने को लेकर छावनी परिषद के नोटिस के अमल पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने अंतरिम रोक लगा दी है।'हिबानामा के जरिये इस मकान पर मालिकाना हक का दावा करने वाले एक व्यक्ति की याचिका पर अदालत ने यह आदेश जारी किया। दिल्ली में लाल किला के निकट धीमी गति से चलती कार में हुए विस्फोट की घटना के बाद, अल-फलाह विश्वविद्यालय कानून प्रवर्तन एजेंसियों की जांच के घेरे में है। दस नवंबर को हुए इस विस्फोट में 15 लोगों की जान चली गई थी।

## सीजेआई के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे सात देशों के मुख्य न्यायाधीश

**▸ सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में ऐसा पहली बार जस्टिस सूर्यकांत होंगे 53वें चीफ जस्टिस**

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** जस्टिस सूर्यकांत 24 नवंबर को देश के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में ब्राजील समेत दुनिया के सात देशों के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज शामिल होंगे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब किसी सीजेआई के शपथ ग्रहण में इतनी बड़ी संख्या में दूसरे देशों के न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी होगी। समारोह में भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल और श्रीलंका के चीफ जस्टिस उनके साथ आए परिवार के सदस्य शामिल होंगे। मौजूदा सीजेआई गवई का कार्यकाल 23 नवंबर को खत्म हो रहा है। अगले सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे। उनका कार्यकाल लगभग 14 महीने का होगा। सीजेआई पद के शपथ ग्रहण के लिए राष्ट्रपति भवन में इस कार्यक्रम के लिए निमंत्रण पत्र बनकर तैयार हो गए हैं।

## संसद के शीतकालीन सत्र में पेश होंगे 10 बिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में एटॉमिक एनर्जी बिल समेत 10 नए बिल पेश हो सकते हैं। लोकसभा बुलेटिन में शनिवार को यह जानकारी दी गई। एटॉमिक एनर्जी बिल में प्राइवेट कंपनियों को भी न्यूक्लियर पॉवर प्लांट लगाने की अनुमति मिल सकेगी।

अभी देश में सारे न्यूक्लियर पावर प्लांट्स सरकार के कंट्रोल वाली कंपनियों के जरिए ही बनाए जाते हैं। नए बिल में संशोधन के बाद निजी कंपनियां (भारतीय और विदेशी दोनों) न्यूक्लियर पावर प्रोडक्शन में आ सकेंगी। सत्र के दौरान जो दूसरा बड़ा बिल पेश होगा वो हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया बिल है। इसके तहत अलग-अलग संस्थाओं को खत्म कर उन्हें एक ही कमीशन में जोड़ दिया जाएगा। संसद का शीतकालीन सत्र (विंटर सेशन) 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिन में पूरे सत्र के दौरान 15 बैठकें होंगी।

लोकसभा बुलेटिन के अनुसार एटॉमिक एनर्जी बिल भारत में परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल, कंट्रोल एंड रेगुलेशन से जुड़े प्रावधानों को नया फ्रेमवर्क देगा।

यह पहली बार होगा जब प्राइवेट कंपनियों को न्यूक्लियर क्षेत्र में एंट्री मिल सकेगी। अब प्राइवेट कंपनियां भी न्यूक्लियर पॉवर प्लांट लगा सकेंगी। सरकार हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया बिल भी पेश करेगी। इसका उद्देश्य कॉलेज और यूनिवर्सिटी को अधिक फ्रीडम देना और सिस्टम को पारदर्शी बनाना है।



### बरेली बवाल के आरोपी नदीम की गिरफ्तारी पर रोक से इंकार, याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बरेली बवाल के दौरान आपत्तिजनक नारेबाजी और पुलिस पर तेज़ाब, ईंट-पत्थरों से हमला और फायरिंग की घटना के मुख्य आरोपित नदीम को राहत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने घटना को गंभीर मानते हुए प्राथमिकी रद्द करने और गिरफ्तारी पर रोकने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने दिया है।प्रदेश सरकार की ओर से अपर शासकीय अधिवक्ता प्रथम परितोष कुमार मालवीय ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि बवाल न सिर्फ उन्मादी नारे लगाए गए बल्कि पुलिस पर फायरिंग की और तेजाब फेंका गया।

## एसएमएफसीएल ने 25 हजार करोड़ की ऋण योजना को किया मंजूर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सागरमाला वित्त निगम लिमिटेड (एसएमएफसीएल) ने अपनी वार्षिक आम बैठक में देश के समुद्री वित्त पोषण तंत्र को मज़बूत करने के लिए एक योजना को मंजूरी दी है। बोर्ड ने 25 हजार करोड़ रुपये की कुल उधार सीमा को मंजूरी दी, जिसमें से 8,000 करोड़ रुपये चालू वित्त वर्ष के लिए निर्धारित हैं।

एसएमएफसीएल केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत मिनी रत्न सार्वजनिक क्षेत्र का एक उपक्रम है। मंत्रालय के मुताबिक इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए एसएमएफसीएल अपने संसाधन जुटाने की योजना के अनुसार अग्रणी बैंकों, वित्तीय संस्थानों और बॉन्ड जारी करने वालों के माध्यम से धन जुटाएगा। इससे निगम शीघ्र ही ऋण देने का कार्य शुरू कर सकेगा। एसएमएफसीएल वर्तमान में प्रमुख वित्तीय रेटिंग एजेंसियों के साथ विचार-विमर्श कर रही है। सकारात्मक क्षेत्रीय दृष्टिकोण और एक मजबूत परियोजना पाइपलाइन के साथ निगम को शीर्ष स्तर पर रेटिंग मिलने की उम्मीद है। इससे निवेशकों का विश्वास और बढ़ेगा और ब्याज लागत को अनुकूलित करने में मदद मिलेगी। अपनी रणनीतिक योजना के एक भाग के रूप में एसएमएफसीएल ने संपूर्ण समुद्री मूल्य श्रृंखला को समर्थन देने के लिए एक व्यापक वित्तपोषण ढांचे की रूपरेखा तैयार की है।

**तैयारी** — मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की प्रयागराज में होने वाले माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा

# माघ मेला 800 हेक्टेयर क्षेत्रफल में आयोजित करने की तैयारी

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज यहां उन्हें माँ गंगा का पूजन व श्री बड़े हनुमान जी का दर्शन करने तथा माघ मेला-2026 की तैयारियां की समीक्षा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। रेलवे व सेना के सभी सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक हुई है। मेले की तैयारियों की प्रगति उत्तम स्तर पर है। आगामी माघ मेला नई ऊंचाई तक पहुंचकर सभी श्रद्धालुओं व कल्पवासियों के संकल्प और साधना को आगे बढ़ाते हुए भव्यता व दिव्यता के साथ सम्पन्न होगा। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को जनपद प्रयागराज में माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा के उपरान्त मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे।




इसके पूर्व, उन्होंने माँ गंगा व श्री बड़े हनुमान जी का दर्शन-पूजन तथा माघ मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने रामबाग हनुमान मन्दिर में श्री विजय प्रद हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रयागराज मेला प्राधिकरण का गठन कर इसके अध्यक्ष के रूप में मण्डलायुक्त प्रयागराज को नामित किया था। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के नेतृत्व में महाकुम्भ के साथ-साथ यहां अन्य सभी आयोजन सम्पन्न होते हैं। माघ मेला की तैयारियां प्रारम्भ हो चुकी हैं।

वर्ष 2024 की तुलना में इस मेले के दायरे को बढ़ाकर 800 हेक्टेयर क्षेत्रफल में आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। इस हेतु 07 सेक्टर बनाए गए हैं। यहां की टीम को महाकुम्भ 2025 को सकुशल कराने का अनुभव है। महाकुम्भ ने देश व दुनिया में अपनी अमिट छाप छोड़ी थी। भारत की सनातन परम्परा के प्रति लोगों के मन में नया उत्साह भरा था। हम लोग इस बार के माघ मेले में भी उसी प्रकार की व्यवस्था देने का प्रयास कर रहे हैं।

### अवैध घुसपैठिओं के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को अवैध घुसपैठ को लेकर त्वरित और सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक समरसता सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं की जाएगी मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को राज्य के सभी जिलाधिकारियों को भेजे निर्देशों में कहा है कि प्रत्येक जिला प्रशासन अपने क्षेत्र में रहने वाले अवैध घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित करे और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई शुरू करें। मुख्यमंत्री ने घुसपैठियों को रखने के लिए प्रत्येक जनपद में अस्थायी डिटेंशन सेंटर बनाए जाए। इन केंद्रों में विदेशी नागरिकता के अवैध व्यक्तियों को रखा जाएगा और आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने तक वहीं आवास सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिटेंशन सेंटर में रखे गए अवैध घुसपैठियों को तय प्रक्रिया के तहत उनके मूल देश भेजा जाएगा।

# छात्रहित में रास्ता सुचारु कराए गोंडा प्रशासन

## उच्च न्यायालय का आदेश, विगत छह महीने से रास्ता बाधित होने से विद्यालय का संचालन हो रहा था प्रभावित

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने रिट-सी संख्या 6069/2025 तथा 6232/2025 पर संयुक्त सुनवाई करते हुए छात्रहित में एक महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश पारित किया है। यह याचिकाएँ सरदार मोहर सिंह मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज मनकापुर द्वारा दायर की गई थीं। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ एवं न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने की। अदालत में विपक्षी पक्ष संख्या-6 की ओर से दायर संक्षिप्त प्रति-शपथपत्र को रिकॉर्ड पर ले लिया गया।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता एस.पी. सिंह, राज्य सरकार की ओर से विद्वान स्थायी अधिवक्ता तथा विपक्षी पक्ष संख्या-11 की ओर से अधिवक्ता हेमंत कुमार मिश्रा व सहायक अधिवक्ता मयंकर सिंह की दलीलें सुनीं, इस दौरान जिलाधिकारी गोंडा प्रियंका निरंजन, उप जिलाधिकारी मनकापुर, मुख्य राजस्व अधिकारी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ न्यायालय के समक्ष मौजूद रही और मामले के निस्तारण न होने से अधिकारियों को पीठ के सामने नतमस्तक भी होना पड़ा।



### गाटा संख्या 486(क) से छात्र प्रवेश-निकास सुनिश्चित करने का निर्देश

कोर्ट ने कहा कि छात्रों का हित सर्वोपरी हैं, इसलिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया जाता है कि गाटा संख्या 486(क) पर स्थित मार्ग से छात्राओं के प्रवेश और निकास को अविलंब सुनिश्चित किया जाए। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह आदेश केवल अंतरिम व्यवस्था है और इससे भूमि के स्वामित्व के किसी भी अधिकार का सृजन नहीं माना जाएगा। भूमि विवाद से संबंधित मुकदमे अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगे। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता कॉलेज को स्पष्ट निर्देश दिया कि वह गाटा संख्या 486(क) पर कोई भी स्थायी या अस्थायी निर्माण न करें। यह व्यवस्था पूरी तरह अस्थायी है।



### सीएम दरबार से फोन आने के बावजूद भी नहीं सुनी गई समस्या

गोंडा सरदार मोहर सिंह मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज मनकापुर के महाप्रबंधक डॉक्टर स्वर्णपाल सिंह ने बताया कि विगत 25 जून 2025 से राजनीतिक उतार चढ़ाव की वजह से विद्यालय का रास्ता बाधित कर दिया गया था।जिससे आगमन में बाधा उत्पन्न होती थी और विद्यालय संचालन को लेकर संकट खड़ा हो गया था।ऐसे में हजारों बच्चों का भविष्य अंधकार मय होते दिख रहा था। जिसको लेकर मैं जिला प्रशासन से लेकर उप जिलाधिकारी एवं मुख्यमंत्री दरबार तक गुहार लगाई तथा सी एम दरबार से अधिकारियों को टेलीफोन भी आया उसके बावजूद भी मामले का निस्तारण नहीं किया गया। थक हार कर जब मैं हाई कोर्ट पहुंचा तो एक बार वहां से डायरेक्शन मिला उसके बावजूद भी मुझे खूब घुमाया गया लेकिन दोबारा न्यायालय के कड़ा रुख अपनाने पर जिलाधिकारी जब प्रशासनिक अमले को लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत हुई तो मुझे न्याय मिला और रास्ता खोलेने का स्पष्ट आदेश दिया गया।

### डीएम को दी बड़ी जिम्मेदारी

न्यायालय ने जिला मजिस्ट्रेट, गोंडा को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि वे पुष्पा—जो गाटा संख्या 484 की सह–खरीदार हैं—से वार्ता करें और जून 2025 में बनाई गई दीवार को हटवाकर पूर्व की भांति आवागमन का पुराना रास्ता बहाल करने का प्रयास करें। यदि डीएम के प्रयास से पुष्पा और कॉलेज प्रबंधन के बीच सहमति बन जाती है तथा छात्राओं को पूर्ववत रास्ते से आने–जाने की अनुमति मिल जाती है, तो वर्तमान अंतरिम व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जाएगी।

# मुन्नन खां चौराहे पर भारी वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाकर हुई कार्रवाई

समृद्धि न्यूज





**गोंडा ।** शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन रेंज गोण्डा श्री अमित पाठक के नेतृत्व में जनपद गोण्डा शहर क्षेत्र के मुन्नन खां चौराहा पर व्यापक वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। इस दौरान भारी वाहनों (ट्रक, डम्पर, बस) के नम्बर प्लेट की चेकिंग की गई, जिन भारी वाहनों में नम्बर प्लेट नियम विरुद्ध अथवा जानबूझ कर छिपा कर लगाई गयी थी या मिट्टी बगैरह से छिपा दी गयी थी ऐसे वाहनों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर सीज किया गया।

इस दौरान हूटर लगे वाहनों, मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त दोपहिया वाहनों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर वाहनों को सीज किया गया। आईजी अमित पाठक द्वारा बताया गया कि यातायात माह के संबंध में उ0प्र0 शासन एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन कराया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध टैक्सी स्टैंड, डग्गामार वाहनों, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों तथा शहर को अतिक्रमण एवं जाम से मुक्त रखने में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध नियमित रूप से कार्यवाही जारी रहेगी।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

इस दौरान 12 डम्पर वाहन, 03 मोडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट बाइक व 01 रेसिंग बाइक को स्टंट करते पाए जाने पर सीज कर कुल 258735 रुपये की धनराशि का चालान किया गया।

## खबरें एक नजर में

### मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** मुख्य चिकित्सा के निर्देशन में शनिवार को गायत्री विद्यापीठ इंटर कॉलेज रिसिया में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुकेश कुमार हंस एम.एंड.ई ऑफिसर, अजय प्रताप सिंह केस रजिस्ट्री असिस्टेंट रीति श्रीवास्तव प्रधानाचार्य गायत्री विद्यापीठ इंटर कालेज विद्याल परिवार से अखण्ड प्रताप सिंह, सचिन श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव ,सरिता मौर्य, ललिता, अर्चना, विजय कश्यप टाटा ट्रस्ट से मोनिका रिजवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विषय निबंध प्रतियोगिता रही जिसमें चयनित 20 बच्चों को सर्टिफिकेट और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और साथ ही टीम द्वारा बच्चों को टोल फ्री मानस सेवा 14416 सेवा के बारे में छात्राओं और शिक्षकों को जानकारी दी गई।

### तालाब के किनारे मिला इलेक्ट्रिशियन का शव

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बड़गांव रेलवे स्टेशन के पास स्थित सगरा तालाब के पास एक लोको पायलेट विभाग में इलेक्ट्रिशियन की पद पर कार्यरत अमर जीत निषाद का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ मिला है। गोरख पुर जिले के गुलहरिया थाना क्षेत्र के जंगल डुमरिया ग्राम के निवासी अमर जीत निषाद पुत्र पुरुष उत्तम निषाद गोंडा में रेलवे लोको पायलेट डिविजन में इलेक्ट्रिशियन के पद पर कार्यरत था। शुक्रवार के दिन रेलवे के क्वार्टर से ड्यूटी जाने के लिए निकला था । इस के बाद वापस क्वार्टर पर नहीं गया। शनिवार की सुबह बड़गांव रेलवे के पास स्थित सगरा तालाब के किनारे शव पड़ा हुआ था। सुबह जब आसपास के लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दिया। शव के पास तमाम लोगो की भीड़ इक्कठा हो गई। उस के पास से मिले पहचान पत्र से उस की पहचान हो सकी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। मृतक के दो बच्चे है।

### पूर्व प्रेमी ने महिला संग जबरन संबंध बनाने का बनाया दबाव

**झंझरी/गोंडा,समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक पूर्व प्रेमी ने एक महिला के साथ जबरन संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। महिला के मना करने पर धमकी देना लगा। महिला की तहरीर पर पंकज यादव पुत्र सरयू प्रसाद यादव निवासी बेसिया चैन कोतवाली देहात के खिलाफ में मुकदमा दर्ज कराया है। एक महिला इटिया थोक थाना क्षेत्र की रहने वाली है। उस ने कोतवाली देहात में तहरीर दिया कि उस का संबंध पंकज यादव नामक युवक से 2019 में था। उस ने मुझसे शादी करने का बहना बना कर मेरा शोषण किया।जब भी मैं शादी करने की बात कहती तो वह टाल जाता था। जब मैं कोई कारवाही करने की बात करती तो वह मुझे धमकी देता था। मैने फरवरी 2025 में एक युवक से शादी कर लिया। कुछ दिनों बाद पंकज मुझे परेशान करने लगा। ये बात मैने अपने पति को बताया तो मेरे पति उस के घर जाकर समझाया फिर भी नहीं मान रहा है। इस के बाद भी जबरन संबंध बनाने का दबाओ बना रहा है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर पंकज यादव के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### राम विवाह महोत्सव की तैयारी जोरों पर

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** श्री राम विवाह महोत्सव की तैयारी बड़े धूम धाम से हो रही है। क्षेत्रवासियों के सहयोग से चलने वाला तीन दिवसीय राम विवाह महोत्सव में दूर दूर से श्रद्धालु आते है। श्री राम विवाह समिति का गठन 1958 में ग्राम पंचायत तिलखी बढ़या के प्रधान स्वर्गीय पारस नाथ मिश्रा, सीता राम विश्वकर्मा, और बृजलाल के संयुक्त मंत्रणा से किया गया तब से अनवरत हर वर्ष मनाया जा रहा है। पिपरा राम, हरकिशन, बाजारमुंडा, पिपरी, हुसैनाबाद, मंसूर जोत, तिलखी बढ़या, नगरिया, हसीनपारा, छीतर पारा समेत दर्जनों गांवों के लोग राम विवाह महोत्सव देखने आते है। मंगलवार 25 नवंबर को बहुत बड़ा मेला लगता हैं जिसमें बाहरी दुकानदार अपना व्यवसाय करने पहुंचते है। व्यवस्थापक राम मूरत भारती, पंचम प्रसाद, कौशल कुमार, राम यश, ने बताया कि राम विवाह समिति का सहयोग सभी हिन्दू और मुस्लिम समाज के सहयोग से चलता है, । दूर दराज क्षेत्रों से संत आते है जिनके रहने और भोजन की व्यवस्था समित के द्वारा किया जाता है और विदाई में वस्त्र आदि दान देकर विदा किया जाता है। बाहर से आए बाल कलाकारों द्वारा मनमोहक झांकी राम विवाह का मंचन कार्यक्रम किया जाता है जो रविवार 23 नवंबर से प्रारंभ होकर 25 नवंबर को समापन किया जाएगा।

# डबल इंजन सरकार कर रही विकास कार्य : मंदीप

**भाजयुमो ने आयोजित किया आत्मनिर्भर भारत युवा सम्मेलन कार्यशाला**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा विधानसभा मटेरा के मंडल नवाबगंज में आत्मनिर्भर भारत युवा सम्मेलन कार्यक्रम की कार्यशाला का आयोजन जवाहर इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सरदार मंदीप सिंह वालिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह ने किया। कार्यक्रम का मंच संचालन आनंद जायसवाल मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के महामानव पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण मुख्य अतिथि व कार्यक्रम अध्यक्ष के द्वारा किया गया। मंडल अध्यक्ष ने अपने अध्यक्षीय भाषण में आए हुए कार्यकर्ताओं का धन्यवाद व्यापित करते हुए बताया कि हमारे देश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार 2014 में आप सभी के आशीर्वाद से बनाई गई व 2017 में प्रदेश की सरकार योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आप सभी के द्वारा बनाई गई है। तभी से हमारे देश व प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब हमारे देश व प्रदेश में आप सभी के द्वारा भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई गई है। तभी से हमारे सरकारों ने युवाओं के लिए विकास के लिए तमाम प्रकार के उद्योग व लगभग सभी जनपदों में मेडिकल कॉलेज खुलवाकर मेडिकल पढ़ाई के लिए ज्यादा सीटों को उपलब्ध कराई है। जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र व छात्राएं मेडिकल शिक्षा प्राप्त करके देश व समाज की सेवा कर सके। केंद्र सरकार विभिन्न प्रकार के उद्योग स्थापित करने के लिए युवा उद्यमियों के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। हमारे देश व प्रदेश का निरंतर विकास डबल इंजन की सरकार के द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर ओमप्रकाश गुप्त विजय सिंह राधेश्याम गुप्त प्राचार्य जेपी वर्मा हर्षित सिंह सहित मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डीएम ने एसआईआर में अच्छा कार्य कर रहे बीएलओ को बुके देकर किया सम्मानित

**बलरामपुर।** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा आज तहसील बलरामपुर सदर सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के कार्यों के संबंध में एसडीएम/ईआरओ एवं सुपरवाइजर के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में डीएम ने कहा कि एसआईआर कार्य में लगे सभी कार्मिकों के कार्यों की सतत निगरानी की जा रही हैं। सभी सुपरवाइजर, बीएलओ अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ निभाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन बूथों पर मतदाताओं को गणना पपत्र नहीं मिला हैं, उन्हें अतिशीघ्र गणना पपत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गणना पपत्र को भरे जाने में बीएलओ अपने बूथ के मतदाताओं का सहयोग करें। साथ ही भरे हुए गणना पपत्र यथाशीघ्र एकत्र किए जाएं तथा बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाए। उन्होंने एसडीएम को डिजिटाइजेशन कार्य में कम प्रगति वाले बीएलओ को चिन्हित करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए।

# मदरसा अशरफिया बहरुल-उलूम में उर्स-ए-हाफिज-ए-मिल्लत का इनइकाद




समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** मदरसा अशरफ़िया बहरुल-उलूम में हाफ़िज़-ए-मिल्लत के उर्स की तक़रीब अक़ीदत ओ एहतिराम के साथ मनाई गई। प्रोग्राम की सदारत मौलाना मेराज हुसैन अशरफ़ी ने की। तक़रीब का आग़ाज़ हाफ़िज़ साजिद रज़ा की तिलावत-ए-कलाम-ए-पाक से हुआ, बाद-अज़ाँ नात-ए-रसूल-ए-मक़बूल पेश की।

इस मौके पर मौलाना जमाल अहमद रिजवी ने तलबा से ख़िताब करते हुए तालीम-ए-दीन की एहमियत पर रौशनी डाली। मौलाना मोहम्मद अय्यूब मिस्बाही ने अपने खिताब में हाफ़िज-ए-मिल्लत की खिदमात, मदरसा अशरफि या की बुनियाद और बाद में जामिआ अशरफ़िया की तामीर ओ तरक्की का तफ़सीली ज़िक्र किया। साथ ही अहल-ए-मुबारकपुर के तआवुन और वाबस्तगी को ख़िराज-ए-तहसीन पेश किया।

इसी को लेकर जामिआ बरकातिया नज्म-उल-बनात में भी मुअल्लिमात ओ तालिबात की जानिब से महफ़िल-ए-उर्स का एहतिमाम किया गया, जहाँ आलिमात ने हाफ़िज़-ए-मिल्लत की इल्मी व दीनी ख़िदमात के नुमायां पहलुओं पर रौशनी डाली।तक़रीब दुआइया कलिमात के साथ इक्तिताम-पज़ीर के साथ सम्पन्न हुआ।

# बी.एल.ओ के नियमित न आने का आरोप, नायब तहसीलदार ने की जांच



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** मतदाता पुनरीक्षण (एस.आई.आर) कार्य को गति देने एवं समय से पूरा कराने को लेकर प्रशासन युद्धस्तर पर काम कर रहा है। लेकिन कुछ जिम्मेदार इससे मुंह चुरा रहे हैं।

मामला शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र के रखौना गांव का है। जहां स्थानीय लोगों ने बी.एल.ओ के न आने की शिकायत दूरभाष पर तहसील प्रशासन से की। मामले की जांच करने नायब तहसीलदार हर्षित पांडेय गांव पहुंचे। स्थानीय लोगों से वार्ता की एवं फॉर्म भरने की अपील की। गांव निवासी सदस्य ग्राम पंचायत मैनुद्दीन शाह, छोटकन्ने, मोहम्मद अयूब, हारून, कल्लू आदि लोगों ने बताया कि बी.एल.ओ तीन दिनों से गांव नहीं आए हैं। एस.आई.आर फॉर्म भरने में कठिनाई हो रही है। सभी को फॉर्म उपलब्ध नहीं हो पाया है।

बी.एल.ओ आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि व्यक्तिगत काम की वजह से गांव नहीं जा पाया हूं। रविवार सुबह गांव जाऊंगा फिर 28 नवंबर को जाऊंगा। सभी का फॉर्म भरा जा रहा है। गांव में नेटवर्क काम नहीं करता है। नायब तहसीलदार हर्षित पांडेय ने बताया कि गांव में जाकर लोगों से फॉर्म भरने की अपील की गई है। बी.एल.ओ के न आने की जांच की जा रही है।

### गणना प्रपत्र डिजिटाइजेशन सेन्टर का डीएम ने किया निरीक्षण

**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-286 बहराइच सदर अन्तर्गत बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा मतदाताओं से प्राप्त किये गये गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने तहसील सदर बहराइच में स्थापित हाई स्पीड नेटवर्क सेन्टर का निरीक्षण किया। डीएम श्री त्रिपाठी ने गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की बाबत जानकारी प्राप्त करते हुए फीडिंग कार्य की प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। एसडीएम श्रीमती चौधरी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ब्लाक व बी.आर.सी. स्तर पर 02-02 तथा नगर पालिका परिषद बहराइच एवं तहसील सदर में 01-01 हाई स्पीड नेटवर्क सेन्टर स्थापित किया गया है।

# नर्सिंग के छात्रों ने तंबाकू छोड़ने की ली शपथ

**तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत हुआ गोष्ठी का आयोजन**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** शनिवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सलारगंज के सभागार कक्ष में तम्बाकू उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभाव एवं उनसे होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु कार्यशाला/गोष्ठी एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मेडिकल कॉलेज के डॉ0 परितोष तिवारी ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए बताया कि तंबाकू और तम्बाकू उत्पादों के सेवन से उच्च रक्तचाप और मुख के कैंसर की समस्याये बहुत बढ़ गई है। मुख के रोग ज्यादा हो रहे है। उन्होंने तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने के उपाए एवं कोटपा अधिनियम 2003 के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि तम्बाकू उत्पाद छोड़ने हेतु टोल फ्री नंबर 1800112356 पर बात कर सकते है। उन्होने कहा कि तम्बाकू का लत व्यक्ति के साथ साथ पूरे परिवार को बर्बादी को ओर ले जाती है। तम्बाकू के सेवन से कई तरह की बीमारियां फैलती है जो स्वास्थ्य एवं जीवन के लिए घातक है। युवा समुदाय जानकारी के अभाव में तंबाकू उत्पाद को अपनाकर बीमारी से ग्रसित हो रहे है। लोगों को बीमारियों से बचाना उन्हें जागरूक करना स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मियों का कर्तव्य है।

उन्होंने बताया कि तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 4 के अन्तर्गत सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान को प्रतिबंधित किया गया है। धारा 6 के अन्तर्गत सभी शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में नाबालिगों द्वारा तम्बाकू के क्रय तथा विक्रय पर प्रतिबंध है। कार्यक्रम के अंत में डॉ0 तिवारी ने मौजूद छात्र छात्राओं, स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं नर्सिंग प्रशिक्षकों को तंबाकू एवं तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने के लिए शपथ भी दिलायी। इस अवसर पर एमओआईसी डॉ हसमत अली, एफएलसी विवेक श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर सीएचओ किरण दीक्षित, नर्सिंग ट्यूटर जूली शुक्ला, डॉ रियाजुल हक, पुनीत शर्मा, मनीष कुमार, अशोक श्रीवास्तव, अनिल कुमार तिवारी, आशुतोष मिश्रा समेत बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

# बहराइच में बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसो. का द्विवार्षिक अधिवेशन सम्पन्न, सातों पदों पर निर्विरोध निर्वाचन

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** सीएमओ कार्यालय के धनवंतरी सभागार में बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन उत्साह और सौहार्द के माहौल में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन एवं चुनाव की पूरी प्रक्रिया चुनाव अधिकारी/पर्यवेक्षक–प्रशासनिक अधिकारी ज्ञान चन्द्र श्रीवास्तव और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सुनील सिंह द्वारा नियमपूर्वक सम्पन्न कराई गई। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष धनंजय तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके नेतृत्व में अधिवेशन का संचालन हुआ।

मंडल गोंडा से मंडल अध्यक्ष राम शेखर पांडेय और मंडल सह प्रभारी अनुराग श्रीवास्तव भी विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप में मौजूद रहे, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक गरिमामय बना दिया। चुनाव में संगठन के सभी सात पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। मणिकांत ओझा को जिला अध्यक्ष, अनूप कुमार चौधरी को जिला मंत्री, संतोष कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष, अतुल कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हरिराम आर्य को उपाध्यक्ष, सुरेश कनौजिया को संगठन मंत्री और रविकांत पाठक को ऑडिटर चुना गया। वहीं सीएचसी फखरपुर के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रमेश सिंह को संघ का संरक्षक मनोनीत किया गया।

अधिवेशन के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने में बेसिक हेल्थ वर्कर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संगठन की एकजुटता, पारदर्शी कार्यशैली और सदस्य हितों को सर्वोपरि रखते हुए जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने का संकल्प व्यक्त किया। सभा में उपस्थित सदस्यों ने नई कार्यकारिणी के प्रति पूर्ण विश्वास प्रकट किया और उम्मीद जताई कि आने वाले कार्यकाल में संगठन और अधिक प्रभावी व सक्रिय भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अशोक पांडेय, राकेश पांडेय, जुगुल किशोर चौबे, बीरेंद्र तिवारी, धर्मेन्द्र चौहान, रामचरित वर्मा, अजीत वर्मा, देवेन्द्र पांडेय, शब्बीर अंसारी, आफाक अहमद, रमेश कनौजिया आदि उपस्थित रहे।

### डीएम ने मण्डी स्थित भारतीय खाद्य निगम के धान क्रय केन्द्र का किया निरीक्षण

**बहराइच।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जनपद में की जा रही धान खरीद का जायज़ा लेने तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु मतपत्रों को सुरक्षित रखने हेतु बनाये गये स्ट्रांग रूम का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर बहराइच का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम के लिए चिन्हित कक्षों का निरीक्षण करते हुए डीएम ने सचिव मण्डी को आवश्यक रंग-रोगन व मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये गये। मण्डी समिति के भ्रमण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने भारतीय खाद्य निगम के क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी अनुज शुक्ला उपस्थित मिले। खरीद की बाबत केन्द्र प्रभारी ने बताया कि अब तक 24 किसानों से 1213.60 कु. धान खरीद की गयी है। निरीक्षण के समय ग्राम टेड़िया के कृषक केशव सिंह के उपज की तौल हो रही थी। केन्द्र पर खरीद सम्बन्धी समस्त व्यवस्थायें पूर्ण पायी गयी।

**शिविर** | **यातायात माह के तहत सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति हुए जन-जागरूकता कार्यक्रम**

# शिविर में हुई 39 ई-रिक्शा चालकों की आंखों की जांच




समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में यातायात माह नवंबर-2025 के अंतर्गत जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता के विविध कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 22 नवंबर को प्रभारी यातायात जगदम्बा गुप्ता, टीएसआई राकेश कुमार, तथा आरक्षी संदीप यादव द्वारा जिला अस्पताल, गोण्डा में ई-रिक्शा चालकों के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान कुल 39 ई-रिक्शा चालकों की आँखों की जाँच की गई तथा उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग हेतु आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान चालकों को स्पष्ट दृष्टि के महत्व, सुरक्षित ड्राइविंग, ओवरलोडिंग से बचने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने एवं सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के संबंध में जागरूक किया गया जनपद गोण्डा पुलिस द्वारा यातायात माह के दौरान इसी प्रकार सड़क सुरक्षा एवं जन-जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर जारी रहेगा।

### महत्वपूर्ण संदेश

सड़क सुरक्षा के निम्न नियमों का पालन करें –

1. वाहन चलाते समय मोबाइल फोन अथवा इयरफोन का प्रयोग न करें।
2. नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाना पूर्णतः वर्जित है।
3. दोपहिया वाहन चालक एवं पीछे बैठी सवारी दोनों को हेलमेट पहनना अनिवार्य है।
4. चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य है।
5. निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियाँ बैठाना एवं निर्धारित गति सीमा से अधिक वाहन चलाना दंडनीय अपराध है।
6. दाएँ–बाएँ मुड़ते समय इंडिकेटर का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें।
7. दोपहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी न बैठाएँ।
8. वाहन निर्धारित स्थान पर ही पार्क करें।
9. वाहनों के आगे एवं पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाएँ।
10. **एम्बुलेंस एवं फायर ब्रिगेड वाहन को पहले रास्ता दें।**
11. नशा कर वाहन बिल्कुल न चलाएँ।
12. सड़क पर खतरनाक स्टंट न करें।
13. दुर्घटना की स्थिति में घायल की मदद करें एवं तुरंत 112 पर सूचना दें।

# उत्तर प्रदेश में एक करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित

## मानव दिवस सृजन, मनरेगा मजदूरों के भुगतान व अमृत सरोवर निर्माण मे यूपी देश में टॉप पर

**यूपी में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में लाना है क्रांति**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उत्तर प्रदेश में एक करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित करें और इसके लिए सभी अधिकारी बैठक कर ठोस व प्रभावी रणनीति बनायें। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के अंदर क्रांति लाना है। उन्होंने कहा कि जो स्वयं सहायता समूह खाद्य प्रसंस्कृत सामग्री बना रहे हैं, उनकी जिलावर सूची बनाकर उन्हें खाद्य प्रसंस्करण विभाग से जोड़कर नियमानुसार सब्सिडी दिलाई जाए।

8 हजार स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रधानमंत्री सूक्ष्य खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में लाभान्वित कराया गया है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नये समूहों के गठन का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जाए तथा जो समूह सक्रिय नहीं है, उन्हें सक्रिय किया जाए।जिन समूहों को रिवाल्विंग फंड नहीं दिया गया है, उन्हें तत्काल दिलाया जाए। 31 दिसंबर तक रिवाल्विंग फंड हर हाल में चला जाए। जिलों में स्वयं सहायता समूह को दी जाने वाली धनराशि का समय से व्यय कराया जाए। प्रत्येक योजना में व प्रत्येक कार्य में पारदर्शिता स्पष्ट रूप से झलकनी चाहिए। जिलों में धनराशि व्यय की गति बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा जिला मिशन मैनेजर व ब्लॉक मिशन मैनेजर के कार्यों की गति दोगुनी होनी चाहिए। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम एस आई आर डी में ही कराये जांए। प्रशिक्षण के लिए इम्पैनल्ड प्राइवेट कंपनियों को निरस्त किया जाए।डी एम एम व बी एम एम की कार्यशाला आयोजित की जाए।ग्राम्य विकास विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को और अधिक सक्रिय किया जाए। केशव प्रसाद मौर्य कैंप कार्यालय 7- कालिदास मार्ग पर उच्चस्तरीय बैठक में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थेसमीक्षा मे पाया कि मानव दिवस सृजन, मनरेगा मजदूरों के ससमय भुगतान व अमृत सरोवरों के निर्माण आदि मे उत्तर प्रदेश ,देश में टॉप पर है। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जिला मिशन प्रबंधको व ब्लॉक मिशन प्रबंधको की एक कार्यशाला आयोजित की जाए और जिला मिशन प्रबंधको व ब्लॉक मिशन प्रबंधको को समूहों के गठन, संचालन व सक्रिय करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया जाए। लक्ष्य हासिल न करने वाले डीएमएम व बीएमएम का मानदेय रोका जाए। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व खाद्य प्रसंस्करण विभाग एक दूसरे के पूरक हैं तथा एसआईआरडी व एसआरएलएम भी एक दूसरे के पूरक हैं।

# अधिक रजिस्ट्रियों वाले स्थानों पर अब बढ़ेगी औचक निरीक्षण संख्या, त्रुटि रहित निगरानी पर विशेष जोर

समृद्धि न्यूज

**सरकार हर स्तर पर एक पारदर्शी व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने संपत्ति रजिस्ट्री प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और त्रुटि रहित निगरानी के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

प्रदेश के स्टांप तथा पंजीयन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रवींद्र जायसवाल ने आज यह जानकारी दी कि प्रदेश भर में उन सभी स्थानों पर, जहां संपत्ति रजिस्ट्रियों की संख्या अधिक दर्ज की जा रही है, वहां सरकार द्वारा किए जाने वाले औचक स्थलीय निरीक्षणों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। यह निर्णय हाल ही में धार्मिक और पर्यटन महत्व वाले क्षेत्रों में हुए भूमि सौदों की जांच के संदर्भ में व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए लिया गया है। मंत्री ने कहा है कि सरकार हर स्तर पर एक पारदर्शी व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से विभाग यह प्रयास कर रहा है।

पहले सभी जिलों में उप-निबंधक द्वारा 50, एडीएम द्वारा 25 तथा जिलाधिकारी द्वारा 5 औचक स्थलीय निरीक्षण किए जाने का प्रावधान था। नई व्यवस्था के तहत, उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जहां रजिस्ट्री की संख्या में अचानक वृद्धि हुई है ताकि विभागीय कार्यों की त्रुटि रहित निगरानी की जा सके और किसी भी अनियमितता को शुरुआती चरण में ही रोका जा सके।

श्री जायसवाल ने स्पष्ट किया कि निरीक्षण की संख्या बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य उन सभी स्थानों पर विभागीय कार्यों की त्रुटि रहित निगरानी करना है जहां रजिस्ट्री का काम अधिक है। यह कदम संपत्ति के क्रय-विक्रय में होने वाली संभावित धोखाधड़ी और राजस्व चोरी को रोकने के लिए उठाया गया है, जिससे आम जनता के हितों की रक्षा की जा सके।

## खबरें एक नजर में

### किसानों, नौजवानों व शोषितों के हितों के लिए किया संघर्ष

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री पद्म विभूषण नेताजी मुलायम सिंह यादव के जन्म दिवस पर समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता,मीडिया प्रभारी रमेश सिंह रवि ने शिविर कार्यालय फैजुल्लागंज लखनऊ पर निर्बल विकास जन कल्याण सेवा संस्थान के पदाधिकारी एवं सपा कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए उनके जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए विचार गोष्ठी कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। संस्थान के प्रदेश महासचिव एवं समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता मीडिया प्रभारी रमेश सिंह रवि ने कहा कि नेताजी ने देश के करोड़ों, किसानों, मजदूरों, छात्रों, नौजवानों, महिलाओं, गरीबी, शोषितों वंचितों, पीडितों के हितो के लिए आजीवन सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष किया। हम सभी को एक जुट होकर उनके आदर्श एवं सिद्धांत पर चलने का संकल्प लेना होगा । तभी 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और समस्याओं का निराकरण कर सकते हैं। इस मौके पर नदं किशोर यादव, अमन सिंह, राजकुमार सोनकर, पुष्कर कश्यप, सुलेखा, ललित सिंह, खुशी पाल, मंजू शर्मा, कपिल सिंह रितिक सिंह, देश राज गौतम,कामता प्रसाद पाल, आदि तमाम लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### दिव्यांगजन स्वास्थ्य देख-रेख पर संवेदीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य आयुक्त दिव्यांगजन कार्यालय के सभागार में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम–2016 की धारा–25 के अंतर्गत स्वास्थ्य देख–रेख, सर्टिफिकेशन विषयक संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूतपूर्व आईएएस एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने दिव्यांगजनों की स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़, तकनीक–आधारित एवं सुलभ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। यह अधिनियम समाज में अधिकार–आधारित न्याय सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसे पारदर्शी एवं नागरिक अनुकूल बनाया जाना आवश्यक है। विषय विशेषज्ञ राहुल बजाज अधिवक्ता, सर्वोच्च न्यायालय, आयुष्मिता सामल, प्रवीण प्रकाश अम्बष्ठ उप मुख्य आयुक्त, दिव्यांगजन, भारत सरकार एवं डॉ. पीके श्रीवास्तव बलरामपुर अस्पताल द्वारा दिव्यांगता मूल्यांकन के अद्यतन मानक, स्वास्थ्य संबंधी प्रावधान, मानसिक विकास पहलू एवं आवश्यक संवेदनशीलता पर विस्तृत व्याख्यान दिए गए, जिससे प्रतिभागी अधिकारियों को महत्वपूर्ण तकनीकी ज्ञान प्राप्त हुआ। राज्य आयुक्त प्रो. हिमांशु शेखर झा ने दिव्यांगता प्रमाण–पत्र एवं यू.डी.आई.डी. कार्ड निर्गमन प्रक्रियाओं को सरल, समयबद्ध एवं ई–गवर्नेन्स आधारित बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

### अब 26 को होगा संविदा कर्मियों का शक्ति भवन पर प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संविदा कर्मचारी संघ के देवेन्द्र कुमार पाण्डेय नें बताया कि आज को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ व पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन के बीच निदेशक स्तर कि वार्ता हुई जिसमें संगठन के तरफ से मांग कि गई कि पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन द्वारा 2017 के अपने स्वयं के आदेश का उल्लंघन कर वर्ष 2024–25 में हटाए गए 25000 बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्य पर वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को 60 वर्ष कि आयु तक कार्य करने कि अनुमति दी जाय तथा 55 वर्ष का हवाला देकर हटाये गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस लिया जाए, पावर कार्पोरेशन के आदेश 18 सितम्बर 2025 का पालन किया जाए, वर्टिकल व्यवस्था लागू करने के आदेश को वापस लिया जाए, स्मार्ट मीटर लगने कि स्थिति में मीटर रीडरों को किसी अन्य कार्य में समायोजित किया जाय आदि।

### हर जगह एसआईआर प्रक्रिया को लेकर भ्रम, अव्यवस्था व रोष

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने सरकार द्वारा लागू की जा रही एसआईआर प्रक्रिया को पूरी तरह अव्यवस्थित, अपारदर्शी और आम जनता के लिए कष्टदायी मानते हुए गहरी चिंता व्यक्त की है। आयोग द्वारा 96.22 प्रतिशत गणना प्रपत्र (फॉर्म) बांटने का दावा किया जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है। देश के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार 60 प्रतिशत से अधिक नागरिकों को अब तक गणना प्रपत्र उपलब्ध ही नहीं कराए गए हैं। यह स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि सरकार और संबंधित विभागों द्वारा किये जा रहे दावों तथा वास्तविक स्थिति में भारी अंतर जैसे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में हाहाकार मचा हुआ है। श्री सिंह ने आरोप लगाया है कि आम लोगों को बिना किसी स्पष्ट दिशा–निर्देश के बार–बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। गरीब, मजदूर, वंचित और हाशिये पर रहने वाले वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हैं, जो बेवजह अपनी पहचान से संबंधित दस्तावेज बनवाने में समय और धन खर्च करने पर मजबूर हैं।

### सेंट पॉल्स कॉलेज का 46वां वार्षिक खेल महोत्सव आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** फिटनेस मंत्र 2025 'क्रीडा एवं शारीरिक प्रशिक्षण महोत्सव' सेंट पॉल्स कॉलेज, लखनऊ में शनिवार, 22 नवम्बर 2025 को अत्यन्त भव्यता के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त मेजर जनरल कंवरजीत सिंह द्वारा समारोह का औपचारिक उद्घाटन किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य रेव0 फादर तेज प्रकाश बड़ा ने की तथा कॉलेज के माननीय प्रबंधक रेव0 फादर ऑल्विन माठ्था ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कॉलेज की प्रतिष्ठा को नए आयाम दिए। कार्यक्रम का शुभारम्भ शांति और सद्भावना के प्रतीक कबूतरों और गुब्बारों के मुक्त उड़ान के साथ हुआ। इस वर्ष के क्रीडा महोत्सव 'फिटनेस मंत्र 2025' का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, अनुशासन, योग, और खेलभावना को बढ़ावा देना था। छात्रों ने विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से ऊर्जा, तालमेल और उत्कृष्ट प्रदर्शन की शानदार मिसाल पेश की। राष्ट्रीय गौरव की अनुभूति से ओतप्रोत स्वागत ड्रिल 'पेट्रियॉटिक पल्स' के माध्यम से कक्षा 3 के नन्हे विद्यार्थियों ने सभी को अभिभूत कर दिया।

**ओडीओपी व डिजिटलीकरण के समन्वय से नए व्यापारिक मॉडल के प्रादुर्भाव का गढ़ बना उत्तर प्रदेश**

# क्षमता व अवसरों की नई उड़ान को वैश्विक मंच दे रहा यूपी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2025 के माध्यम से उत्तर प्रदेश अपनी आर्थिक क्षमता व अवसरों की नई उड़ान को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर रहा है। 'लोकल टू ग्लोबल' की थीम पर केंद्रित इस मेले में उत्तर प्रदेश ने न केवल अपने पारंपरिक उत्पादों को आधुनिक स्वरूप में पेश किया, बल्कि नए स्टार्टअप, नवाचार व डिजिटल इको सिस्टम की ताकत को भी दुनिया के समक्ष सशक्त रूप से प्रदर्शित किया है।

योगी सरकार की 'एक जिला-एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना को इस आयोजन में सबसे बड़े फोकस के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिसके तहत 343 विशेष स्टॉल स्थापित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश से 2,750 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया है, जो मेले में राज्य की अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी में से एक है। इस प्रकार, भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2025 में उत्तर प्रदेश ने यह साबित किया है कि वह न सिर्फ अपनी पारंपरिक विरासत को वैश्विक पहचान दिला रहा है, बल्कि आधुनिक तकनीक, नवाचार और निवेशकों के साथ नए युग की आर्थिक क्रांति के नेतृत्व की दिशा में तेजी से अग्रसर है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि इस मेले में युवा उद्यमिता और महिला सशक्तीकरण को विशेष प्राथमिकता दी गई है। यूपी सरकार के सहयोग से 150 से अधिक युवा स्टार्ट-अप्स और महिला उद्यमियों को अपनी नवोन्मेषी पहल, डिज़ाइन और तकनीकी उत्पादों के प्रदर्शन का अवसर मिल रहा है। उनके लिए विशेष बिजनेस वर्कशॉप, नेटवर्किंग सेशन और निवेशक मंच आयोजित किए गए हैं, जहां वे प्रत्यक्ष तौर पर विदेशी व देशी खरीदारों से संवाद स्थापित कर रहे हैं।

**भविष्य की अर्थव्यवस्था के मजबूत रोडमैप की दिखी झलक**

सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सीएम योगी के कुशल मार्गदर्शन में विकसित हो रही राज्य की नई आर्थिक सोच इस मेले में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है, जहां पारंपरिक हस्तशिल्प को एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और डिजिटलीकरण से जोड़ने के प्रयासों को व्यापक सफलता मिली है। प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों की ग्राम से ग्लोबल बाजार तक पहुंच को सहज और सार्थक बनाया गया है, जिसका प्रमाण मेले में भी देखने को मिला है। मेले में कई विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के साथ बी2बी मीटिंग्स का आयोजन हो रहा है, जिनका उद्देश्य ओडीओपी सहित प्रदेश के उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देना है। महाराष्ट्र और राजस्थान के साथ साझेदार राज्य की भूमिका में भाग लेकर उत्तर प्रदेश ने इस भव्य आयोजन में खुद को वैश्विक व्यापार केंद्र तथा एक विश्वसनीय निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। साथ ही शिक्षा, कौशल विकास और रिसर्च एंड डेवलपमेंट को प्राथमिकता में रखते हुए नई परियोजनाओं, निवेश समझौतों तथा लॉजिस्टिक्स हब आधारित आर्थिक ढांचे को भविष्य की सतत विकास यात्रा के आधार के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

### एफएसडीए ने 1800 किलो मिलावटी पनीर पकड़ा

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में खाद्य सुरक्षा विभाग (एफएसडीए) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1800 किलो मिलावटी पनीर से लदा ट्रक पकड़ लिया। आगरा एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा के पास संदिग्ध लगने पर वाहन को हिरासत में लेकर जांच की गई, जिसमें पनीर की गुणवत्ता फेल हो गई। इसके बाद पूरे माल को जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने शुक्रवार रात एक बड़ी कार्रवाई में 1800 किलो मिलावटी पनीर बरामद किया है। हरियाणा नंबर यूपी 81 डीटी 9356 का यह ट्रक हसनपुर से पनीर लेकर बाराबंकी जिले के दरियाबाद की ओर जा रहा था। ट्रक चालक की पहचान दिलशाद के रूप में हुई है।

## बिना लाइसेंस श्वान चेकिंग अभियान में चार लोगों से 20000 जुर्माना वसूला

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** शहर में पालतू कुत्तों के लाइसेंस संबंधी नियमों को लेकर नगर निगम लखनऊ अब सख्त रुख अपनाए हुए है। इसी क्रम में शनिवार सुबह नगर निगम द्वारा जोन-7 अंतर्गत इंदिरानगर सहित कई क्षेत्रों में पालतू कुत्तों के लाइसेंस की चेकिंग के लिए विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर पशु कल्याण विभागीय की टीम द्वारा सुबह 6. 30 बजे प्रारंभ किया गया।

अभियान में प्रवर्तन दल, डॉग कैचिंग स्क्वाड एवं निगम कर्मी अभिनव भारती, फुरकान, शिवेक, रामकुमार, उपाध्याय आदि उपस्थित रहे। अभियान के दौरान बिना लाइसेंस श्वान पालने के मामले सामने आने पर 4 व्यक्तियों से कुल 20000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। जुर्माना जमा करने के साथ ही मौके पर ही 2 लाइसेंस भी जारी किए गए। अन्य दो लोगों के लाइसेंस एंटी रैबीज वैक्सीनेशन पूर्ण ना होने के कारण नहीं बनाया गया इसके अलावा एक देशी कुत्ते को अस्थाई रूप से जब्त किया गया, जिसे बाद में निर्धारित जुर्माना अदा करने पर छोड़ा गया। कुल मिलाकर 21200 रुपये नगर निगम कोष में जमा किए गए। कई लोग ऐसे मिले जिनका लाइसेंस तथा वैक्सीनेशन पूर्ण था। नगर निगम आंकड़ों के अनुसार लखनऊ नगर निगम क्षेत्र में लगभग 10,000 पालतू कुत्ते पंजीकृत या अपंजीकृत अवस्था में रह रहे हैं।

### एसआईआर की रफ्तार बढ़ाने के आदेश, डीएम ने बूथों का किया निरीक्षण

**लखनऊ ।** लखनऊ डीएम विशाख जी अय्यर ने शनिवार को मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र में कई बूथों का निरीक्षण कर एसआईआर (मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण) की प्रगति का जायजा लिया। बीएलओ की धीमी कार्यवाही पर नाराजगी जताते हुए काम में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। डीएम सबसे पहले मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के नवजीवन इंटर कॉलेज, गौरा पहुंचे। यहां निरीक्षण के दौरान मतदाता पुनरीक्षण कार्य की गति, बीएलओ द्वारा भरे जा रहे फॉर्म, रखे गए रजिस्टर और बूथ प्रबंधन सहित अनेक बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की। डीएम ने पाया कि कई स्थानों पर बीएलओ अपेक्षित गति से कार्य नहीं कर रहे हैं।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में युवा उत्सव पर यो यो हनी सिंह के गाने पर झूमे श्रोता

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** स्मृति उपवन में चल रहे माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सरोजिनी नगर डॉ0 राजेश्वर सिंह महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा ने सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 2025 में तीसरे दिन युवा उत्सव विधायक सरोजिनी नगर डॉ राजेश्वर सिंह के सौजन्य से मनाया गया। जिसमें लाइव शो अंतरराष्ट्रीय सिंगर



यो यो हनी सिंह ने आज ब्लू है पानी पानी ....पर श्रोताओं ने जमकर थिरके यो यो हनी सिंह... सॉन्ग पर श्रोता झूमते नजर आए। कार्यक्रम के अगले सोपान में यो यो हनी सिंह ने अंग्रेजी बीड़ दे..... सॉन्ग पर श्रोताओ को नचाया रीमिक्स सॉन्ग धीरे-धीरे से मेरी जिंदगी में आना... गाकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया ।

यह प्रस्तुति एक युवाओं के लिए प्रेरणा उत्साह मनोरंजन एवं युवा वर्ग के लिए अच्छी दिशा देने के लिए एक छोटा प्रयास किया गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह की सराहा और बधाई दी। इस अवसर पर महोत्सव समिति के रणवीर सिंह, रोली सिंह चौहान, मोनालिसा, मनोज सिंह चौहान, हेमू चौरसिया उपस्थित रहे।

# सपा संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक, देश के पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव के जन्म दिवस पर समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी रमेश सिंह रवि ने अपने शिविर कार्यालय फैजुल्लागंज लखनऊ पर निर्बल विकास जन कल्याण सेवा संस्थान के पदाधिकारी एवं सपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धेय नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए उनके जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए विचार-गोष्ठी का आयोजन कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि



दी। इस अवसर पर संस्थान के प्रदेश महासचिव एवं समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी रमेश सिंह रवि ने कहा कि नेताजी ने देश के करोड़ों, किसानों, मजदूरों, छात्रों, नौजवानों, महिलाओं, गरीबी, शोषितों वंचितों, पीडितों के हितों के लिए आजीवन सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष किया और संघर्षपूर्ण जीवन समाजवादी सिद्धांतों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भी समाजवादी आंदोलन को प्रेरणा है। हम सभी को एक जुट होकर उनके आदर्श एवं सिद्धांत पर चलने का संकल्प लेना होगा। तभी 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और समस्याओं का निराकरण कर सकते हैं।

इस मौके पर नंदकिशोर यादव, अमन सिंह, राजकुमार सोनकर, पुष्कर कश्यप, सुलेखा, ललित सिंह, खुशी पाल, मंजू शर्मा, कपिल सिंह रितिक सिंह, देश राज गौतम, कामता प्रसाद पाल आदि तमाम लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### 28 को लखनऊ आयेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, करेंगी विश्व एकता के लिए ध्यान योग का शुभारंभ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विश्व एकता एवं विश्वास के लिए ध्यान योग का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। राजयोग प्रशिक्षण केंद्र गुलजार उपवन सुलतानपुर रोड में 28 नवंबर को कार्यक्रम का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उद्घाटन करेंगी। संस्था की राधा दीदी ने बताया कि स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन सिद्धांत के माध्यम से शांतिपूर्ण विश्व की पुनर्स्थापना करने के लिए हम सभी प्रयासरत हैं। ब्रह्माकुमारी संस्था की स्थापना आध्यात्मिक अध्ययन और अभ्यास के माध्यम से जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए की गई है। सामाजिक तनाव, अविश्वास और वैश्विक चुनौतियों के बीच आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग ध्यान मानव मन को शांति, स्थिरता और नैतिक दिशा देते हैं। ब्रह्माकुमारीज वर्षों से इस क्षेत्र में निरंतर सेवाएं दे रही है। एकता से ही विश्वास आ सकता है। राष्ट्रपति वर्ष 2009 से इस संस्था के अनेकानेक कार्यक्रमों का हिस्सा बन चुकी हैं। यूपी में पहली बार संस्था के कार्यक्रम में आ रही हैं। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजयोगी मृत्युंजय भाई, राजयोगिनी संतोष दीदी सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि, राजयोग प्रशिक्षक व अनेक सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी हस्तियां शामिल होंगी।


## कार्यालयः- अधिशासी अभियन्ता जोन-3 जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1365/EE-3/GL-7/25-26 दिनांक-22/11/2025

**अल्प कालीन निविदा-सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 29/11/2025 को 3.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 29/11/2025 को समय 1.00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते हैं। भरी हुयी सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के मे 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सायं काल खोली जायेगी।

| क्र0स0 | कार्य/आपूर्ति का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Laying of 250 mm dia sewar line 50mtr from H.No 1/719 to H.No 1/693 Sec-J Jankipuram Lko | 8500 | 450 | 30 दिवस |
| 2 | Laying of 250 mm dia sewar line 50mtr from H.No 1/796 to H.No 1/715 Sec-J Jankipuram Lko | 8500 | 450 | 30 दिवस |
| 3 | Laying of 250 mm dia sewar line 50mtr from H.No 4/90 to H.No 4/106 Sec-J Jankipuram Lko | 8500 | 450 | 30 दिवस |
| 4 | Laying of 250 mm dia sewar line 50mtr from H.No 1/817 to H.No 1/833 Sec-J Jankipuram Lko | 8500 | 450 | 30 दिवस |

नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गई हैं, जिन्हें देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्यदिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**जोन-3 जलकल विभाग**
**नगर निगम**


**पहल** | **स्वच्छ टॉयलेट अभियान 2025 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए तैयारियां तेज**

# सुरक्षित मानकों के अनुसार स्वच्छता की जाए सुनिश्चित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** विश्व टॉयलेट दिवस के अवसर से शुरू हुए स्वच्छ टॉयलेट अभियान 2025 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए लखनऊ नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर आयुक्त गौरव कुमार लगातार कार्य कर रहे है।

इसी संबंध में नगर आयुक्त की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी एक माह से अधिक समय तक चलने वाली स्वच्छता गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में अपर नगर




आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्त, उप नगर आयुक्त रश्मि भारती सहित स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि अभियान को केवल औपचारिकता न मानकर इसे जनसहभागिता का व्यापक आंदोलन बनाया जाए, ताकि शहर के सभी सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों में स्थायी रूप से फेसेस कार्यात्मक, सुलभ, स्वच्छ, पर्यावरण और अनुकूल, और सुरक्षित मानकों के अनुसार स्वच्छता सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान शहर के येलो स्पॉट (जहाँ लोग खुले में पेशाब करते हैं) को चिन्हित कर वहाँ साफ-सफाई, सौन्दर्यीकरण किया जाएगा तथा उन्हें सेल्फी वॉल, 'नेकी की दीवार' आदि के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही नजदीकी शौचालयों की दूरी भी अंकित की जाएगी।2 से 6 दिसंबर के बीच मेरा शौचालय अभियान पेंट करें 2.0 के तहत स्वच्छ सारथी क्लब के सहयोग से शौचालयों की दीवारों पर पेंटिंग, संदेश, सौन्दर्यीकरण आदि गतिविधियाँ होंगी। इस अवधि में स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में क्लीन टॉयलेट अभियान भी चलाया जाएगा, जिसमें छात्रों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया जाएगा। इसके बाद 7 से 20 दिसंबर तक मैं यहाँ हूँ अभियान के तहत शौचालयों के जीर्णोद्धार, उन्नयन और मरम्मत का कार्य किया जाएगा।

**27 से 30 नवंबर तक चलेगा येलो स्पॉट परिवर्तन अभियान**

अभियान की शुरुआत 19 नवंबर 2025 को विश्व टॉयलेट दिवस से शुरू हो चुकी है। जिसके तहत शहर में स्वीकृत शौचालयों का भूमि पूजन शिलान्यास किया गया था। महापौर सुषमा खर्कवाल की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसके बाद से 20 से 26 नवंबर तक 75 घंटे –7500 टॉयलेट नामक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें शौचालयों की सफाई, निरीक्षण और फेसेस मानकों के अनुसार मूल्यांकन किया जा रहा है। अभियान के अगले चरण में 27 से 30 नवंबर तक येलो स्पॉट परिवर्तन अभियान चलाया जाएगा।

# सपाइयों ने मनाया स्व. मुलायम सिंह यादव का जन्मदिवस

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं संरक्षक रहे व गरीबों, किसानों, मजदूरों और हर समाज के दबे कुचले, बेसहारा, व्यापारियों और नौजवानों के मसीहा व समाजवादी चिंतन श्रद्धेय धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव (नेताजी) का जन्मदिन शाहजहांपुर के बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाया गया। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। इस मौके पर एक संगोष्ठी का आयोजन सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और श्रद्धेय धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव के विचारों पर चर्चा की गई। इस मौके पर सपा के जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि सपा के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव (नेताजी) को अपने छात्र जीवन से ही गरीब, बेसहारा किसानों, नौजवानों को इंसाफ दिलाने की तमन्ना थी उन्होंने हमेशा नेताजी के संघर्षों से उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने धरातल से उठकर बहुमत की समाजवादी सरकार बनने तक की सफलता प्राप्त की है और उत्तर प्रदेश में तीन बार मुख्यमंत्री व केंद्र में रक्षा मंत्री के महत्वपूर्ण पदों का उन्होंने जिम्मेदारी से निर्वहन किया। इस मौके




पर पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि मुलायम सिंह यादव नेता जी की जमीनी राजनीति से शीर्ष तक उन्होंने बडा मुकाम बनाया था। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा मुलायम सिंह यादव को उनके चाहने वाले उन्हें धरतीपुत्र, नेताजी, बाबूजी जैसे कई नाम से बुलाते है और उनके लिए सभी वर्गों के लोग दिल से चाहत रखते हैं। इस मौके पर सपा के जिला महासचिव रणजय सिंह यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सय्यद रिजवान अहमद, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, सपा नेता डॉक्टर दोदराम वर्मा, सपा नेता गोपाल अग्निहोत्री, सपा नेता लखन प्रताप सिंह, सपा नेत्री डॉक्टर सूचि कश्यप, सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव पार्थ यादव, सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल, सपा जिला सचिव राकेश विश्वकर्मा, हफीज अंसारी, छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, सपा लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष उत्पल यादव, महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव नाजिम फारुकी, मुलायम सिंह युद्ध ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद अजीम खान, सपा पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी, गुफरान खान, मानवेंद्र सिंह उर्फ मोनू, धर्मवीर फौजी, नीरज, तय्यब खान, सर्वेश यादव, महिला सभा की महानगर अध्यक्ष जफरीन, मोहम्मद जाकिर ओंकार सिंह यादव, अजय वर्मा, ताहिर हुसैन, अनूप कुमार वर्मा, तालिब मंसूरी, अनिल दास, अनस खान, रेखा, पार्वती सैनी, सावित्री, सुनील यादव, उदयवीर सिंह यादव, अखिलेश यादव, विदेश यादव, फरदीन खान, नीरज राणा, आयुष श्रीवास्तव, मोहम्मद आफाक, नावेद, यश मौर्य, अनिल कुमार भास्कर, बब्लू किशोर वाल्मीकि, तौसीफ हुसैन, बिलाल, ओंकार यादव, सैयद शकील मियां, रामनिवास यादव, विपिन यदुवंशी, गरिमा यादव, असलम खान, सर्वेश राठौर, आरिफ खान, दिनेश कुमार, रवि प्रकाश पांडे आदि मौजूद रहे।

## जमीन विवाद में 11 लोगों के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम मरजिद नगला निवासी साजिद ने जमीन सम्बन्धी विवाद के चलते अपने सगे भाई माजिद व हाजिद सहित परिवार के 11 सदस्यों के विरुद्ध घटना के 22वें दिन मारपीट और जान से मारने की धमकी दिए जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित साजिद पुत्र मुखीम निवासी ग्राम मरजिद नगला ने दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि बीती 29 अक्टूबर को सांय करीब तीन बजे उसके पडोसी माजिद व हाजिद पुत्रगण मुखीम, तहसीम, मुस्तकीम, शकील, रजीमा पत्नी माजिद, आसमीन पत्नी हाजिद, रीमा पत्नी सलामत व तहसीन मियां सहित 11 लोग लाठी डंडे लेकर उसे गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त सभी लोगों ने एकराय होकर उसकी पिटाई करने लगे। मारपीट और शोरशराबा सुनकर उसे बचाने आए उसके पुत्र नन्हें, लाला, पुत्रवधू कसीमा के साथ भी मारपीट कर चोटिल कर दिया। पीडित साजिद का कहना है कि जिस जमीन पर आरोपी कब्जा करना चाहते हैं,उसका मुकदमा सिविल जज न्यायालय जलालाबाद में विचाराधीन है।

## सड़क हादसे में अधेड़ की दर्दनाक मौत

**पुवायां, शाहजहांपुर।** नाहिल के पास सड़क हादसे में 53 वर्षीय मुनीष त्रिवेदी की मौत हो गई। जानकारी मिलने पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। थाना क्षेत्र के गांव नाहिल के रामनिवास त्रिवेदी के पुत्र मुनीश त्रिवेदी संजय नगर से पैदल अपने घर नाहिल आ रहे थे कि रास्ते में अज्ञात बाहन ने टक्कर मार दी। जिससे मुनीश की मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मुनीश की मौत से परिजनो का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

## खबरें एक नजर में

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खुटार, शाहजहांपुर।** कस्बे के बंडा रोड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को सप्तशक्ति संगम का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष मैंना देवी, कुमारी रोशनी वाल्मीकि, भाजपा मंडल संयोजक महिला मोर्चा खुटार एवं अभिभावकों ने संयुक्त रूप से मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद कुमारी रोशनी वाल्मीकि ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला और महिलाओं द्वारा समाज व देश में अग्रणी होकर समाज सेवा से लेकर देश सेवा के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी प्रज्ञा शुक्ला ने किया कार्यक्रम समापन में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मैना देवी ने आशीर्वचन में मातृशक्ति के निर्माण में अभूतपूर्व योगदान के बारे में विस्तार रूप से कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को बताया और उन्हें जागरूक भी किया। कुमारी पूजा सिंह ने कार्यक्रम में मौजूद सभी मातृशक्ति के ओर से कार्यक्रम में मौजूद 157 महिलाओं को भी जागरूक किया गया।

### श्रीराम की बाल लीला का प्रसंग सुन श्रोता हुये भाव विभोर



**तिलहर, शाहजहांपुर।** श्री नैमिष धाम के कथा व्यास गोविंदाचार्य महाराज ने भगवान श्रीराम कथा के चौथे दिन भगवान की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भव विभोर कर दिया। नगर के पूर्वी तिराहे के समीप हाइवे से सटे कथा एवं महायज्ञ स्थल पर चल रही श्री राम कथा में बाल लीला सुनते हुए कथा व्यास ने सुनाया राम ऊधम न मचाओ नजर तुम्हें लग जायेगी, दूर खेलन न जाओ नजर तुम्हें लग जायेगी। कथा व्यास के श्री मुख सेभगवान शंकर पार्वती और काक भुसंडी का भेष बदल दर्शन को जाना राजकुमारों का नाम करण और मां का दुलार प्रसंगों का मार्मिक वर्णन सुनकर श्रोताओं मंत्र मुग्ध हो गए। कथा के मध्य संगीतमय भजनों के प्रवाह ने भक्तों को सम्मोहित कर दिया। प्रातः कालीन सत्र में 21 दम्पतियों ने श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां दी। इस दौरान समिति सदस्य सभासद राधारमण मिश्रा, डॉ प्रमोद मिश्रा, पं अयोध्या प्रसाद शास्त्री, रजनीश मिश्रा, श्याम गर्ग, विवेक सक्सेना, संजय मिश्रा, नीरज शर्मा, सुचित पाठक, सोनू खन्ना, प्रेमनाथ, नीरज सिंह, शैलेंद्र मोहन मिश्रा, महेंद्र, खुशीराम, दयाराम, सुरेन्द्र गुप्ता, सुरेंद्र राठौर, राजीव मोहन, शिवम तिवारी, ईश्वर चंद अरोड़ा, अमुक सक्सेना पत्रकार आदि सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के स सैकड़ो श्रद्धालु शामिल रहे। प्रति दिन प्रातः 6 बजे कथा स्थल से प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

### खेल प्रतियोगिताओं में महारानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कालेज का बोलबाला

**पुवायां-शाहजहांपु।** विधानसभा स्तर पर विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। आयोजन में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। नगर के मोहम्मदी रोड स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज के निकट सूरबाबा मैदान में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें मुख्यातिथि विधायक चेतराम ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में कबड्डी, बैडमिंटन, लॉन्ग जंप, रेस, वॉलीबॉल, जैवलिन थ्रो आदि खेलो का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के विभिन्न स्कूलों से भारी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। नगर के महारानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज के 12 वी के छात्र यश कश्यप ने 100 मीटर दौड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 11 वी की छात्रा ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद प्रतियोगिता में 12 वी के छात्र अंश बाजपेई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही कबड्डी प्रतियोगिता में महारानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज ने ही बाजी मारी। खेल प्रतियोगिताओं में महारानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज का बोलबाला रहा। इस दौरान महारानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज के उपाध्यक्ष जय प्रकाश पाण्डेय, प्रधानाचार्य मोहित शर्मा, अवनीश शुक्ला, शिवम् सुमन, अंकित यादव, देवेश शर्मा आदि मौजूद रहे। अंत में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। महारानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज के उपाध्यक्ष जय प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि इन खेलों में प्रतिभागियों ने अपनी मेहनत एवं कौशल का प्रदर्शन करके अपने क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने प्रतिभागियों को भविष्य में और अधिक मेहनत और कठिन प्रयास करने हेतु प्रेरित किया, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। प्रतिभागियों से राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन का आह्वान किया।

### पहल फ्री एंबुलेंस सेवा में समाजसेवी नेहा का सहयोग



**शाहजहांपुर।** जनपद में असहाय और जरूरतमंद लोगों की दिन-रात मदद करने वाली समाजसेविका एवं मातृत्व सोशल वेलफेयर सोसायटी की डायरेक्टर नेहा सक्सेना ने पहल निःशुल्क एंबुलेंस सेवा को शुरू करने के लिए अपना सहयोग दिया है। पहल संस्था के संस्थापक अभिषेक डैनियल ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में हर जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर और निःशुल्क सहायता प्रदान की जा सके, इसी उद्देश्य से आज रविवार से पहल फूड बैंक द्वारा 24 घंटे फ्री एंबुलेंस सेवा शुरू करने जा रही है।

## पंचायत घर में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

- 12 घंटे बीतने के बाद भी नहीं दर्ज की रिपोर्ट




**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जल्लापुर के गांव नगरिया खुर्द में गुरुवार की रात चोरी हो गई। तिलहर दातागंज स्टेट हाईवे के किनारे बने पंचायत घर के ताले चोरों नें काट दिए और अंदर रखा इनवर्टर व दो बैटरा चोरी कर ले गए। चोरी की सूचना थाने पर दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। नगरिया खुर्द के प्रधान पति राजवीर सिंह ने बताया स्टेट हाईवे के किनारे पंचायत घर बना है। गुरुवार की रात किसी समय अज्ञात चोरों ने पंचायत घर के दरवाजे पर लगे ताले आरी जैसी किसी वस्तु से काट दिए। चोर कमरे में रखा इनवर्टर और दो बैटरा चोरी कर लें गए। शुक्रवार को ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी हुई। मौके पर जाकर देखा तो ताले टूटे हुए जमीन पर पडे थे। नवादा मोड़ चैकी प्रभारी इतेश तोमर ने बताया चोरी की घटना की जानकारी मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## पशुपतिनाथ के दर्शन कर श्रद्धालुओं का जत्था लौटा

**रोजा-शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के आदर्श नगर कॉलोनी, चर्च कॉलोनी, सुभाष नगर कॉलोनी निवासी हथोडा बुजुर्ग निवासी सहित 10 सदस्य दल पशुपतिनाथ के दर्शन करने विदेश नेपाल से वापस लौटा है। सभी भक्त रोजा जंक्शन से सत्याग्रह एक्सप्रेस से रक्सौल पहुंचे। रक्सौल से बस द्वारा पशुपतिनाथ के दर्शन किए। पशुपतिनाथ के दर्शन करने के बाद टैक्सी से मुक्तिनाथ दर्शन करने पहुंचे। नेपाल की हरी भरी प्रगति के दर्शन किए और झरनों का लुफ्त उठाया। पशुपतिनाथ के दर्शन करके आशीर्वाद लिया और मुक्तिनाथ के दर्शन कर विष्णु भगवान का आशीर्वाद लिया। ऊंचे ऊंचे पहाड, झरने गुफाएं आदि के दर्शन कर मंगलवार रात वापस आए। सभी भक्तों ने तीर्थ यात्रा का आनंद उठाया और विदेशी व्यंजन का स्वाद लिया और खरीदारी की। मंगलवार रात ट्रेन से सफर कर वापसी की। इस अवसर पर पंकज तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा, राम प्रकाश वर्मा, रामनिवास, अजीत कुमार, महेंद्र कुमार, शिव वर्मा, बीना देवी, प्रिया वर्मा, मिथिलेश कुमारी आदि भक्त लोग थे।




## सावधानी से चलेंगे, तो हर बार मुस्कुराते हुए घर पहुंचेंगे: एसपी

- ट्रैफिक अवेयरनेस सिग्नेचर अभियान का एसपी ने किया शुभारंभ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



यातायात माह नवम्बर के तहत खिरनीबाग चैराहे पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा ट्रैफिक अवेयरनेस सिग्नेचर अभियान का शुभारम्भ किया गया। यातायात माह नवम्बर के 22 नंवबर को पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत खिरनीबाग चैराहे पर यातायात जागरूकता बोर्ड स्थापित कर 'ट्रैफिक अवेयरनेस सिग्नेचर अभियान का शुभारम्भ किया गया। एसपी द्वारा जनमानस को प्रेरित किया गया कि वे सुरक्षित यातायात के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाएँ। इसके उपरांत दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों, राहगीरों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा उत्साहपूर्वक हस्ताक्षर कर यह संकल्प लिया कि हम सभी जीवन की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन करेंगे तथा दूसरों को भी जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा एक हस्ताक्षर केवल स्याही का निशान नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का संकल्प है। सडक सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। हेलमेट, सीटबेल्ट, नियंत्रित गति, संयमित ड्राइविंग और नशामुक्त वाहन संचालन ही सुरक्षित यात्रा की नींव है। पुलिस अधीक्षक ने लोगों को हेलमेट व सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग एवं मोबाइल उपयोग से होने वाली दुर्घटनाओं, तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की गंभीरता के बारे में जागरूक किया। क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रभारी यातायात एवं यातायात पुलिस टीम द्वारा मार्ग सुरक्षा संबंधी परामर्श, हेलमेट, सीटबेल्ट जागरूकता, वाहन चेकिंग तथा सडक सुरक्षा संबंधी सुझाव दिए गए। ट्रैफिक नियम बोझ नहीं, परिवार की मुस्कान तक सुरक्षित पहुँचने का वचन हैं। सावधानी से चलेंगे, तो हर बार मुस्कुराते हुए घर पहुँचेंगे।

## प्रसूता मौत प्रकरण में एडीएम वित्त ने खंगाले मेडिकल कॉलेज के सीसीटीवी

- डीएम से शिकायत के बाद दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में बीते दिनों राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रसव के दौरान हुई प्रसूता मौत के बाद परिजनों की शिकायत पर एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचकर गहनता से जांच पड़ताल कर साक्ष्य जुटाए। एडीएम ने मेडिकल कॉलेज में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तैनात कार्मिकों से बयान दर्ज किए। बता दे कि बीती 18 नवम्बर को हुसैनपुरा निवासी पत्रकार कमल रावत ने डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह को दिए शिकायती पत्र में बताया था कि बीती 16 नवम्बर को बेटी प्रियंका को डिलीट के लिए मेडिकल कालेज भर्ती कराया गया था, डाक्टर मुकेश ने कहा कि डिलीवरी नार्मल हो जाएगी, रात में तबीयत बिगड़ने पर बोले कि आपरेशन होगा और वह यहां होता नहीं है, बाहर प्राइवेट अस्पताल में ले जाओ, जब प्रिंसिपल राजेश कुमार से बात की तो उन्होंने मेडिकल कॉलेज में ही आपरेशन कराने की बात कही। डाक्टर मुकेश ने कहा कि उनकी बात डाक्टर आसना से हो गई है, कुछ दवा लिखी और कहा बाहर से ले आओ जाकर, और ब्लड की व्यवस्था करो। दवा लगते ही बेटी प्रियंका की ब्लीडिंग शुरू हो गई, लेकिन डाक्टर आसना टालती रही, पीडित ने पत्र में आरोप लगाया कि पत्रकार की वजह से पैसे न मिल पाने से डाक्टरों की लापरवाही से मेरी बेटी की जान चली गई है। पीड़ित ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही की मांग उठाई। एडीएम व सीएमओ ने मेडिकल कॉलेज जाकर जांच पड़ताल कर रिपोर्ट तैयार कर ली है। एडीएम द्वारा निरीक्षण कर लिए गये साक्ष्यों के बाद मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों में हड़कंप मच गया है। एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने बताया कि तीन दिन संबधितों से स्पष्टीकरण मांगा गया है, जल्द रिपोर्ट डीएम को सौंपी जाएगी।

## श्रीगुरु तेग बहादुर के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**शाहजहांपुर।** लायन क्लब शक्ति शाहजहांपुर ने गुरुनानक पाठशाला कन्या हाईस्कूल में श्रीगुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस के उपलक्ष में श्रीगुरु तेग बहादुर के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। लायंस क्लब शक्ति अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने बताया की गुरु नानक पाठशाला कन्या हाई स्कूल में सबसे पहले बच्चों और शिक्षिकाओं द्वारा सबद तथा कविता का गायन गया इसके बाद विद्यालय की प्रधानाचार्या ने श्रीगुरु तेग बहादुर के जीवन पर प्रकाश डाला। लायन ललिता यादव ने कहा कि ऐसे महापुरुष हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है उनका जीवन हमें संदेश देता है कि कठिन परिस्थितियों में भी अपने धर्म स्वतंत्रता और अधिकारों के लिए दृढ़ता



और साहस के साथ खड़ा रहना चाहिए और उनका मुकाबला करना चाहिए। प्रश्न पूछे प्रतियोगिता में लगभग 200 बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें सही जवाब देने वाले 50 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या हरमीत कौर ,लायन ललिता यादव, वैश्य समाज की अध्यक्ष रजनी गुप्ता, ज्योति गुप्ता समेत आदि शिक्षिकाएं और बच्चे मौजूद रहे।

## एसपी ने किया सिंधौली में बाल गृह का शुभारंभ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना सिंधौली में बाल मित्र केंद्र, शिशु गृह' का पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा उद्घाटन किया गया। ड्यूटीरत महिला पुलिसकर्मियों व आगन्तुक गण के बच्चों के लिए सुरक्षित, सौहार्दपूर्ण एवं संवेदनशील वातावरण की दिशा में यह पहल की गई। थाना सिंधौली में पुलिस अधीक्षक द्वारा बाल मित्र केंद्र शिशु गृह' का विधिवत एवं गरिमामयी शुभारम्भ किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे, पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत, क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव, क्षेत्राधिकारी पुवायां प्रवीण मलिक, क्षेत्राधिकारी यातायात एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय सहित थाना सिंधौली के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। बाल मित्र केंद्र शिशु गृह बच्चों के लिए सुरक्षित, संवेदनशील और सकारात्मक वातावरण की पहल थाने में स्थापित 'बाल मित्र केंद्र, शिशु गृह' का उद्देश्य, ड्यूटीरत महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों एवं थाने पर आने वाले अगन्तुकगण के बच्चों के लिए भयमुक्त, सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण प्रदान



करना है। किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के अनुरूप सहानुभूतिपूर्ण प्रक्रिया सुनिश्चित करना हैं। पुलिस अधीक्षक ने उद्घाटन के पश्चात संबंधित को निर्देशित किया गया कि बाल मित्र केंद्र, शिशु गृह पूर्ण सहानुभूति, संवेदनशीलता और सम्मानपूर्ण व्यवहार के साथ संचालित किया जाए। यह केंद्र पुलिस-जन विश्वास व सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य की अवधारणा को और मजबूत करेगा।

## 291 लाभर्थियों को नोटिस जारी, पीएम आवास निर्माण न कराने पर एक्शन

**शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत जनप में जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडाद्वारा वर्ष 2017 से 2025 के मध्य पात्र लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए प्रथम किश्त की धनराशि 50,000 जारी की गयी थी, जिसके सापेक्ष लाभार्थियों द्वारा कोई भी निर्माण कार्य प्रारम्भ नही कराया गया है। जानकारी देते हुए नगर आयुक्त एवं परियोजना निदेशक ने बताया कि नगर निकाय में 116,नगर पालिका परिषद तिलहर 12, नगर पालिका परिषद जलालाबाद 5, नगर पालिका परिषद पुवायां 25, नगर पंचायत कलान 27, नगर पंचायत कांट 5, नगर पंचायत कटरा 27,नगर पंचायत खुदागंज 29,नगर पंचायत खुटार 22, नगर पंचायत निगोही 1,नगर पंचायत बण्डा 13 कुल 291 लाभार्थियों के शामिल है, जिन्होंने आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया है। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक 20 अगस्त को नोटिस निर्गत कराते हुये आवश्यक कार्यवाही किये जाने को निर्देशित भी किया जा चुका है, उन सभी लाभार्थियों को दो-बार नोटिस भी जारी की जा चुकी है तथा अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए तीसरा नोटिस जारी किया गया है। इसके पश्चात भी यदि लाभार्थियों द्वारा निर्माण कार्य प्रारम्भ नही कराया, तो लाभार्थियों के खिलाफ आरसी जारी कराते हुये राजस्व विभाग की मदद से धनराशि वसूली की कार्यवाही की जायेगी।

## गुरुकुल की हीरक जयंती पर गुजरात के चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निर्मित 239वें छात्रावास का हुआ उद्घाटन

- पुण्य या नाम कमाने के लिए नहीं बल्कि मानव जीवन का ऋण उतारने के लिए उठाया यह कदम: केशुभाई गोटी
- रुद्रपुर गुरुकुल महा विद्यालय में मनी हीरक जयंती
- दो ब्रह्मचारियों ने बैक फ्लिप में बनाया विश्व कीर्तिमान

**तिलहर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ सत्यदेव शास्त्री द्वारा स्थापित गुरुकुल विद्यालय की हीरक जयंती के अवसर पर गुजरात सूरत के मातुश्री काशीबा हरिभाई गोटी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बनवाए गए बालक छात्रावास का ट्रस्ट के अध्यक्ष केशुभाई हरिभाई गोटी व विक्रमभाई बजाज ने गणमान्यों व गुरुकुल परिवार के सानिध्य में फीता काटकर तथा शिलापट अनावरण का लोकार्पण किया। गुरुकुल महाविद्यालय प्रांगण में ट्रस्ट की ओर से यह 239 वां सरस्वती धाम (छात्रावास) बनवाया गया है । यह जानकारी गुजरात सूरत से आए मुख्य अतिथि ट्रस्ट के अध्यक्ष केशुभाई ने मंच से साझा करते हुए कहा कि ट्रस्ट ने 351 सरस्वती धाम (छात्रावास)। बनवाने का निर्णय लिया है। जो दूर दराज के दुर्गम, नक्सली, पहाड़ी तथा वन क्षेत्रों में शिक्षा क्षेत्र में बढ़वा देने के लिए कदम बढ़ाया है ।





ट्रस्ट ने गुजरात राज्य में ही 15 जून 2014 को पहले सरस्वती धाम का लोकार्पण कर शुरुआत की थी । ट्रस्ट में गुजरात के ही 327 लोग जुड़े हैं । उन्होंने कहा कि यह कार्य वह कोई पुण्य कमाने अथवा नाम के लिए नहीं बल्कि मानव जन्म मिलने का ऋण भर उतारने के लिए कर रहे हैं। ट्रस्ट में बेहतर सहभागिता निभाने वाले वाइब्रेंट इन कारपोरेशन एलएलपी मुंबई से पधारे टेक्सटाइल जगत के बड़े उद्योग पति विक्रमभाई लालचंद भाई बजाज ने रुद्रपुर गुरुकुल में विधायक सलोना कुशवाहा, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन अशोक अग्रवाल, विनोबा भावे आश्रम के व्यवस्थापक रमेश भाई, विमला वहन, लखनऊ से पधारे जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर समेत विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्यों, गुरुकुल अध्यक्ष ओमशंकर आर्य व गुरुकुल परिवार के सानिध्य में 239 वें छात्रावास का फीता काटकर अनावरण किया।

इस मौके चमचारियों द्वारा प्रस्तुत किए कार्य विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही 12 घंटे में 1111से अधिक बैक फ्लिप कर विश्व कीर्तिमान बनाने वाले गुरुकुल के ब्रह्मचारी व प्रशिक्षक उत्तम आर्य 23 व ब्रह्मचारी सूरज आर्य 13 को वार्ड रिकॉर्ड के एशिया प्रमुख दिल्ली से पधारे मनीष विश्नोई ने प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में केशूभाई गोटी, विक्रमभाई बजाज, अशोक अग्रवाल, सलोना कुशवाहा समेत विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे गणमान्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में व्यवस्थापक प्रणव आर्य, प्राचार्या धारणा आर्य, डॉ श्रद्धा आर्या, डॉ श्रेष्ठा आर्या, आर्य चंदन मित्र, उत्तम आर्य, सचिन आर्य, अभय सिंह आर्य, ज्योति आर्य समेत तमाम लोग शामिल रहे।

# हाइवे पर पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा चालक व बेटे की दर्दनाक मौत

- बेटी के रिश्ते के लिए मंदिर में दिखवाने जाने के दौरान हुआ हादसा
- बेटी व बहू भी गम्भीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

**तिलहर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बेटी के रिश्ते के लिए मंदिर में दिखाने अपने ही ई रिक्शा से जाने के दौरान हाइवे पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से रिक्शा दूर जा पलटा। इससे ई रिक्शा चालक पिता व उसके नाबालिग बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बेटी और पुत्र बधू गम्भीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पिता पुत्र की मौत से घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव धनेला निवासी सुरेश वर्मा ई रिक्शा चालाकर परिवार का गुजारा करते थे। शनिवार को सुरेश अपनी बेटी दुर्गा देवी 19 के रिश्ते के चलते तिलहर एक मंदिर में वर पक्ष को दिखाने बेटे विनोद की पत्नी सुमन 28 , छोटे बेटे गोपी 15 के साथ अपने ही ई रिक्शे से जा रहे थे। इसी दौरान हाइवे पर गोविंद राइस मिल के सामने तेज रफ्तार पिकअप ने ई रिक्शे में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा दूर तक घिसटते हुए पलट गया। दुर्घटना में सुरेश व बेटे गोपी की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दुर्गा व उसकी भाभी सुमन गम्भीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया। जहां से दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस मनहूस खबर के पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी सावित्री की रो-रो कर आंखे पथरा गईं। मृतक के दो बेटे राजस्थान में मजदूरी करते हैं। उन्हें खबर दे दी गई है। पुलिस ने शवों को सील कर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। इस घटना से गांव धनेला में हर शख्स की आंख नम हो गई।

## एसआईआरः घर-घर पहुंच रहे बीएलओ

**शाहजहांपुर।** जनपद में चल रहे एसआईआर कार्यक्रम के तहत बीएलओ घर-घर जाकर दो प्रतियों में फॉर्म वितरित कर रहे हैं, जिन्हें मतदाताओं को 4 दिसंबर तक भरकर जमा करना अनिवार्य है। फॉर्म में नाम, पता, जन्मतिथि आदि भरने हैं, और दस्तावेज जरूरी नहीं। उक्त फॉर्म चार दिसंबर तक भरकर मतदाताओं को बीएलओ के पास जमा करना है। फॉर्म में नाम, पता, माता-पिता का नाम, मोबाइल नंबर, आधार नंबर और ईपीआईसी संख्या भरना है। फॉर्म के साथ कोई भी अभिलेख जमा करना आवश्यक नहीं है। एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि एसआईआर के तहत बांटे जा रहे फॉर्म में सभी महत्वपूर्ण कॉलम को साफ शब्दों में भरना हैं। गणना पत्रक में सबसे ऊपर मतदाता का नाम, ईपीआईसी संख्या व पता छपा है। उसके नीचे सबसे पहले मतदाता को अपनी जन्मतिथि, आधार संख्या, माता-पिता या अभिभावक का नाम भरना है। मतदाता विवाहित है तो पति या पत्नी का नाम भी भरना होगा।

# पुनरीक्षण कार्यक्रम में लालपुर पहुंचे वित्तमंत्री, फॉर्म भरवाए

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बूथ संख्या 318 आवास विकास कॉलोनी में शनिवार को एसआईआर पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने पार्षद सिद्धार्थ शुक्ला के साथ पहुंचकर क्षेत्रवासियों के विभिन्न आवेदन भरवाए और उनकी समस्याएं सुनीं। सभी को एक प्रति आवेदन पत्र के ज़रिए मंत्री के द्वारा सरल तरीक़े से आवेदन पत्र भरने को समझाया गया। साथ ही लोगों ने अपने आवेदन दिए। मंत्री ने सभी प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिए। पार्षद सिद्धार्थ शुक्ला ने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र नागरिक शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। इस अवसर पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मतदाता सूची पुनरीक्षण में सभी नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि यह आपका अधिकार और शक्ति दोनों है। साथ ही उन्होंने विशेष रूप से यह भी स्पष्ट किया कि वोट बनवाने के लिए यदि परिवार में किसी एक सदस्य, चाहे माता-पिता, नाना-नानी या सास-ससुर—का ईपिक नंबर 2003 से दर्ज है, तो उसे भी फॉर्म में लगाना अनिवार्य है।

# पुरस्कार वितरण के साथ स्पोर्ट्स एक्स्ट्रावेगेंजा का हुआ समापन

- सेंटमेरी स्कूल में वीनस हाउस प्रथम तथा नेपच्यून हाउस रहा द्वितीय

**तिलहर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सेंट मेरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्पोर्ट्स एक्स्ट्रावेगेंजा का विभिन्न प्रतियोगिता में विजई प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया ।

शनिवार को सुबह से शुरू हुई विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के बाद विजई प्रतिभागी टीमों व एकल बच्चों को मैनेजर फादर लाइजू एंटनी व प्रिंसिपल, सिस्टर अविला ने पुरस्कार वितरित किए। समारोह में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय में इंटर हाउस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें वीनस हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और नेपच्यून हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों ने 1600 मीटर की मैराथन दौड़ सहित विभिन्न खेलों में भाग लिया, जिसमें उन्होंने अपनी गति और धैर्य का प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल सिस्टर अविला ने कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्रों को अपने कौशल को विकसित करने और टीम वर्क का महत्व समझने में मदद मिलती है। समारोह का समापन भव्य परेड के साथ हुआ। जिसमें छात्रों ने मार्च पास्ट किया और अपने हाउस के झंडे को सलामी दी। इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने तालियां बजाकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

# उखड़ी सड़क खोल रही गड्ढा मुक्त अभियान की पोल

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



वर्षों से उखड़ी सड़क का अधिकारियों के द्वारा कोई ध्यान न देने पर सीएम योगी की गड्ढा मुक्त सड़क योजना की पोल खोल रही है। क्षेत्रीय लोगों द्वारा मांग के बावजूद कोई ध्यान न दिए जाने पर लोगों ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। ब्लाक बंडा के गांव अल्हादादपुर निवासी प्रदीप वर्मा ने बताया कि गांव कंधरपुर मझगई मोड़ से जमुनिया नवदिया तक जाने वाली लगभग चार किलोमीटर लंबी सड़क है जो कई वर्ष पूर्व बनाई गयी थी, जो पूरी तरह उखड़ चुकी है। स्थानीय लोगों ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी वर्षों से उनकी समस्या को अनदेखा कर रहे हैं। न निरीक्षण होता है और न ही मरम्मत का कोई आश्वासन दिया जाता है। प्रदीप वर्मा ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर सड़क निर्माण की मांग की है। वहीं क्षेत्र के लोगों सहित रामेश्वर दयाल, बालगोविंद, रामू सक्सेना, राजपाल वर्मा, प्रमोद कुमार, धर्मपाल वर्मा, रछपाल वर्मा, सुनील श्रीवास्तव आदि ने सड़क बनवाये जाने की मांग करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों की समस्या का ध्यान रखते हुए त्वरित सड़क निर्माण कराया जाना चाहिए।

## प्रायोगात्मक प्रतियोगिता का आयोजन 24 को

**शाहजहांपुर।** भारत कौशल प्रतियोगिता 2025 के लिए जनपद के जिन युवाओं ने पंजीकरण किया था, उन युवाओं हेतु 24 नवम्बर सोमवार सुबह 11 बजे से जनपद स्तरीय भारत कौशल प्रतियोगिता के प्रथम चरण की लिखित एवं प्रायोगात्मक प्रतियोगिता का आयोजन, आईटीआई रौजा में किया जाएगा।

## श्रीगुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस अवकाश में बदलाव



**शाहजहांपुर।** श्रीगुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर 24 नवम्बर सोमवार को कार्यकारी आदेश के अन्तर्गत घोषित अवकाश के स्थान पर 25 नवम्बर मंगलवार किए जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उपरोक्त के क्रम में श्री गुरू तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर कार्यकारी आदेश के 25 नवम्बर मंगलवार को जनपद में अवकाश घोषित किया गया है।

# थाना दिवस में सुनी गईं शिकायतें, अधिकारियों ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

- खुदागंज थाने में एएसपी ग्रामीण व सीओ ने की संयुक्त जनसुनवाई

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




थाना खुदागंज में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस पर लोगों की समस्याएं सुनने के लिए प्रशासन और पुलिस दोनों सक्रिय नजर आए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आयोजित इस जनसुनवाई में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे और क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव ने मौके पर पहुंचकर फरियादियों की शिकायतें सुनीं और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, आपसी झगड़े, पारिवारिक तनाव, राजस्व से जुड़े मामलों और अन्य शिकायतों को विस्तार से सुना गया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत पर समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी फरियादी को निराश होकर लौटना न पड़े। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के कर्मचारियों को चेताया कि समाधान दिवस पर आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। फरियादियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में थाना प्रभारी खुदागंज, राजस्व विभाग के अधिकारी और पुलिस बल मौजूद रहे।

# कोई भी अधिकारी-कर्मचारी बिना डीएम की पूर्वानुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेगाः डीएम

- प्रपत्रों को प्राप्त करने व डिजिटाइज किये जाने की तिथियां निर्धारित

**शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम ने जानकारी देते हुए बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य गतिमान है, जिसके अन्तर्गत बूथ लेविल अधिकारी द्वारा मतदाताओं को गणना प्रपत्रों के वितरण, उनको वापस प्राप्त किये जाने तथा प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह कार्य दिनांक 4 दिसंबर 2025 तक पूर्ण किया जाना है। मतदाताओं के भरे हुए गणना प्रपत्रों को प्राप्त किये जाने तथा उनको बीएलओ एप पर डिजिटाइज किये जाने के लिए निम्न तिथियों को विशेष अभियान के रूप में निर्धारित किया गया है। 23 नवंबर (रविवार), 24 नवंबर (सोमवार),25 नवंबर (मंगलवार) को उपरोक्तानुसार विशेष अभियान की तिथियों में प्रत्येक बीएलओ अपने आवंटित मतदेय स्थल के मतदाताओं से भरे हुए गणना प्रपत्रों को प्राप्त कर उनके डिजिटाइजेशन का कार्य करेगा तथा सुपरवाइजर्स द्वारा बीएलओ के कार्यों का पर्यवेक्षण किया जायेगा। इसके साथ ही बीएलओ के सहायतार्थ अन्य विभागों के नामित किए गए अतिरिक्त कर्मचारियों तथा नामित किए गए नोडल आफिसर्स द्वारा भी इन विशेष अभियान की तिथियों में उक्त कार्य सम्पन्न कराये जायेंगे। अतः उक्त विशेष अभियान को दृष्टिगत रखते हुए बीएलओ, सुपरवाइजर, बीएलओ के सहायतार्थ नियुक्त कार्मिकों तथा अन्य नामित अधिकारियों के साथ-साथ जनपद का कोई भी अधिकारी व कर्मचारी बिना जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम की पूर्वानुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेगा।

## गढ़िया रंगीन के हजरतपुर रोड पर दर्दनाक हादसा

# ट्रैक्टर की टक्कर से मासूम का पैर कटा, मां की हालत गंभीर

**जैतीपुर- शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के हजरतपुर रोड पर शुक्रवार शाम गांव रामपुर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार दंपति और उनका मासूम बच्चा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में लगभग 5 महीने के मासूम बच्चे का पैर कट गया, जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं बच्चे की मां बुरी तरह से घायल गई।

जानकारी के अनुसार थाना कटरा के गांव सिउरा निवासी शिवकुमार अपनी पत्नी और बच्चे के साथ हजरतपुर की ओर जा रहे थे। अचानक पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। टक्कर लगने से शिव कुमार को मामूली चोटे आए वहीं पीछे बैठी उसकी पत्नी व मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया बच्चे का पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। वहीं उसकी मां को गंभीर चोटें आई। शिवकुमार दोनों को गंभीर हालत में प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए शाहजहांपुर अस्पताल लें गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर और बाइक को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है।

# आवारा कुत्तों से आमजन परेशान, गली-कूचों में घूमते झुंड हो रहे हमलावर

**शाहजहांपुर।** शहर की गलियों में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। कहीं राहगीरों को काटने की घटनाएँ सामने आ रही हैं तो कहीं बच्चों और बुजुर्गों को कुत्तों के झुंड दौड़ाते दिखाई दे रहे हैं। हाल यह है कि मोहल्लों, कॉलोनियों और बाजारों में लोग सुबह-शाम निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर निगम की लापरवाही के कारण आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। न तो इनका समय से टीकाकरण हो रहा है और न ही इनको पकड़ने की कोई प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इससे कुत्तों के झुंड और ज़्यादा आक्रामक होते जा रहे हैं। मोहल्ले वालों ने बताया कि कई बार शिकायतें की गईं। लेकिन निगम की ओर से कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिला। कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ने से लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। शहरवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने, टीकाकरण कराने और उनकी संख्या नियंत्रित करने के लिए तत्काल विशेष अभियान चलाया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। फिलहाल आवारा कुत्तों का बढ़ता खतरा शहर की सबसे गंभीर समस्याओं में से एक बन चुका है और इसके समाधान के लिए नगर निगम की सक्रियता ज़रूरी है।

# बायोमेट्रिक-फेस एन्थेटिकेशन कर वर-वधू सामूहिक विवाह में होंगे शामिलः सीडीओ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



यूपी के शाहजहांपुर में कल रविवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन जिला प्रशासन व समाज कल्याण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। जोकि ओसीएफ रामलीला मैदान में सुबह 11 बजे से विवाह कार्यक्रम शुरू होगा। एक साथ 200 जोड़ों का होगा विवाह।शहर विधानसभा के अंतर्गत नगर क्षेत्र व भावलखेड़ा के पात्रों जोड़ों की सूची फाइनल। पंडाल सजकर तैयार, बारातियों के लिए बनाए जा रहे भिन्न भिन्न प्रकार के पाकवान।सीडीओ डा.अपराजिता सिंह ने तैयारियां की समीक्षा, अधीनस्थों को निर्देश दिए है।वित्त मंत्री सुरेश खन्ना,सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर व प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप समेत अन्य जनप्रतिनिधि आमंत्रित किए गए हैं। इस बार पारदर्शिता के लिए एक शासन की ओर से बायोमेट्रिक-फेस एन्थेटिकेशन कर वर-वधू सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हो सकेगे।इसके लिए भी चार काउंटर लगाए गए हैं। सरकार द्वारा इस बार एक लाख रुपए सामूहिक विवाह समारोह पर प्रत्येक जोड़े पर खर्च किए जा रहे हैं। जिला स्तरीय अधिकारियों ने विवाह स्थल पर चल रही तैयारियों का निरीक्षण कर अवलोकन किया है।

# ओवरलोड तेज रफ्तार टैक्टर ट्राली पलटी, बड़ा हादसा टला

**सिंधौली, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।**



हाईवे पर शनिवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब गेहूं से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली लधौली मोड़ के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक धर्मपाल बाल-बाल बच गए, जिससे मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।जानकारी के अनुसार जनपद पूरनपुर के कड़ेचौरा गांव निवासी चालक धर्मपाल सुबह लगभग 8 बजे पूरनपुर से गेहूं भरकर रोजा जंक्शन, शाहजहांपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह सिधौली क्षेत्र के लधौली गांव के सामने पहुंचा, ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया। चालक के नियंत्रण करने से पहले ही गेहूं भरी ट्रैक्टर ट्रॉली असंतुलित होकर सड़क पर पलट गई। जोरदार धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े और चालक को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की। धर्मपाल ने बताया कि सड़क पर अचानक ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया, जिससे यह हादसा हो गया। हालांकि वाहन को मामुली नुकसान पहुंचा है, लेकिन किसी प्रकार की जनहानि न होने से बड़ी राहत रही।

# नगर निगम की उपेक्षा से बदहाल हुए सौंदर्यीकरण स्थल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




कभी शहर की पहचान रहे सेल्फी प्वाइंट आज उपेक्षा की धूल में दबे पड़े हैं। नगर निगम द्वारा नए प्रोजेक्ट्स की झड़ी तो लगा दी गई है, लेकिन पहले से तैयार किए गए सौंदर्यीकरण स्थलों का रखरखाव रामभरोसे छोड़ दिया गया है। परिणामस्वरूप कचहरी चौराहा, कचहरी पुल और गर्रा चौकी के पास बना स्वामी विवेकानंद तिराहा आज बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है। इन स्थलों पर लगी कलात्मक संरचनाएं जर्जर हो चुकी हैं कहीं पेंट उखड़ गया है, कहीं बिजली की लाइटें बंद पड़ी हैं और कहीं लोहे के हिस्से टूटकर लटक रहे हैं। शहरवासी सवाल उठा रहे हैं कि जब नए सौंदर्यीकरण कार्य शुरू किए जा रहे हैं, तो पुराने प्रोजेक्ट्स को अनदेखा क्यों किया जा रहा है?

नगर निगम की नई तितली परियोजना इन दिनों शहर में चर्चा का विषय बनी है। तितली की विशाल संरचनाएं विभिन्न चौराहों पर लगाई जा रही हैं लेकिन इसका प्रभाव यह हुआ है कि पुराने सेल्फी प्वाइंट पूरी तरह हाशिए पर चले गए हैं। लोगों का कहना है कि नए आकर्षणों की होड़ में नगर निगम भूल रहा है कि ये पुराने प्वाइंट ही शहर की पहली पहचान थे। तितली परियोजना के बजट और खर्च के विवरण को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कई बार जानकारी मांगे जाने के बावजूद न नगर आयुक्त और न ही रोशनी गोदाम के बाबू की ओर से कोई स्पष्ट जवाब दिया गया है। इससे आमजन में आशंका और बढ़ गई है आखिर तितली परियोजना का बजट इतना गोपनीय क्यों रखा जा रहा है। शहरवासी कहते हैं कि नए प्रोजेक्ट स्वागत योग्य हैं, पर शहर की असली खूबसूरती तभी निखरेगी जब पहले से बने हुए सौंदर्यीकरण स्थलों को भी संवारने पर समान ध्यान दिया जाए। तितली उड़ने से पहले शहर की पहचान बने सेल्फी प्वाइंट की मरम्मत ज़रूरी है।

## चाइनीज मांझे से युवक की गर्दन कटी, घायल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** प्रतिबंध के बावजूद शहर में जानलेवा चाइनीज मांझे का इस्तेमाल थम नहीं रहा है। शनिवार को चाइनीज मांझे में फंसकर एक युवक की गर्दन कट गई। जिससे वह लहूलुहान हो गया। आनन-फानन में राहगीरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

**कार्यालय, ग्राम पंचायत वेला छेदा, विकास खण्ड-पुवायां, जनपद-शाहजहांपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वेला छेदा, विकास खण्ड-पुवायां में निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता को सूचित किया जाता है दिनांक 22-11-2025 से 23-11-2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदायें प्राप्त की जा सकती हैं। निविदादाताओं में सम्मुख दिनांक 24-11-2025 सायं तीन बजे खोली जायेगी। कार्य का नाम फागिंग कार्य, ब्लीचिंग पाउंडर, नाली निर्माण, नाली मरम्मत,खडंजा निर्माण, खडंजा मरम्मत, लाइट रिपेयर क्रय, हैंडपम्प रिबोर, हैंण्डपम्प मरम्मत, ओपन जिम, वाल पेंटिंग, ढेली खरीद, ठेली मरम्मत इत्यादि।

**प्रशासनिक समिति,**
**सचिव**

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



## त्रासदी की जवाबदेही

यह खबर विचलित करने वाली है कि दिल्ली में एक सोलह वर्षीय छात्र और जयपुर में एक नौ साल की छात्रा ने स्कूल की असहज स्थितियों के चलते आत्महत्या कर ली है। निस्संदेह, ये आत्महत्या की घटनाएं एक परेशान करने वाली सच्चाई को उजागर करती हैं। भारत के स्कूल, जिनका उद्देश्य बच्चों का पालन-पोषण और सुरक्षा करना है, तेजी से ऐसे स्थानों में बदल रहे हैं जहां क्रूरता, उपेक्षा और अनियंत्रित अधिकार बच्चों के जीवन को बर्बाद कर सकते हैं। ये त्रासदियां कोई असामान्य बात नहीं हैंय ये एक असफल व्यवस्था के लक्षण हैं। तीसरी भयावह घटना महाराष्ट्र के वसई की है जहां एक तेरह साल की छात्रा को किसी कारणवश स्कूल देर से पहुंचने पर शिक्षक ने अमानवीय सजा दी। छात्रा को स्कूल बैग के साथ सौ उठक-बैठक लगाने को बाध्य किया गया। यह तथ्य नजरअंदाज करते हुए कि वह एनीमिया से पीड़ित है। छात्रा कुछ देर के बाद बेहोश हो गई और कालांतर में उसकी मौत हो गई। निस्संदेह, एक छात्र व एक छात्रा की आत्महत्या और महाराष्ट्र के वसई में छात्रा की उठक-बैठक लगाने से हुई मौत एक परेशान करने वाली सच्चाई को उजागर करती है। स्कूल जिनका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पालन-पोषण और सुरक्षा करना था, वे बच्चों के जीवन पर संकट की वजह बन रहे हैं। वहां शिक्षकों की संवेदनहीनता, उपेक्षा और सख्त व्यवहार कई बच्चों का जीवन बर्बाद कर सकते हैं। ये त्रासदियां असामान्य बात नहीं, ये हमारी शिक्षा व्यवस्था की असफलता की कहानी कहती है। दिल्ली में, मेट्रो स्टेशन से छलांग लगाने वाले किशोर ने अपने शिक्षकों के हाथों अपमान का हृदय विदारक वर्णन करते हुए एक पत्र छोड़ा है। उसके माता-पिता ने छात्र के उत्पीड़न का आरोप शिक्षकों पर लगाया है। उनका आरोप है कि उसे छोटी-छोटी बात पर डांटा गया, निष्कासन की धमकी दी गई और सहपाठियों के सामने मजाक उड़ाया गया। आत्महत्या करने वाले छात्र के अभिभावकों द्वारा प्राथमिकी में बताया गया कि छात्र ने मन में आने वाले आत्महत्या के विचार से काउंसलर को अवगत कराया था। लेकिन शिक्षकों ने न तो माता-पिता को सूचित किया और न ही उसे इस दिशा में सोचने से रोकने के लिये कोई सलाह दी गई। निश्चित रूप से जब कोई छात्र अपनी किसी गंभीर समस्या का जिक्र करता है तो ऐसे में उदासीनता हिंसा का एक रूप ही कही जाएगी। वहीं दूसरी ओर जयपुर में नौ वर्षीय छात्रा की मौत के मामले में सीबीएसई की जांच में संस्थागत उदासीनता का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि पिछले 18 महीने से छात्रा अन्य छात्राओं द्वारा परेशान की जा रही थी। जिस दिन छात्रा ने आत्महत्या की, उस दिन वह अपनी सहपाठियों द्वारा लिखी गई, अश्लील सामग्री से स्पष्ट रूप से व्यथित होकर 45 मिनट में पांच बार अपनी शिक्षिका के पास शिकायत लेकर गई थी। शिक्षिका ने उसकी दलीलों को खारिज कर दिया और उलटा उसे ही डांटा। निश्चित रूप से शिक्षिका ने छात्रा की देखभाल के अपने कर्तव्य का उल्लंघन किया। कमोबेश वसई की घटना भी शिक्षक की घोर संवेदनहीनता को ही दर्शाती है, जिसने एनीमिया से पीड़ित छात्रा से बैग के साथ सौ उठक-बैठक लगवाई। हालांकि, शिक्षक को गैर-इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन छात्रा का जीवन वापस नहीं लौटाया जा सकता। निश्चित रूप से तीन राज्यों में तीन विद्यार्थियों की मौत हमारी संवेदनहीन व्यवस्था को ही दर्शाती है।

# व्हाइट कॉलर टेरर : लैब कोट में छिपा आतंक

योगेश कुमार गोयल

भारत को अब जिस नए तरह के आतंक का सामना करना पड़ रहा है, वह सीमा-पार से नहीं बल्कि क्लासरूम, लैब और अस्पतालों के भीतर से जन्म ले रहा है। आतंकवाद का रूप अब बदल चुका है। वह अब सीमापार की घुसपैठ, जंगलों में छिपे गिरोहों या हथियारबंद टुकड़ियों तक सीमित नहीं है बल्कि इसकी जड़ें उन सफेदपोश और शिक्षित लोगों तक पहुंच चुकी हैं, जिन्हें समाज सम्मान की दृष्टि से देखता था। आतंक का नया चेहरा वह है, जो लैब कोट पहनता है, रिसर्च पेपर लिखता है, अस्पताल में ड्यूटी करता है, मेडिकल कॉलेज में पढ़ता है और आईटी कंपनियों में काम करता है। यही है 'व्हाइट कॉलर टेरर', जो भारत की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी और सबसे खतरनाक चुनौती बन गया है। 'व्हाइट कॉलर टेरर' यानी शिक्षित, तकनीकी दक्ष और समाज में सम्मानित वे लोग, जो कट्टरपंथ की डिजिटल फैक्ट्रियों में वाहक बनते जा रहे हैं।

दिल्ली के लाल किले के पास विस्फोट और डॉक्टरों के बड़े मॉड्यूल का पकड़ा जाना इस नई साजिश का सबसे भयानक संकेत है। ये न आतंकी दिखते हैं, न किसी पर संदेह होता है। लाल किले के पास कार में हुए विस्फोट में 11 लोग मारे गए और कई घायल हुए। विस्फोटक कार के चालक की पहचान जब सामने आई तो देश स्तब्ध रह गया क्योंकि वह कोई अपराधी, कोई पुराना संदिग्ध या किसी गिरोह का सदस्य नहीं बल्कि डॉक्टर था। पुलवामा का रहने वाला युवक उमर मोहम्मद उन तीन डॉक्टरों का साथी निकला, जिनके पास से फरीदाबाद में लगभग 3000 किलो विस्फोटक और हथियार बरामद हुए थे। यह कोई साधारण संयोग नहीं बल्कि एक बेहद गहरी और सुनियोजित आतंकवादी साजिश की परतें खोलने वाला तथ्य है।

डॉक्टर मुजम्मिल, डॉक्टर आदिल और डॉक्टर शाहीन, ये तीनों उस गिरोह के केंद्र में थे, जो देश की राजधानी में बड़े पैमाने पर जनसंहार की योजना बना रहा था। इन सभी की प्रोफैशनल पहचान ने इतना मजबूत आवरण तैयार कर दिया था कि कोई इन्हें शक की निगाह से देख ही नहीं सकता था। इसी मॉडल का चौथा सदस्य डॉक्टर मोहिउद्दीन गुजरात पुलिस के आतंकवाद-निरोधक दस्ते की गिरफ्त में आया। चीन से मेडिसिन की पढ़ाई कर लौटे इस युवक को राइसिन जैसा घातक जहर तैयार करते हुए पकड़ा गया, जो एक ही बार में सैंकड़ों लोगों की जान ले सकता था। यह घटनाएं पहली नहीं हैं लेकिन निश्चित रूप से सबसे खतरनाक हैं। पुणे का डॉक्टर अदनान अली सरकार हो या बेंगलुरु की बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत इंजीनियर अथवा आईटी प्रोफेशनल्स, पिछले एक दशक में कई उच्च शिक्षित लोग आतंकी संगठनों के लिए काम करते हुए पकड़े जा चुके हैं। ऑनलाइन पहचान छिपाने के लिए फर्जी नाम, छद्म प्रोफाइल, एन्क्रिप्टेड चैट और डार्क वेब समूहों का इस्तेमाल अब इनका सामान्य हथियार बन चुका है। आइएस, अल-



> **दिल्ली के लाल किले के पास विस्फोट और डॉक्टरों के बड़े मॉड्यूल का पकड़ा जाना इस नई साजिश का सबसे भयानक संकेत है। ये न आतंकी दिखते हैं, न किसी पर संदेह होता है। लाल किले के पास कार में हुए विस्फोट में 11 लोग मारे गए और कई घायल हुए। विस्फोटक कार के चालक की पहचान जब सामने आई तो देश स्तब्ध रह गया क्योंकि वह कोई अपराधी, कोई पुराना संदिग्ध या किसी गिरोह का सदस्य नहीं बल्कि डॉक्टर था। पुलवामा का रहने वाला युवक उमर मोहम्मद उन तीन डॉक्टरों का साथी निकला, जिनके पास से फरीदाबाद में लगभग 3000 किलो विस्फोटक और हथियार बरामद हुए थे।**

कायदा या छोटे स्थानीय मॉड्यूल, ये सभी इस नए वर्ग को अपनी 'बौद्धिक सेना' बनाने में सक्रिय हो चुके हैं। यह धारणा अब पूरी तरह मिथ्या साबित हो चुकी है कि केवल गरीब, वंचित या अशिक्षित लोग ही मजहबी उन्माद या सामाजिक उत्पीड़न के कारण कट्टरपंथी बनते हैं। हाल के वर्षों में आतंक के रास्ते पर चलने वाले लोगों की सूची देखें तो स्पष्ट होता है कि उनमें बड़ी संख्या में डॉक्टर, इंजीनियर, तकनीकी विशेषज्ञ और डिग्रीधारी युवा शामिल हैं। उनकी समस्या न तो आर्थिक है, न सामाजिक बल्कि वैचारिक है। वे इंटरनेट पर उपलब्ध कट्टरपंथी सामग्री, डार्क वेब चैट रूम, टेलीग्राम चैनलों और गहरे धार्मिक उन्माद से प्रेरित वीडियो के माध्यम से धीरे-धीरे विचलित होते हैं और फिर एक ऐसे जाल में फंस जाते हैं, जिसे वे खुद भी कभी समझ नहीं पाते। भारत में केरल, कश्मीर, दिल्ली, महाराष्ट्र और तमिलनाडु से ऐसे अनेक मामले सामने आए हैं, जहां प्रोफैशनल डिग्री वाले व्यक्ति आइएस, जैश, लश्कर या अल-कायदा के लिए काम करते हुए पकड़े गए। कुछ ने तो खुद के 'जिहादी मॉड्यूल' भी बना लिए, जिनके नाम मजहबी संदर्भों से प्रेरित थे, जैसे गजवा-ए-हिंद के नाम पर सक्रिय कई छोटे समूह। ये संगठन मजहबी मान्यताओं की मनचाही व्याख्याएं करके, उसे 'धर्मयुद्ध' का रूप देकर अत्याचार, जनसंहार और हिंसा को जायज ठहराते हैं। समय-समय पर इन पर फतवे भी जारी हुए, लेकिन कट्टरपंथियों पर उनका कोई असर नहीं पड़ा। जिहादी आतंक कोई आत्मस्फूर्त हिंसा नहीं बल्कि एक घिनौनी विचारधारा का परिणाम है। यह विचारधारा मजहबी ग्रंथों की विकृत व्याख्याओं पर आधारित है। अब जब डॉक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक भी इस विचारधारा का शिकार होने लगें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि समस्या कहीं गहरे छिपी है। सरकार, पुलिस और एजेंसियां अकेले इस विचारधारात्मक युद्ध को नहीं जीत सकती, यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। परिवारों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक समूहों और सामाजिक नेतृत्व को मिलकर यह समझना होगा कि कट्टरपंथ कैसे जन्म लेता है और कैसे फैलता है। व्हाइट कॉलर टेरर की सबसे बड़ी ताकत यही है कि यह संदेह के दायरे से बाहर रहता है। समाज में सम्मानित होने के कारण डॉक्टर, इंजीनियर या आईटी विशेषज्ञ कोई हथियार लेकर नहीं घूमते। वे किसी सूची में नहीं होते। उनका कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं होता। वे तकनीक, बैंकिंग, डिजिटल कम्युनिकेशन, एन्क्रिप्शन और साइबर सुरक्षा के विशेषज्ञ होते हैं। यही कारण है कि वे निगरानी तंत्र को चकमा देने में सफल हो जाते हैं। वे वीपीएन, क्रिप्टो ट्रांजैक्शन, डार्क वेब चैट, प्रोटॉन मेल और ऑटो-डिलीट चैट का इस्तेमाल करते हैं। वे विस्फोटकों की खरीद-फरोख्त के लिए फर्जी पहचान बनाते हैं। उनके खाते, उनके लेन-देन और उनकी यात्राएं सामान्य नागरिक जैसे दिखते हैं। यही कारण है कि एजेंसियों के लिए इनके व्यवहार का पैटर्न पहचानना ही सबसे कठिन चुनौती बन जाता है। आज आतंकवादी संगठनों की रणनीति बदल चुकी है। वे अब जंगलों या सीमाओं पर नहीं बल्कि विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, लैब्स और तकनीकी संस्थानों में नए सदस्य खोजते हैं। टेलीग्राम और सिग्नल पर 'भाईजान', 'शहीद', 'मुजाहिद', 'काफिरों के खिलाफ जंग' जैसे भावनात्मक शब्दों में संदेश भेजे जाते हैं। ऐसे संदेश धार्मिक, सामाजिक या न्याय के नाम पर 'कथित अन्याय' का चित्र बनाते हैं और युवा धीरे-धीरे कट्टरपंथी बन जाते हैं। यह 'ब्रेन वॉशिंग' चुपचाप होती है, किसी को पता तक नहीं चलता। डॉक्टर और इंजीनियर आखिर आतंकी क्यों बन रहे हैं।

## शीत का स्वागत और जीवन रक्षा की आकांक्षा

छत्तीसगढ़, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और बिहार में लोक परंपराओं का एक बेहद प्राचीन पर्व मनाया जाता है, जिसे जाड़ा पूजा कहते हैं। यह अगहन मास (मार्गशीर्ष) के प्रारंभ में मनाया जाता है। इस साल यह 30 नवंबर को मनाया जाएगा। यह वास्तव में बदलते मौसम और कृषक समुदाय की जीवनचर्या से जुड़ा लोकपर्व है। हम सब जानते हैं, जाड़ा, सर्दी या शीत का देशज शब्द है। कार्तिक माह के समाप्त होते ही जब हवा में ठंडक घुलने लगती है, तो पूर्वी और मध्य भारत में शीत हवाओं का आगमन हो जाता है। गांवों में कृषि कार्य से जुड़े किसानों और पशुपालकों के लिए यह मौसम परिवर्तन का समय होता है।

इसी परिवर्तन का स्वागत करने के लिए, विभिन्न प्रदेशों के खासकर ग्रामीण इलाकों में इन दिनों जाड़ा पर्व खूब धूमधाम से मनाया जाता है। यह लोकपर्व है, इसलिए इसमें बहुतायत में भागीदारी ग्रामीण लोगों की ही होती है। इस पूजा या जाड़े का स्वागत करने का सहज अर्थ यह होता है कि लोग प्रकृति से प्रार्थना करते हैं कि वह उन्हें और उनकी फसलों को कठोर सर्दी से बचाए और इस दौरान गांवों की सामुदायिकता जीवित रहे। यह प्रकृति पूजा पर केंद्रित पर्व है, इसलिए जल, वायु, अग्नि, भूमि और वन देवी जैसे पांच तत्वों की पूजा होती है। चूंकि भारतीय धार्मिक परंपरा में प्रकृति के सारे हिस्से देवताओं की कोटि में गिने जाते हैं, इस वजह से प्रकृति होते हुए भी यह धार्मिक पर्व बन जाता है। जाड़ा पर्व गांवों और आदिवासियों की भावनाओं से ओतप्रोत पर्व है। यह पर्व एक विशेष तरह की खुशियों का उत्सव मनाने का भी पर्व है, क्योंकि सर्दियां सिर्फ परेशानियां ही नहीं लातीं। ये खेतों के लिए नमी, अनाज के लिए उर्वर मौसम, स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बदलाव और पशुओं की देखभाल के नये चक्र की शुरुआत होती है। इसलिए इस पर्व का एक सांकेतिक अर्थ प्रकृति को धन्यवाद करना भी होता है। चूंकि धान की कटाई इस समय तक पूरी हो चुकी होती है और रबी की फसल के लिए खेतों की तैयारी हो रही होती है, ऐसे में जाड़ा पर्व इन दोनों फसलों के बीच के विराम का प्रतीक है, जिसे किसान और आदिवासी मौसम के पूर्व संस्कार की संज्ञा देते हैं। इस पर्व में समुदाय और सामूहिकता की शक्ति का विहंगम दृश्य देखने को मिलता है। इस पर्व की शुरुआत करने के लिए गांवों में टोले और मोहल्ले के लोग इकट्ठे होकर पशुओं की सामूहिक सुरक्षा के उपाय करते हैं। पर्व के दौरान पूरे मोहल्ले और टोले का सामूहिक भोजन बनता है, आग जलाई जाती है और उस आग के चारों तरफ बैठकर खान-पान और नाचने-गाने का कार्यक्रम होता है। इस पर्व के दौरान यह भी तय किया जाता है कि गांव या मोहल्ले में जिन लोगों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, वे आगामी सर्दी का सामना कैसे करेंगे, इसकी एक सामूहिक व्यवस्था करने की कोशिश की जाती है। इस पर्व के दौरान सामूहिक रूप से सफाई और सामाजिक जिम्मेदारियों को आपस में बांटने का भी चलन होता है। चूंकि सर्दियों की शुरुआत में सर्दी, खांसी और संक्रमण जैसी स्वास्थ्य समस्याएं काफी ज्यादा होती हैं, ऐसे में कई जगहों पर यह लोकमान्यता है कि जाड़ा पर्व मनाने से इस तरह की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता। क्योंकि इस पर्व में खान-पान और सामूहिक सक्रियता की गर्मी महसूस होती है, इसलिए इस पर्व से वास्तव में सर्दी, जुकाम और खांसी की समस्याओं का बचाव होता है। यह लोक विश्वास है कि जाड़ा पर्व मनाने से जाड़े में होने वाली आमतौर पर स्वास्थ्य समस्याएं पास नहीं फटकतीं। यही कारण है कि इस पूजा में गांव के चौपालों, सार्वजनिक रास्तों आदि में धूप, धुएं और नीम की पत्तियों व सरसों के तेल से विशेष रूप से यज्ञ-धुआं किया जाता है ताकि सकारात्मक ऊर्जा फैले और नकारात्मक ऊर्जा का नाश हो। जाड़ा पर्व के अवसर पर पूरा गांव या एक पूरा मोहल्ला मिलकर सामूहिक रूप से गांव, तालाब, सड़क और अपने देव स्थलों से लेकर चौपालों तक की सफाई मिलकर करते हैं।

**विचार**

# पंच प्रण का महत्वपूर्ण मुद्दा : साम्राज्यवादी मानसिकता से छुटकारा

हृदयनारायण दीक्षित

भारतीय स्वाधीनता को मिले आज 78 वर्ष हो गए। देश ने विकास के नए अंतरिक्ष स्पर्श किए हैं, लेकिन अंग्रेजीराज के और उसके बाद भी साम्राज्यवादी परंपराएं विद्यमान हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अगले 20 वर्षों में गुलामी के प्रतीक समाप्त करेंगे। भारत का मन बदल रहा है। आत्मनिर्भरता बढ़ी है। संप्रभु राष्ट्र राज्य किसी दूसरे देश की सभ्यता का अनुकरण नहीं करते। साम्राज्यवादी मानसिकता से छुटकारा पाना पंच प्रण में एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। प्रधानमंत्री ने उचित ही इस मामले को फिर से दोहराया है।

स्वाधीनता संग्राम के समय गांधीजी का जोर भी इस बात पर था। ब्रिटिश संसद में लॉर्ड मैकाले ने भी भारतीय संस्कृति को नष्ट करने वाले विचार व्यक्त किए थे। कहा था, उच्चतर जीवन मूल्य और उत्कृष्ट क्षमताओं को देखते हुए भारतवासियों पर तब तक विजय नहीं प्राप्त हो सकती जब तक भारत की सांस्कृतिक परंपरा की सशक्त रीढ़ नहीं तोड़ी जाती। मैकाले जानता था कि सांस्कृतिक परंपरा में ही राष्ट्र का वैभव अंतर्निहित है। गांधीजी



अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध आंदोलन कर रहे थे। यह आंदोलन राष्ट्रव्यापी था। राष्ट्रीय आन्दोलनकारी अंग्रेजी सरकार के साथ ही अंग्रेजी सभ्यता से भी टकरा रहे थे। गांधीजी ने मैकाले के ज्ञान को अधम बताकर सत्याग्रही आक्रामकता का मार्ग चुना था। उन्होंने 'हिन्द स्वराज' में लिखा था, मैकाले हिन्दुस्तानियों को कमजोर मानता है। वह उसकी अज्ञान दशा है। गाँधीजी ने कहा, ÷हिन्दुस्तानी कभी कमजोर नहीं रहे। खेतों में हमारे किसान आज भी निर्भय होकर सोते हैं, जबकि अंग्रेज और आप वहां सोने के लिए आनाकानी करेंगे।

भारतीय इतिहास का विरूपण किया गया। यूरोपीय विद्वानों ने इतिहास के साथ छल किया। आर्य भारत के मूल निवासी हैं। उन्हें योजनाबद्ध तरीके से विदेशी हमलावर बताया गया। कहा गया कि आर्य बाहर से आए और उन्होंने यहां की सभ्यता नष्ट कर दी। साम्राज्यवादी शक्तियों का तर्क था कि भारत में शक और हूण आए थे। सातवीं शताब्दी में इस्लाम आया। हमलावरों ने देश के भिन्न-भिन्न हिस्सों में लूटपाट की। उन्होंने देश पर कब्जा कर लिया, फिर यहां मुगलों का शासन हो गया। उन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपरा के अनुसार जीवन यापन को कष्टप्रद बनाया। उसके बाद ईस्ट इंडिया कंपनी आई।

कंपनी यहां व्यापार करने आई थी और सत्ताधीश हो गई। लगभग 200 साल तक ब्रिटिश सत्ता ने भारत की धन संपदा को लूटने का काम किया। उन्होंने स्कूली पाठ्यक्रम को भी विदेशी रंग में रंग दिया। साम्राज्यवादी शक्तियों का तर्क था कि वह भारत के लोगों को शिक्षित कर रहे हैं। अंग्रेजीराज का

> **कंपनी यहां व्यापार करने आई थी और सत्ताधीश हो गई। लगभग 200 साल तक ब्रिटिश सत्ता ने भारत की धन संपदा को लूटने का काम किया। उन्होंने स्कूली पाठ्यक्रम को भी विदेशी रंग में रंग दिया। साम्राज्यवादी शक्तियों का तर्क था कि वह भारत के लोगों को शिक्षित कर रहे हैं। अंग्रेजीराज का विरोध करने वाले लोगों का तर्क था कि भारत विदेशी सत्ता के अधीन ही रहता है। कभी इस्लामी शासको के रूप में और कभी अंग्रेजों के रूप में। उनकी माने तो भारत एक होटल जैसा है। यहां विदेशी आते हैं। लूटपाट करते हैं। आर्यों को हमलावर बताना भी इसी रणनीति का हिस्सा था।**

विरोध करने वाले लोगों का तर्क था कि भारत विदेशी सत्ता के अधीन ही रहता है। कभी इस्लामी शासको के रूप में और कभी अंग्रेजों के रूप में। उनकी माने तो भारत एक होटल जैसा है। यहां विदेशी आते हैं। लूटपाट करते हैं। आर्यों को हमलावर बताना भी इसी रणनीति का हिस्सा था।

अंग्रेजों द्वारा प्रचारित आर्य आक्रमण का कोई साक्ष्य इतिहास में नहीं मिलता। डॉक्टर अम्बेडकर ने भी 'हू वेयर शूद्राज' में आर्यों आक्रमण की बात को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि आर्यों का सबसे बड़ा ग्रंथ ऋग्वेद है। ऋग्वेद में कहीं भी आर्य आक्रमण नहीं मिलता। डॉ. अम्बेडकर ने भारत में बहने वाली नदियों का उल्लेख किया है। ऋग्वेद के ऋषि यहां की नदियों के गीत गाते हैं। अगर आर्य दूसरे देश से आए थे, तो उनके साहित्य में वहां की नदियों के उल्लेख क्यों नहीं है? ऋग्वेद की सबसे प्रिय दो नदियां हैं। सरस्वती और सिन्धु। सिन्धु प्रत्यक्ष हैं और सरस्वती किसी प्राकृतिक घटना के कारण विलुप्त हो गईं थीं। सरस्वती की शोध जारी है। वैदिक संस्कृति को इतिहास से बाहर करना, साम्राज्यवादी साजिश का ही हिस्सा है। इस मनोग्रंथि से शीघ्रातिशीघ्र छुटकारा पाने की आवश्यकता है। लगभग 200 वर्ष के लंबे शासन में भारत पर अंग्रेजी सभ्यता के प्रभाव पड़ रहे थे। कुछ लोग अंग्रेजों को प्रशंसा की दृष्टि से देखते थे। कुछ लोग अंग्रेजों को भारतीय राष्ट्र निर्माण का श्रेय दे रहे थे। गांधीजी ने इस बात को गलत बताया और कहा कि भारत एक प्राचीन राष्ट्र है, पूरी अंग्रेजी सभ्यता मानवता विरोधी है।



## राशिफल

**मेषः-** ईश्वरीय आस्था में वृद्धि होगी। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। महत्वाकांक्षाओं को फलित करने में असमर्थता संभव। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**बृषभः-** उच्च महत्वाकांक्षा ऊंची प्रगति के लिए प्रेरित करेगी। किसी नई योजना पर विचारमग्न होंगे। दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु प्रयत्नशील हों।

**मिथुनः-** राजनीति से जुड़े लोगों के लिए लाभकारी स्थिति बनेजी। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। असमाजिक तत्वों से दूरी बनायें।

**कर्कः-** सगे-संबंधों में अपने नैतिक कर्त्तव्यों से विमुख न हों। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी।

**सिंहः-** आलस्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अवरोधक होगा। नये कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी अथवा खुद के अस्वस्थता से परेशान हो सकते हैं।

**कन्याः-** निराशावादी विचारों का त्याग करें। परिजनों की छोटी-छोटी बातों का बुरा न मानें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। माता के स्वास्य के प्रति सचेत रहे।

तुलाः- सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**वृश्चिकः-** कोई महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। मधुरवाणी से संबंधों को प्रगाढ़ध बनाएंगे। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**धनुः-** महत्वपूर्ण दायित्व अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। घर में किसी पुराने संबंधी का आगमन हो सकता है।

**मकरः-** निकट संबंधों में कुछ अप्रिय बाते दूरी पैदा करेंगी। भौतिक आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। मूल्यवान समय को व्यर्थ में जाया न होने दें। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करने का प्रयत्न करें।

**कुंभ :-** पूरा दिन अध्यात्मिक व पारंपरिक कायरे में व्यतीत होगा। किसी इच्छित कार्य की पूर्ति से प्रसन्नता संभव। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। आवश्यकतानुसार भौतिकता को अपनाएं।

**मीन :-** कार्य के अत्याधिक बोझ से मन बोझिल होगा। जीवनसाथी के भावनात्मक सहयोग उत्साह का संचार होगा। शासन-सत्ता व राजकीय क्षेत्र के लोगों की क्रियाशीलता बढ़ेगी।

# चुनाव के नतीजों का क्या मतलब है

सईद नकवी

2018 में त्रिपुरा में हुए विधानसभा चुनावों के बाद, बिहार के हालिया नतीजों समेत चुनावों को लेकर धीरे-धीरे मेरे मन में शक बढने लगा था। दशकों से चुनाव कवर करने की वजह से मेरी पसंद-नापसंद कुछ कम हो गई थी। इसीलिए त्रिपुरा चुनाव में मेरी अचानक दिलचस्पी का कारण जानना जरूरी है। एक दिन साऊथ दिल्ली में मेरे पड़ोसी, त्रिपुरा के पूर्व पुलिस डायरैक्टर जनरल, बी.एल.वोहरा आए। वह राज्य में मुख्यमंत्री माणिक सरकार के समय अगरतला में अपनी पारी को लेकर पुरानी यादों में खोए हुए थे। एक जाने-माने ऑफिसर, वोहरा ने सरकार के बारे में बहुत तारीफकी जो लगभग आदर के साथ कही जा सकती थी। त्रिपुरा में बिताए अपने सालों पर वोहरा की किताब के पन्ने पलटते हुए, यह बात काफी अनोखी थी।

'माणिक सरकार निश्चित रूप से उन सभी मुख्यमंत्रियों से अलग थे जिन्हें मैंने देखा, जिनसे मिला, जिनके साथ काम किया और जिनके बारे में सुना था। वह व्यक्तिगत रूप से ईमानदार थे और यह बात सरकार के सभी स्तरों तक पहुंच गई थी। दुर्भाग्य से देश में उनके जैसे कोई उदाहरण नहीं मिलते।' त्रिपुरा में विपक्षी नेताओं के बीच भी माणिक सरकार की सार्वभौमिक प्रशंसा किसी भी राजनेता की तारीफकरेगी।

> **ऐसा नहीं था कि वह सिर्फखुद एक सज्जन व्यक्ति थे बल्कि ऐसा लगता था कि उन्होंने अपने कैबिनेट सहयोगियों और पूरे प्रशासन में अपनी खूबियां डाली थीं। सभी हिसाब से उनके पहले गुरु, नृपेन चक्रवर्ती उनसे भी ज्यादा अनुकरणीय थे। मुख्यमंत्री के घर के कर्मचारियों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वे एक ऐसे बॉस की सेवा करेंगे जिसका किराने का सामान राशन कार्ड से खरीदा जाता है और जिसने कभी बैंक खाता खोलने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं बचाए। यह उस दौर में मीठी बात हो सकती है जब अरबपतियों की संख्या में बढ़ोतरी गर्व की बात है। यह बात तो साफहै कि सी.पी.एम. का 25 साल का राज सिर्फलीडरशिप की शराफत की वजह से नहीं चल पाया।**

ऐसा नहीं था कि वह सिर्फ खुद एक सज्जन व्यक्ति थे बल्कि ऐसा लगता था कि उन्होंने अपने कैबिनेट सहयोगियों और पूरे प्रशासन में अपनी खूबियां डाली थीं। सभी हिसाब से उनके पहले गुरु, नृपेन चक्रवर्ती उनसे भी ज्यादा अनुकरणीय थे। मुख्यमंत्री के घर के कर्मचारियों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वे एक ऐसे बॉस की सेवा करेंगे जिसका किराने का सामान राशन कार्ड से खरीदा जाता है और जिसने कभी बैंक खाता खोलने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं बचाए। यह उस दौर में मीठी बात हो सकती है जब अरबपतियों की संख्या में बढ़ोतरी गर्व की बात है। यह बात तो साफ है कि सी.पी.एम. का 25 साल का राज सिर्फलीडरशिप की शराफत की वजह से नहीं चल पाया। आर्थिक तंगी के बावजूद, अगरतला की सरकार ने हर सैंट्रल स्कीम को किसी भी दूसरे राज्य से ज्यादा अच्छे से लागू किया जैसे 96 प्रतिशत लिटरेसी। जैंडर रेशो तो एक तरह से रिकॉर्ड था।

इसी तरह त्रिपुरा का मिडिल क्लास बना। सच है, एक नया मिडिल क्लास बनाने के बाद, सरकार ने खुद को बेकार पाया। वह उम्मीदों के अगले स्टेज का सामना नहीं कर सकी। उसने डिस्ट्रिब्यूटिव जस्टिस तो बनाया लेकिन पढ़े-लिखे बेरोजगारों को जगह देने के लिए पैसा बनाने के आइडिया उसके पास नहीं थे। वह दो पहिया ड्राइवरों को चार पहिया लैवल तक प्रमोट नहीं कर सकी। अगरतला पहुंचने पर मुझे सिर्फ एक सरकारी गैस्ट हाऊस में रहने की जगह मिली। जब मैंने सी.एम. से पूछा कि क्या ठीक-ठाक होटलों की कमी राज्य की पॉलिसी है तो उन्होंने साफ कहा, ''हम फाइव स्टार होटलों, बार और रैस्टोरैंट से होने वाले सामाजिक असंतुलन से निपटने की हालत में नहीं हैं।'' 2011 में पश्चिम बंगाल में लैफ्ट का राज खत्म होने के बाद, अगरतला में सी.पी.एम.के पास कोई सहारा नहीं बचा था। इस बिना दोस्तों वाले दौर में इसे टी.वी. पर दुश्मनी भरी बमबारी का सामना करना पड़ा। आर्थिक उदारीकरण की ऊंचाई पर, मार्केट कट्टरपंथ बहुत तेजी से बढ़ा ताकि सपनों के सौदागरों, आलीशान मॉल और मल्टीप्लैक्स बनाने वालों द्वारा बेचे जा रहे बेकाबू कंज्यूमरिज्म के विज्ञापन को जगह मिल सके। हिंदुत्व तब फलता-फूलता है जब बेकाबू बाजार जिंदगी की रफ्तार तय करते हैं। सी.पी.एम.के मुख्यमंत्री, माणिक सरकार की कंट्रोल्ड किफायत ने 25 साल तक टी.वी. पर दिखाए जाने वाले इस दिखावे को झेला। इस समय तक एक और पीढ़ी पैदा हो चुकी थी जो सादगी भरी जिंदगी और उस एल्डोराडो के बीच फंसी हुई थी जिसका लालच महानगरों के कंट्रोल वाले सैंटर उन्हें देते और चिढ़ाते थे। लैफ्ट की हार के बाद, अगरतला सदमे में था। इससे पहले कि वे अपने पैरों पर खड़े होते, हैरान सी.पी.एम. कैडर को एक और सच्चाई से तालमेल बिठाना पड़ रहा था। पार्टी के समर्थक अचानक उनसे नजरें नहीं मिला रहे थे। कुछ, मुख्य मौके पर नजर रखते हुए, सी.पी.एम. ऑफिस पर हमला करने वाली या लेनिन की मूर्ति गिराने वाली भीड़ में भी शामिल हो गए। काफी हद तक, त्रिपुरा और दूसरी जगहों पर नतीजे कांग्रेस की तरफ से भाजपा को तोहफा थे। चुनावी मैनेजमैंट में शानदार हिमंता बिस्वा सरमा कांग्रेस से बाहर हो गए क्योंकि वे राहुल गांधी की बेइज्जती भरी चुप्पी बर्दाश्त नहीं कर सके। असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई अपने बेटे गौरव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए बेताब थे। इससे सरमा बाहर हो जाते, जिनकी पॉलिटिकल स्किल्स गोगोई के बाद के सालों में काम आई थी। मैंने एक उदाहरण के तौर पर अपनी त्रिपुरा फाइल निकाली है, जो बिहार के फैसले को समझने के दौरान सोचने के लिए एक और कहानी है। राज्य ह्यूमन डिवैल्पमैंट स्केल पर कुछ बहुत ही अनोखे नतीजों के साथ मेहनत से काम कर रहा था, जिसके बारे में मेनस्ट्रीम मीडिया ने कभी बात नहीं की।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### एसआरआई की तैयारियां जोरों से चल रही, बीएलओ घर पर जाकर मतदाता सूची कर रहे हैं तैयार



**मौदहा, हमीरपुर।** शासन के निर्देशन प्रदेशन अनुसार एस आई आर की तैयारियां जोरों पर चल रही है वही बी.एल. ओ. घर-घर जाकर मतदाता सूची तैयार कर रहे हैं। बी. एल. ओ. नितेंद्र कुमार गुप्ता निजामी पूरा हुसैनगंज वार्ड नंबर 9 की जिम्मेदारी दी गई है जो घर-घर जाकर एस. आई. आर. को लेकर मतदाता सूची बड़ी कुशलता के साथ तैयार कर रहे हैं वही मतदाताओं को पूरी जानकारी देते हुए प्रत्येक व्यक्ति का फॉर्म चेक कर भरकर शासन को भेजने की तैयारी में लगे हुए वहीं उनके सहयोगी जाने माने समाजसेवी नूर मोहम्मद उर्फ साका, मोहम्मद शाहिद, गुल्ली भाई,पिंटू भाई आदि लोग ने भरपूर बी. एल. ओ. का सहयोग किया।

### ई-रिक्शा चालक ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या



**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** शुक्रवार को देर शाम ईरिक्शा चालक ने चंद्रपुरवा गेट के समीप ट्रेन से कटकर जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजन घटना का कारण नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी दयाराम साहू का सबसे बड़ा पुत्र आशीष साहू 22 वर्ष ईरिक्शा चलाकर परिवार का सहयोग करता था। शुक्रवार को देर शाम इसने चंद्रपुरवा गेट के समीप किसी ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। परिजन घटना का कारण नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक तीन भाइयों एवं एक बहन में सबसे बड़ा और अविवाहित था। बहन की शादी हो चुकी है। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। माता-पिता भाइयों एवं बहन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

### सचिव जिला विधिक प्राधिकरण ने अधिकारियों के साथ प्री बैठक की



**हमीरपुर।** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशन में दिनांक 21.11.2025 को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा अन्य अधिकारीगण के साथ प्री बैठक की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी की ओर से डॉ. बीपी सिंह, डाक विभाग से मोहित शिवहरे, बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से अजीत कुमार निगम, परिवहन विभाग से राम प्रताप, सीएमएस डॉ आरटी बनर्जी, जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार, ईओ नगर पालिका की ओर से राजेन्द्र सिंह आदि ने भाग लिया बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारीगण को दिनांक 13.12.2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आम जन मानस को बैनर, पोस्टर मुहर एवं ई-रिक्शा, वाहनों में ऑडियो के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया।

### प्राचीन पहाड़ी देवी मंदिर के जीणोद्धार व पर्यटन स्थल में शामिल करने की जिलाधिकारी से मांग की



**कुरारा, हमीरपुर।** 22 नवंबर विकास खंड क्षेत्र के शंकरपुर गांव स्थिति प्राचीन पहाड़ी देव शिवधाम मन्दिर को पर्यटन विभाग में शामिल कराने के लिए व इसका जीर्णोद्धार कराए जाने के लिए जिलाधिकारी को पत्र देकर मांग की है। क्षेत्र के शंकरपुर गांव में निर्जन स्थान पर प्राचीन शिव मंदिर स्थित है। इस मंदिर की मान्यता दूर दूर तक है। तथा महा शिवरात्रि के अवसर पर विशाल मेला लगता है। तथा भक्त लोग भोज भंडारा कराते है। तथा सावन माह में प्रत्येक सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। लेकिन मंदिर प्रांगण में व्यवस्था नहीं है। समाजसेवी गणेश तिवारी ने बताया की मंदिर को पर्यटन विभाग में शामिल कराए जाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। मंदिर की प्रसिद्धि दूर दूर तक है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मंदिर को पर्यटन विभाग में शामिल कराए जाने की मांग की है।

### झलकारी बाई के योगदान को याद कर दी गयी पुष्पांजलि



**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने झलकारी बाई की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि झलकारी बाई वास्तव में एक समर्पित युवा वीरांगना थी। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका जन्म झांसी के निकट भोजला गांव में सरोवर सिंह और जमुना बाई के घर 22 नवंबर 1830 को हुआ था। इनके पति का नाम पूरन कोरी था। यह वीर महिला थी। 1857 के समर में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण थी। रानी के साथ भितरघात होने पर झांसी पराजय के समय रानी को झांसी से बाहर जाने में झलकारी बाई की अहम भूमिका थी। यह रानी की हमशक्ल थी। उन्होंने रानी के वेश में गोरों के शिविर में पहुंचकर उन्हें भ्रम में डाल दिया था। इनकी मौत को लेकर दो मत है। एक स्वयं पहल कर सखी द्वारा मृत्यु और दूसरी गोरों द्वारा दी गई मौत। 4 अप्रैल 1857 को यह शहीद हो गयी थीं। इस कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, रामनरायन सोनकर, दयाराम सोनकर, रिचा, पंकज सिंह, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

### टैक्स चोरी कर माल ले जा रहे ट्रक को पकड़ा, वसूला जुर्माना



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** मंडी कर्मियों की मिली भगत से रात के अंधेरे में व्यापारी बगैर गेट पास एवं टैक्स के धान की गाड़ियां लादकर बाहर भेज रहे हैं। बीती रात मण्डी सचिव ने छापा मारकर बगैर गेट पास एवं टैक्स के बाहर जा रहा एक ट्रक धान पकड़कर रु.25000 का जुर्माना वसूला है। इस कार्यवाही से धान खरीद कर रहे व्यापारियों में हड़कंप मच गया। कस्बे की नवीन गल्ला मंडी में कुछ व्यापारी धान की खरीद कर माल बाहर भेज रहे हैं। यह व्यापारी मंडी कर्मियों से सांठगांठ बनाकर रात के अंधेरे में बगैर गेट पास एवं टैक्स की धान गाड़ियां बाहर निकाल रहे थे। टैक्स चोरी करके गाड़ियां बाहर जाने की भनक मिलने पर मंडी सचिव ब्रजेश निगम ने छापा मारकर एक ट्रक धान बगैर कागजों के मंडी से बाहर जाते हुए पकड़कर 25000 का जुर्माना वसूल किया है। मंडी सचिव कि इस कार्यवाही से धान खरीद कर रहे व्यापारियों में हडकम्म मच गया है।

### संदिग्ध परिस्तिथियों में नवविवाहिता की मौत

**महोबा।** मध्य प्रदेश के सीमावर्ती छतरपुर जिले के लवकुश नगर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ज्योराहा निवासी 22 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मजिस्ट्रेट और परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम ज्योराहा निवासी वीरू सिंह की 22 वर्षीय पत्नी पूजा की शुक्रवार देर शाम अचानक उसकी हालत बिगड़ गई जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा अनुभाग में पति वीर सिंह द्वारा लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने परीक्षण उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया। विवाहिता की असामायिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शनिवार को परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक पूजा के पति वीरू सिंह ने बताया कि पूजा लंबे समय से ह्रदय रोग की बीमारी से ग्रसित थी और उसका इलाज चल रहा था शुक्रवार देर शाम अचानक उसकी हालत बिगड़ गई जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतका का एक वर्ष का एक बेटा बताया जा रहा है जिसका नाम कृष्णा है मां की मौत के बाद से बेटा गुमसुम नजर आ रहा है।

### एसपी ने निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में किया फेरबदल

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर नई जिम्मेदारी सौंपी है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पनवाड़ी रहे अर्जुन सिंह को खन्ना थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है,जबकि डीसीआरबी प्रभारी रहे विनोद कुमार सिंह को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कुलपहाड़ बनाया गया है। इसी प्रकार थाना खन्ना के प्रभारी निरीक्षक रहे वीरेंद्र प्रताप सिंह को पनवाड़ी थाने की कमान सौंपी गई है एवं कुलपहाड़ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रहे राधेश्याम वर्मा को डीसीआरबी का प्रभार सौंपा गया है। एसपी द्वारा देर रात किए गए फेरबदल से जनपद के अन्य थानों में तैनात निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों में हड़कम्प मचा हुआ है। कानून के जानकार पुलिस अधीक्षक के इस कदम को कानून व्यवस्था में सुधार का प्रयास बता रहे हैं।

# सपा संस्थापक व पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह की मनाई गई जयंती

- पूर्व कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष ने उनके जीवन पर डाला प्रकाश

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



समाजवादी पार्टी कार्यालय में समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व रक्षामंत्री पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय नेता मुलायम सिंह यादव की जयंती जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मनाई गई। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक पुष्पेंद्र यादव ने नेता के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हम सब एक ऐसे व्यक्तित्व की जयंती मनाने के लिए एकत्र हुए हैं, जिनका नाम मात्र लेने से संघर्ष, सादगी, साहस और समाज सेवा की पूरी पुस्तक जीवंत हो उठती है।

जननायक, धरतीपुत्र, नेता मुलायम सिंह यादव नेताजी का जीवन किसी साधारण नेता की कहानी नहीं था। नेताजी साधारण परिवार से उठकर असाधारण ऊँचाइयों तक पहुँचे। किसान के घर जन्म लेकर पूरे देश के किसानों की आवाज़ बने।गाँव की पगडंडियों से चलकर विधानसभा, लोकसभा, मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री तक पहुँचने वाला यह सफर बताता है कि मेहनत, संघर्ष और जनता का भरोसा किसी भी व्यक्ति को कहाँ तक ले जा सकता है।नेताजी ने हमेशा सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी।

उन्होंने सबसे पहले कहा कि समाज तभी आगे बढ़ेगा जब कमजोर को उसका हक़ मिलेगा और मज़दूर-किसान को सम्मान मिलेगा।यही कारण है कि उनका नाम आज भी गाँव-गाँव, खेत-खेत, नौजवानों और बुजुर्गों के दिलों में बसता है।आज नेता जी की जयंती पर हमारा संकल्प होना चाहिए कि हम नेताजी की विरासत को केवल शब्दों में नहीं बल्कि अपने कर्मों में जिएँगे।हम उनकी तरह संघर्ष करेंगे, उनकी तरह बोलेंगे, और उनकी तरह जनता की सेवा करेंगे। नेताजी सिर्फ एक नाम नहीं, एक विचारधारा है। नेताजी सिर्फ एक नेता नहीं, एक युग हैं और युग कभी समाप्त नहीं होते। अन्य वक्तागणों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर राम प्रकाश प्रजापति पूर्व प्रत्याशी विधानसभा हमीरपुर, ओम प्रकाश सोनकर वारसी प्रदेश सचिव, लाल सिंह यादव राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी, सैयद उमर जिला सचिव, राघवेन्द्र यादव लकी नगर अध्यक्ष, लाला प्रधान पूर्व प्रधान, युगांक मिश्रा पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद, रिजवान खान जिलाध्यक्ष अल्प संख्यक सभा, सूर्य प्रताप यादव नगर उपाध्यक्ष, मो जुनैद,बीटू यादव प्रदेश सचिव युवजन सभा, रजा हुसैन आदि समाजवादी साथी उपस्थित रहे।

## लोडर की टक्कर से साले की मौत, जीजा गंभीर रूप से घायल

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर के कपसा मार्ग पर देर शाम लोडर की टक्कर लगने से बाइक सवार जीजा व साले गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें नाजुक हालत में सरकारी अस्पताल से प्राथमिक इलाज के बाद मुख्यालय रेफर कर दिए गया जिसमें सदर अस्पताल से कानपुर ले जाते समय साले की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम छिरका निवासी करण 26 वर्ष पुत्र प्रेम नारायण शुक्रवार की देर शाम अपने जीजा तेज प्रताप 36 वर्ष पुत्र भारत निवासी कुमहूपुर को बाइक में बैठाकर अपनी बहन की ससुराल ग्राम सिजनौडा जा रहा था तभी कपसा मार्ग पर रेलवे चौकी के समीप सामने से आ रहे लोडर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक में सवार जीजा साले गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस की मदद से लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने दोनों घायलों की हालत नाजुक देख उनका प्राथमिक उपचार कर उन्हें मुख्यालय रेफर कर दिया, जब करण के परिजन उससे सदर अस्पताल से कानपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है जबकि उसके जीजा तेज प्रताप की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक तीन भाइयों व पांच बहनों में सबसे छोटा था, वह मजदूरी कर अपने परिवार के भरण पोषण में मदद करता था। करण के अपने पीछे चार वर्षीय पुत्र व एक दुधमुंही बच्ची समेत पत्नी व परिवार को बिलखता छोड़ गया है।

## लाखों कुंतल बासमती धान पैदा करने वाले किसानों को जिले में नहीं मिल रहा बाजार

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- औने-पौने दामों में बाहरी व्यापारियों को बेचने को मजबूर



सूखे बुंदेलखंड में धान की बेशकीमती प्रजाति बासमती का रिकॉर्ड उत्पादन करने वाले किसान जिले में धान का बाजार नहीं होने से मायूश है। बाहर से आने वाले व्यापारियों को औने पौने दामों में धान बेचकर नुकसान उठा रहे हैं। किसानों का कहना कि अगर एक अदद धान मिल स्थापित हो जाए, तो इसका लाभ किसानों को मिलने लगेगा। कभी बुंदेलखंड की पहचान सूखे चटियल मैदान के रूप में होती थी। किसानों ने इस मिथक को तोड़ा और सूखे चटियल बुंदेली धरा पर धान की वेशकीमती बासमती की प्रजाति 1121 एवं 1718 को उठाकर रिकॉर्ड उत्पादन किया है। लेकिन इस धान का बाजार जिले में नहीं है। बांदा,अतर्रा,बबेरू, खुरहंड से आने वाले धान व्यापारी औने पौने दामों में बासमती धान खरीद रहे हैं। किसानों की मजबूरी है कि वह बाजार के अभाव में इसको कौड़ियों के भाव बेचकर नुकसान उठा रहे हैं।

टेढ़ा के किसान सौरभ सिंह, अनिल यादव, राजा सिंह, जगदीश वर्मा,राजेंद्र सिंह, मुलायम सिंह परिहार आदि ने बताया कि एक दशक पूर्व टेढ़ा से बासमती धान की उत्पादन की शुरुआत हुई थी। तब यह कुछ ही बीघे में रोपित किया गया था। अब यह हजारों हेक्टेयर क्षेत्र में उत्पादित हो रहा है। प्रगतिशील कृषक सौरभ सिंह ने बताया कि पंजाब हरियाणा में बासमती धान का वास्तविक मूल्य 3500 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल है। जबकि यहां महज 2800 से 3000 रुपये प्रति कुंतल बिक रहा है। इस लिहाज से किसानों को करीब 1000 रुपये प्रति क्विंटल का नुकसान उठाना पड़ रहा है। अगर एक अदद चावल मिल जिले में स्थापित हो जाए, तो किसानों को इसका लाभ मिल सकता है। किसानों के अनुसार ब्लाक क्षेत्र में 15000 हेक्टेयर में इस वर्ष बासमती धान का उत्पादन हुआ है। औसत उत्पादन 5 से 6 क्विंटल प्रति बीघा है। लाखों क्विंटल बासमती धान पैदा करने वाले किसानों को वाजिब दाम नहीं मिल पा रहे हैं। किसान औने पौने दामों में धान बेचने को मजबूर है। धान खरीद केंद्र के प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि सरकारी केंद्र में बासमती प्रजाति के धान खरीद का प्रावधान नहीं है। यहां पर महज मोटा धान खरीदा जा रहा है। मंडी सचिव ब्रजेश निगम ने बताया कि दो व्यापारियों ने टेढ़ा मंडी में धान खरीद का लाइसेंस लिया है।

## खमा से धवर्रा गांव तक सड़क निर्माण का रास्ता साफ

- उपजिलाधिकारी न्यायालय ने ग्राम सभा के पक्ष में जारी किया आदेश

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



तहसील क्षेत्र के जैतपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत धवर्रा में बनने वाली सड़क के विवाद में अब विराम लगता नजर आ रहा है। इस विवादित भूमि को लेकर एसडीएम कोर्ट ने ग्राम सभा के पक्ष में निर्णय दे दिया है। अब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनने वाली खमा से धवर्रा तक सड़क निर्माण का रास्ता साफ कर दिया है। दो साल तक चले इस मुकदमे में दोनों पक्षों को सुनने के बाद एसडीएम की अदालत ने गाटा संख्या 85 से 94 तक को ग्राम समाज की भूमि घोषित कर दी है।

बताया जाता है कि यह मामला धवर्रा ग्राम का है, जहां लगभग 7 एकड़ भूमि पर रक्षा मंत्रालय ने अपनी बता पीएमजीएसवाई की सड़क बनाने पर रोक लगा दी थी। इस सड़क के बन जाने से आसपास के आधा दर्जन ग्रामों के बीस हजार ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिलनी थी। अक्टूबर माह में सड़क योजना के अभियंता जब ले आउट करने मौके पर पहुंचे, तो सेना के जिम्मेवार अफसरों ने अपनी भूमि बता निर्माण पर रोक लगा दी थी। पीएमजीएसवाई के अभियंताओं ने मामले को विवादित बता उच्चाधिकारियों को अपनी रिपोर्ट भेज दी थी। उधर सड़क निर्माण रोके जाने के बाद प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया। लंबित राजस्व बाद सेना बनाम ग्राम समाज की सुनवाई तेज होनी शुरू हो गई। शुक्रवार को एसडीएम कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार ने अपना निर्णय सुना दिया। गाटा संख्या 85 से 94 को ग्राम समाज धौरा की भूमि घोषित कर दी गई। इस निर्णय से सेना के जिम्मेवार अफसरों को सूचित कर सड़क बनाए जाने का रास्ता साफ कर दिया है।

## महिला आयोग की सदस्य ने जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न संपत्ति आदि की समस्या सुनी



**हमीरपुर।** महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता ने शुक्रवार को ए पी जे अब्दुल कलाम सभागार, कलेक्ट्रेट में महिला जन सुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, संपत्ति विवाद आदि से सम्बन्धित महिलाओं की समस्याओं को सुना। सम्बन्धित अधिकारियों को मामले का निस्तारण करने के निर्देश दिए। सभागार में आयोजित महिला जन सुनवाई में एडीम न्यायिक , मुख्य विकास अधिकारी, एस.डी.म सदर एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी, सी.ओ सदर की उपस्थिति में महिलाओं की समस्याएं विस्तार से सुनी गई। सभी पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुनने के बाद उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में महिलाओं के हितों का ध्यान रखते हुए प्राथमिकता पर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। इस मौके पर महिला कल्याण विभाग से वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाइन, बाल संरक्षण इकाई एवं हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ विमेन से सभी कार्मिक उपस्थित रहे।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत



**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे के एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से युवक को सदर अस्पताल के लिए रेफर किया गया था लेकिन कानपुर ले जाते समय युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कस्बे के मोहल्ला मराठीपुरा टेमन बाबा के निवासी भगवान दास (22) पुत्र स्व. चुनुबाद ने अपने घर में देररात अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगडने पर परिजनों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से युवक की हालत खराब होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था लेकिन सदर अस्पताल से कानपुर ले जाते समय रास्ते में युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने परिवार में दो भाई और तीन बहिन थे जिसमे दो बहनो की शादी हो चुकी है। वहीं सूत्रों की माने तो मृतक की मां अक्सर बीमार रहती थी और कर भी अस्पताल में भर्ती रही है उसके बाद रात में घर आकर सभी ने साथ में खाना खाया लेकिन उसके बाद भगवान दास ने ऐसा क्यों किया कोई कुछ नहीं कह रहा। जबकि कुछ लोग मृतक की मौत का कारण आर्थिक तंगी बता रहे हैं। जबकि इस सम्बन्ध में प्रभारी कोतवाली प्रभारी चंद्र शेखर गौतम ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और कोई तहरीर आएगी तो उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## आर्थिक तंगी व कर्ज के बोझ से पीड़ित मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- अधेड़ मजदूर की असामयिक मौत से परिजनों में कोहराम
- शव पोस्टमार्टम को भेज जांच में जुटी पुलिस

**चरखारी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रिवई निवासी 45 वर्षीय अधेड़ मजदूर ने आर्थिक तंगी और कर्ज से परेशान होकर अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मजदूर को फांसी से लटकता देख परिजनों में हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम रिवई निवासी हरप्रसाद उर्फ़ पप्पू पुत्र खुशहाली श्रीवास उम्र 45 वर्ष शुक्रवार रात को खाना खाने के बाद सोने चला गया। तड़के सुबह करीब चार बजे जब उसकी माँ की नींद खुली तो बेटे का शव कमरे के अंदर फांसी से लटकता मिला। परिजनों द्वारा पुलिस को सूचित किया गया जिसके बाद पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारा और परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक हर प्रसाद के पिता खुशहाली ने बताया कि हर प्रसाद पत्नी अपनी संतोष के साथ गुजरात के सूरत में रहकर मेहनत मजदूरी करता था दीपावली पर्व में अकेला वापस आया था जबकि बहू संतोष सूरत में रह रही है,हर प्रसाद गांव में रहकर मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहा था प्रतिदिन मजदूरी ना मिल पाने और लोगों से लिए गए उधार के पैसे ना चुका पाने से परेशान होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मृतक हर प्रसाद के दो बेटे और दो बेटियां बताई जा रही हैं। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गृहक्लेश के चलते फांसी लगाकर हरप्रसाद ने की आत्महत्याः थानाध्यक्ष

**चरखारी।** थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह का कहना है कि मृतक हर प्रसाद परिवार सहित गुजरात के सूरत में रहकर मजदूरी करता था। पत्नी से विवाद के बाद दीपावली में गांव आया था पत्नी नाराज होकर सूरत से ही अपने मायके चली गई थी हरप्रसाद द्वारा बुलाने के बाबजूद भी वह नहीं आई जिसके बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। फिलहाल शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है और अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्तिथियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चरखारी/महोबा।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक को फांसी से लटकता देख परिजनों में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। कस्बा के छोटा रमना मोहल्ला निवासी रामप्रसाद के 22 वर्षीय पुत्र विशेष ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। युवक को फांसी से लटकता देख परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कबरई/महोबा, समृद्धि न्यूज।**




पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया के द्वारा गठित की गयी उपनिरीक्षक आशीष यादव मय हमराह कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त जीतेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र रामकुमार विश्वकर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बीला दक्षिण को निर्माणाधीन हाइवे पर बनी पक्की कोठरी के पास कस्बा कबरई से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कबरई में मुकदमा धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

## थाना समाधान दिवसः एसपी ने जनसुनवाई में सुनी फरियादियों की समस्याएं

**चरखारी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के थाना चरखारी में पहुँचकर क्षेत्र से आये फरियादियों की समस्याओं की जनसुनवाई क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे एवं थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह सहित समस्त पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों को उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र समाधान हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर प्राप्त शिकायतों के निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर पारदर्शी, त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करना है। थाना महोबकंठ में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड द्वारा प्रभारी निरीक्षक महोबकंठ विनोद कुमार एवं अन्य पुलिस,प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जनसमस्याओं की सुनवाई की गयी एवं सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी प्रकार जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच कर, शिकायतों के निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संयुक्त टीमों द्वारा मौके पर जाकर त्वरित कार्यवाही की गई। थाना समाधान दिवस के अंतर्गत जनपद में कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 41 शिकायतें राजस्व से सम्बन्धित व 04 शिकायत पुलिस से सम्बन्धित पायी गयी।

# आज भी एसआईआर का कार्य रहेगा जारी

- मतदाता सूची पुनरीक्षण में आई तेजी, डीएम ने कंपोजिट विद्यालय केसरगंज के बूथों का किया निरीक्षण
- सभी मतदाता अपना प्रपत्र बीएलओ के पास कर सकते हैं जमा



**सभी बीएलओ अधिकारी रहेंगे फील्ड पर**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) अभियान में अब तेजी देखने को मिल रही है। शुक्रवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के साथ विधानसभा हैदरगढ़ क्षेत्र के ब्लॉक संसाधन केंद्र केसरगंज और कंपोजित विद्यालय केसरगंज स्थित बूथ संख्या 63, 64, 65 व 66 का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए मौजूद सुपरवाइजर, बीएलओ और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

डीएम ने निर्देश दिया कि आज रविवार को भी बीएलओ द्वारा पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा सभी मतदाता अपना प्रपत्र बीएलओ के पास जमा कर सकते हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 का कार्य काफी तेजी से चल रहा है। पुनरीक्षण कार्य को ससमय पूर्ण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा कल दिनांक 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को भी बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र प्राप्त कर डिजिटाइजेशन का कार्य करने का आदेश निर्गत किया गया है। उनके आदेशानुसार संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा बीएलओ के कार्यों का नियमित पर्यवेक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी मतदाता अपने गणना प्रपत्र बीएलओ के पास डिजिटाइजेशन जमा कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ और अधिकारी फील्ड पर रहकर पुनरीक्षण कार्य समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन बीएलओ को जिलाधिकारी ने दी बधाई

जिलाधिकारी ने जनपद में श्रेष्ठ कार्य करने वाले तीन बीएलओ को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इन बीएलओ द्वारा पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रगति सुनिश्चित की गई है। जिलाधिकारी ने जितेन्द्र कुमार (सहायक अध्यापक) प्रा. विद्यालय कमला पहाड़ापुर ब्लाक- सिद्धौर, कुल मतदाता 326 भाग संख्या-15 प्रा0 हैदरगढ़ विधानसभा-272 को SIR-2026 अभियान में उत्कृष्ट प्रगति के लिए हार्दिक बधाई दी। इसके साथ ही पूनम वर्मा (सहायक अध्यापक) प्रा. विद्यालय कोटवा, कुल मतदाता 844 भाग संख्या-52 हैदरगढ़ विधानसभा-272 को और नीलम सोनी (शिक्षामित्र) प्रा. विद्यालय भटुवामऊ, कुल मतदाता 707 भाग संख्या-54 कुर्सी विधानसभा-266 को SIR-2026 अभियान में उत्कृष्ट प्रगति के लिए हार्दिक बधाई।

### मतदाता फॉर्म न देने पर मतदाता सूची से कट सकता है नाम

जिलाधिकारी ने कहा कि कई स्थानों पर मतदाता बीएलओ को फॉर्म भरने के लिये आवश्यक जानकारी नहीं उपलब्ध करा रहे हैं, ऐसे मामलों में मतदाता सूची से नाम कटने की संभावना बन जाती है। उन्होंने अपील की कि सभी मतदाता समय से बीएलओ को गणना प्रपत्र भरकर जरूर दें। इसी क्रम में डीएम ने मौके पर ही एक मतदाता का फॉर्म स्वयं भरवाकर अभियान की गंभीरता का संदेश दिया।

### 2003 की मतदाता सूची का शीघ्र मिलान करने के निर्देश

डीएम ने बताया कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नामों का वर्तमान सूची से मैपिंग (मिलान) कार्य तेजी से पूरा किया जाए, ताकि पुराने रिकॉर्ड का सत्यापन भी सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ राजेश विश्वकर्मा, खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार उपाध्याय, खंड शिक्षा अधिकारी, सुपरवाइजर और बीएलओ मौजूद रहे।

## समाजवादी धारा और जन जुड़ाव के पर्याय थे रामसेवक और मुलायम : राजनाथ

- गांधी भवन में समाजवादी पुरोधा को किया गया याद, दी गई श्रद्धांजलि



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी आन्दोलन के सेनानी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व रक्षामंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की जयन्ती और समाजवादी पुरोधा, पूर्व सांसद स्व. रामसेवक यादव की पुण्यतिथि पर शनिवार को गांधी भवन में स्मृति सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उनके चित्र पर माल्र्यापण कर उन्हें याद किया गया गया। सभा की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने मुलायम सिंह यादव और रामसेवक यादव को सादगी, संघर्ष और जनसेवा की मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि रामसेवक यादव और मुलायम सिंह यादव समाजवादी धारा और जन जुड़ाव के पर्याय थे। मुलायम सिंह यादव ने डॉ राममनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण के बताए रास्ते पर चलकर देश के हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली व तरक्की लाने का काम किया। वहीं रामसेवक यादव ने सादगी, विचार और जन जुड़ाव को राजनीति का मुख्य आधार बनाया। दो नेताओं ने समाज के उन लोगों की आवाज को उठाने का काम किया जिनकी कोई नहीं सुनता था। वह दोनों खांटी समाजवादी नेता थे। श्री शर्मा ने बताया कि सूबे में तीन बार मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव समाजवादी आंदोलन की उपज है। वहीं रामसेवक यादव ने सामंती ताकतों से लड़कर समाजवाद की स्थापना की। सभा में समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह यादव ने कहा कि रामसेवक यादव तीन बार लोकसभा सदस्य, दो बार विधायक, विधान मंडल में दल के उपनेता और लोक लेखा समिति के अध्यक्ष रहे। राजनीतिक जीवन में लोहिया के विचार और व्यक्तित्व से उनका गहरा अपनापन रहा। 22 नवम्बर को रामसेवक यादव के निधन से उपजी रिक्तता की भरपाई समाजवादी धारा में पूरी तो नही हो पायी, लेकिन उस विचार परम्परा पर चलते हुए समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने काफी हद समाजवादी धारा को आगे बढ़ाया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अनुपम सिंह राठौर, सत्यवान वर्मा, सभासद अश्विनी शर्मा, नीरज दूबे, दीपक मिश्र, आसिफ हुसैन, मनीष सिंह, विजय कुमार सिंह मुन्ना, विजयपाल गौतम, साकेत संत मौर्य, रंजय शर्मा, नीरज दूबे, विनोद भारती, हिमांशु वर्मा आदि कई लोग मौजूद रहे।

### लोकबंधु की जयन्ती में शामिल होंगे गोप

**बाराबंकी।** गांधी भवन में 23 नवंबर को समाजवादी आन्दोलन प्रखर नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री लोकबंधु राजनारायण की 109वीं जयन्ती मनाई जाएगी। इस मौके पर प्रातः 11 बजे राजनारायण जी का संघर्षमय राजनीतिक जीवन विषयक पर परिचर्चा होगी। पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। सभा की अध्यक्षता कानपुर कैंट विधानसभा से विधायक रहे गणेश दीक्षित करेंगे। वहीं वक्ता के रूप में समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिपाठी, लोकतंत्र रक्षक सेनानी धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार सतीश प्रधान उपस्थित रहेंगे।

## मुलायम सिंह की जयंती एवं रामसेवक यादव की पुण्यतिथि पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



गांव गरीब गुरबत मे रहने वाले जनमानस की बुलंद आवाज थे नेता मुलायम सिंह यादव, नेता जी जैसा ना तो कोई हुआ है ना कोई होगा।

उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर स्व मुलायम सिंह यादव की जयंती एवं समाजवादी पुरोधा स्वर्गीय रामसेवक यादव की पुण्यतिथि पर आयोजित विचार गोष्ठी में स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव एवं स्वर्गीय रामसेवक यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के बीच में व्यक्त किए।

पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने आगे कहा नेताजी हमेशा अपना जन्मदिन पार्टी ऑफिस में आम कार्यकर्ताओं के बीच में मनाते थे। हम सभी कार्यकर्ता व्यक्तिगत मिलकर नेताजी को बधाई देते थे आशीर्वाद लेते थे नेताजी से मिलकर कार्यकर्ताओं को ऊर्जा मिलती थी इस बात का दुख सदैव रहेगा कि नेताजी आज हम सबके बीच नहीं है लेकिन उनके कार्य विचार सदैव हम लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहे हैं और देते रहेंगे नेताजी के दिखाएं बताएं रास्ते पर चलते हुए हम सबको आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को मजबूत करने का काम करते हुए 2027 में अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाकर नेताजी के सपनों को साकार करने का काम करना है यही नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए कहा कि मुझे नेताजी से मिलने का बहुत कम मौका मिला लेकिन जब भी मिला नेताजी ने सदैव पार्टी की नीतियों सिद्धांतों पर चलने की शिक्षा देने के साथ सबको जोड़कर चलने की जो सीख हमें दी थी उनके उसी दिखाएं बताएं रास्ते पर चलने का निरंतर प्रयास कर रहा हूं।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सरवर अली खां, जिला अध्यक्ष हाफिज हाफिज अयाज अहमद ने भी सम्बोधित किया। इससे पहले सपा नेताओंने पूर्व स्वर्गीय रामसेवक यादव की समाधि पर अमिताभ यादव द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे सैकड़ो कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी ने उपस्थित होकर समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित किया। पार्टी कार्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी में पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, जैदपुर विधायक गौरव रावत, पूर्व विधायक राममगन रावत, सरवर अली खां, राम गोपाल रावत पूर्व एमएलसी अरविंद यादव, सरताज चौधरी विकास यादव हुमायूं नईम खान ब्लॉक प्रमुख श्रीमती रेनू वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व प्रमुख आरफू मियां, राजेंद्र वर्मा पप्पू, रजनी यादव, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू, नसीम कीर्ति, राजेश वर्मा प्रदुमन यादव मोहम्मद रिजवान संजय, जसवंत यादव, विजय यादव, मोहम्मद आफाक, कामता यादव, जिला सचिव अनिल यादव, समीम फन्ने सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### जर्जर हुई बरबसौली से सतावां का मार्ग, राहगीरों की परेशानी बढ़ी

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** हरख ब्लॉक क्षेत्र मे बरबसौली से सतावा तक की सड़क की हालत बेहद जर्जर हो गई है।सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है और गिट्टियां उखड़ गई हैं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।यह मार्ग सतावा,रहीमाबाद, दौलतपुर और टेसुआ जैसे गांवों को जोड़ता है।प्रतिदिन सैकड़ो स्कूली बच्चे और बड़ी संख्या में राहगीर इस सड़क से गुजरते है।सड़क की खराब हालत के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है।स्थानीय ग्रामीणो ने इस संबंध मे अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होने बताया कि सड़क की मरम्मत न होने से जानमाल का खतरा बना हुआ है।ग्रामीणो ने सरकार और संबंधित विभाग से तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की गुहार लगाई है।

## खबरें एक नजर में

### 25 वर्षीय युवक की मार्ग दुर्घटना मे मौत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सड़क दुर्घटना में 25 वर्षीय युवक की हुई दर्दनाक मौत चन्दापुर थाना क्षेत्र के भौसी मंज़रे डोमापुर गांव का युवक कमलेश पुत्र ईश्वरदीन उम्र 25 वर्ष किसी कार्य से महराजगंज की तरफ जा रहा था चन्दापुर पावर हाउस पाल ट्रेडर्स के पास उसका एक्सीडेंट हो गया आनन-फानन घायल को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया गया हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों द्वारा उसे जिला रेफर कर दिया गया जहां कमलेश यादव की मौत हो गई मृतक की पत्नी सहित भाइयों और परिजनों का रो-रो के बुरा हाल था मृतक मजदूरी करके परिवार का गुज़र बसर कर रहा था अब परिवार को उसके न रहने पर आगे कैसे चलेगा इसकी चिंता खाए जा रही है।

### 106 वर्षीय पूर्व सैनिक के निधन से शोक की लहर, बड़ी संख्या में लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक बनीकोडर अंतर्गत तासीपुर गांव निवासी 106 वर्षीय पूर्व सैनिक यार मोहम्मद का शनिवार सुबह निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और सैकड़ों लोगों ने पहुचकर उनकी शव यात्रा में शामिल होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। परिजनों के अनुसार यार मोहम्मद ने वर्ष 1960 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे वे अपनी वीरता और अनुशासन के बल पर हवलदार के पद तक पहुंचे। देश की सुरक्षा में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान देते हुए 1971 व 1974 की लड़ाइयों में हिस्सा लेकर देश की लड़ाई में भाग लिया था। ग्रामीणों ने बताया कि यार मोहम्मद गांव के वरिष्ठतम व्यक्तियों में शामिल थे और सभी के प्रिय थे। वे युवको को हमेशा देश हित और अपने जीवन तथा उस समय की बातों को साझा किया करते थे इस लम्बी आयु में भी उनका अनुशासन, सादगी और देशभक्ति लोगों को प्रेरित करती रही। परिवार में शोकाकुल माहौल है। सैन्य पृष्ठभूमि के इस पूर्व सेनानी को गांव में ही गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

### पत्नी वियोग में अधेड़ ने जहरीले पदार्थ का किया सेवन, हालत गंभीर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** प्राप्त जानकारी के अनुसार पति सत्यपाल पुत्र सूरजपाल उम्र 40 वर्ष का अपनी पत्नी राजवती से करीब 6 माह से आपसी विवाद चल रहा है। जो कि अपने मायके में रहती है। उक्त अधेड़ के दो संताने भी हैं, जिसमें पुत्र उसके पास रहता है और पुत्री उसकी पत्नी के साथ रहती है। शनिवार दोपहर किसी बात को लेकर फोन पर फिर से पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। जिसके चलते पति सत्यपाल ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। आनन - फ़ानन परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### डीसीएम की टक्कर से बुलेट सवार फौजी समेत तीन की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र अमेठी के अंतर्गत थोरा गांव के पास डीसीएम ने बुलेट मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिसमें बुलेट सवार तीन लोगों की मौत हो गई। महाराजपुर निवासी हीरा लाल कोरी के घर से पीपरपुर थाना क्षेत्र के गांव हारीपुर बारात गई हुई थी। बारात में शामिल होने उसी गांव महाराजपुर निवासी उत्कर्ष सिंह उर्फ टिंकू उम्र 40 वर्ष फ़ौजी पुत्र शेर बहादुर सिंह, बजरंग सिंह उम्र 35 वर्ष पुत्र अमर बहादुर सिंह व अंशु सिंह पुत्र बैजनाथ सिंह उम्र 28 वर्ष गए हुए थे। देर रात तीनों युवक बुलेट से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में थौरा गांव के पास पहुंचते ही सामने से आ रही अनियंत्रित डीसीएम ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे तीनों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटना में शामिल वाहन को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### यातायात पुलिस ने आम जन को दी यातायात नियमों की जानकारी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु 22 नवंबर को यातायात जागरूकता माह नवंबर के बाइसवें दिन जनपद यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर कस्बा जगदीशपुर में व गौरीगंज में आमजनमानस को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी तथा वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन न चलाने व निर्धारित सीमा से अधिक सवारी न बैठाने की अपील की गयी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 165 वाहनों का चालान कर 1,95,000 रुपये जुर्माना योजित किया गया।

### समाजसेवी ने आश्रम में बटुकों को किया कम्बल वितरण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र अमेठी स्थित स्वामी परमहंस आश्रम टीकरमाफी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीत ऋतु के प्रारम्भ में प्रसिद्ध व्यवसाई एवं समाजसेवी रमेश द्विवेदी द्वारा स्वामी परमहंस आश्रम टीकरमाफी अमेठी में अध्यनरत वेद वेदांग एवं सनातन धर्म की शिक्षा ग्रहण करने वाले 150 छात्रों को श्री द्विवेदी निवासी घूरे का पुरवा सिंगठी अयोध्या नगर बाजार विकास खण्ड भादर द्वारा 150 गद्दा, 150 कम्बल और 150 ऊनी बेडशीट, वितरित किया गया। इस अवसर पर टीकर माफी आश्रम के प्रबंधक स्वामी 1008 श्री हरि चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बृजेंद्र बहादुर सिंह बड़े बाबू, डॉ. अनिल पांडेय व्यास, अंबिका प्रसाद, डॉ सुधाकर, आचार्य अंकित राज उपाध्याय, आचार्य कपिल, डॉ नीरव, सूरज, लवकुश, ज्ञान चंद्र, आदि आचार्य गण उपस्थित रहे।

## डीएम-एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, निस्तारण के दिये निर्देश



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें अधिकारियों ने फरियादियों की विभिन्न समस्याएं सुनकर निस्तारण किया।

सलोंन थाना में आयोजित थाना दिवस में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उनका निस्तारण किया।

इस दौरान समस्त विभागों के प्राप्त शिकायतों में कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।शेष बची शिकायतों के लिए अधीनस्थों को टीम गठित कर त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

### दो बच्चों की मां फरार पति ने क्षेत्राधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** राम सुफल पुत्र परसादी निवासी ग्राम कैर थाना महराजगंज जनपद रायबरेली ने महराजगंज क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि घटना दिनांक 4, 9, 2025 की है प्रार्थी की पत्नी रामपति अपने साथ घर का सारा जेवर कर करधनी हाफ पेटी दो जोड़ी पायल बाल चोटी हाथ फूल गुच्छा मंगलसूत्र आदि समान तथा उसके खाते में प्रार्थी द्वारा जमा कराए गए 46000 लेकर कहीं चली गई है इसके संबंध मे प्रार्थी द्वारा थाने पर सूचना दिया गया परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे प्रार्थी को आशंका है कि उसकी पत्नी के साथ कोई अप्रिय घटना संभावित है प्रार्थी को शंका है कि एवं विश्वास है कि वह जिस व्यक्ति के साथ गई है उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा है राम सुफल ने क्षेत्राधिकारी से गुहार लगाते हुए कहा है कि दो बच्चों को छोड़कर चली गई है इस संबंध में उचित कार्यवाही करवाने की कृपा की जाए।

## अज्ञात चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना, एक में पाई सफलता तो एक में रहे असफल

- लगभग 2 लाख के जेवरात व हजारों रुपए नगदी किए पार



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र की थुलेडी चौकी के अंतर्गत बाबूगंज मजरे अटरा गांव में बीते शुक्रवार व शनिवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने चौकी पुलिस के गस्त की पोल खोलते हुए दो घरों में धावा बोलते हुए एक घर को पूर्ण रूप से निशाना बनाने के पश्चात चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जबकि एक घर में वह कामयाबी पाने में असफल रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने उक्त गांव के दो घरों रिंकू पुत्र बैजनाथ एवं गुड्डू पुत्र राजाराम के यहां बीती रात धावा बोला, जहां चोरों ने रिंकू पुत्र बैजनाथ के घर से लगभग दो लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात एवं रु. 25000 नगद पार कर दिए तो वही गुड्डू के घर में सुगबुगाहट देख चोर चोरी की घटना को पूर्ण रूप से अंजाम देने में असफल रहे। पीड़ित रिंकू के द्वारा बताया गया कि चोर उसके घर में छत के रास्ते से प्रवेश किये और उन्होंने चोरी की घटना को अंजाम देते हुए घर में कमरे के अंदर अलमारी में रखे लगभग दो लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात व रु. 25000 नगद पार कर दिए। साथ ही साथ उनके द्वारा यह भी बताया गया कि जब वह सुबह सोकर उठे, तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। घटना की सूचना जैसे ही गांव में आग की तरह फैली तो सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों का जमावड़ा घटनास्थल पर लग गया। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है, जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## बेसिक शिक्षा विभाग की शैक्षिक संगोष्ठी आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में शनिवार को बेसिक शिक्षा विभाग की शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन बी0आर0सी0 पिसावां में किया गया।

संगोष्ठी के दौरान जिलाधिकारी ने सभी शिक्षकों को निर्देश दिये कि नियमित रूप से विद्यालय में अपनी उपस्थित समय से दर्ज करायें। विद्यालय न जाने वाले शिक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि 52 विद्यालयों में मिड-डे-मिल शेड बनाये जायेंगे, जहां पर बच्चे बैठकर भोजन कर सकेंगे।

जिलाधिकारी द्वारा जारी चेकलिस्ट के आधार पर विद्यालय का निरीक्षण सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि मिड-डे-मिल में दिये जाने वाले भोजन को शिक्षक बच्चों के साथ ही भोजन करेंगे। शिक्षक-शिक्षिकाएं संदर्शिका से योजना बनाकर अध्यापन कार्य सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि छात्रों का सतत आंकलन कर बच्चों को निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति करायी जाये तथा निपुण तालिका का प्रदर्शन भी किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी बच्चे निर्धारित ड्रेस एवं स्वेटर में निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित हों, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने सभी को पिसावां को निपुण ब्लॉक पिसावां बनाने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महराजगंज रायबरेली में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम के क्रम में सीनियर सेकेंडरी भैया बहनों की माता का समागम हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ दी प्रज्वलन से हुआ जिसमें आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधा मिश्रा ने किया मुख्य अतिथि शैलजा त्रिपाठी रही प्रश्नोत्तर सत्र में उपस्थित माता बहनों ने बढ़-चढ़कर सहभाग किया इस मौके पर 125 मातृ शक्ति उपस्थित थी मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी आरती रही। प्रमुख रूप से रिंकी अनीता सिंह सूरज देवी शिवानी यादव आशा सिंह सरस्वती सलोनी यादव फूलदुलारी वंशिका सिंह नेहा तिवारी उषा मिश्रा शीला मिश्रा जी उपस्थित रही। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण के रूप में जीजाबाई की झांकी बहन मोहिनी यादव रानी लक्ष्मीबाई के रूप मेंयशी चौरसिया किरण बेदी के रूप में प्रतिष्ठा भागों में स्वरूप धारण कर समाज को नारी शक्ति का संवर्धन प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक मंडल सरोज मौर्य सीमा किरण कश्यप ने आए हुए सभी अतिथियों को आभार व्यापित किया। सधन्यवाद।

### पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपा बच्चों को दिया उपहार



**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जन्म जयंती के अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता दिग्विजय सिंह देव ने बिसवां विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पेंसिल, रबर, कटर, कॉपी, किताबें व अन्य शैक्षिक सामग्री वितरित कर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। इस मौके पर मेराज अहमद, संदीप कश्यप, आरिफ घोषी श्याम यादव, दुर्गेश प्रजापति सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता भी उनके साथ मौजूद रहे।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने किया जूट बैगों का वितरण



**बिसवां (सीतापुर), समृद्धि न्यूज।** नगर को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल द्वारा जूट बैगों का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने नागरिकों से सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त बिसवां बनाने का संकल्प लेने की अपील की। अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल ने कहा कि बाजार जाते समय लोग पॉलिथीन की जगह कपड़े या जूट के थैलों का इस्तेमाल करें, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ नगर की स्वच्छता भी बनी रहे। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक प्रदूषण रोकने और जागरूकता बढ़ाने के लिए नगर पालिका समय-समय पर ऐसे अभियान चलाती रहेगी। कार्यक्रम में मौजूद नगरवासियों ने भी प्लास्टिक का उपयोग कम करने और स्वच्छता अभियान में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## धूमधाम से मनाई गई सपा संस्थापक की जयंती

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**




देश के पूर्व रक्षा मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेता जी मुलायम सिंह यादव की 86वीं जयंती तिलोई विधानसभा के ग्राम महमदपुर में धूमधाम से मनाई गई। सपा नेता रंजीत यादव ने नेताजी को नमन किया। उन्होंने कहा कि नेताजी की जयंती हम सबके लिए समाजवादी मूल्यों के प्रति अपने संकल्प को दोहराने का शपथ दिवस होती है। आज जन-जन में जो सामाजिक चेतना और जागरूकता आई है उसकी जमीन नेताजी और उनके साथ के समर्पित लोगों ने तैयार की है। राजू गूजर ने कहा कि हम सब की ये जिम्मेदारी है कि उनके बोये सैद्धांतिक बीजों और उनके रोपे हुए वैचारिक पौधों को भी अधिक सकारात्मक वातावरण दें, जिससे समानता,समता, सौहार्द और सबकी समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो सके। इमरान गुर्जर ने कहा कि नेताजी ने ही हम सबको यह समझाया और सिखाया है कि सच्चे लोकतंत्र की सच्ची दिशा नीचे से ऊपर की ओर होती है। जब पंक्ति का अंतिम व्यक्ति सशक्त होगा तभी समाज और देश सशक्त होगा। हम सब आज फिर नेताजी के संकल्पों, सिद्धांतों पर चलने व उनके लिए लड़ने का वचन उठाते हैं। इस मौके पर शाहिद, इरफ़ान, योगेंद्र यादव, विजय पासी, राम प्रसाद वर्मा, शाहिद, जिब्राइल, हनीफ, रामपाल यादव, राम नरेश मौर्य मनीष चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

### थाना समाधान दिवस पर डीएम एसपी ने सुनी जन शिकायतें



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने शनिवार को थाना गौरीगंज में आयोजित समाधान दिवस के दौरान आमजन द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और थानाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने कहा कि समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का निस्तारण यथाशीघ्र करना है, ताकि जनता को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। समाधान दिवस में भूमि विवाद, पारिवारिक समस्याओं, राजस्व संबंधित मामलों एवं पुलिस विभाग से जुड़े प्रकरण रहे। इस अवसर पर थानाध्यक्ष गौरीगंज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये : डीएम

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना पिसावां में जनसुनवाई की। उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये।

राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये।

महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाये तथा समस्त संबंधित अभिलेख अद्यतन रखे जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी महोली देवेन्द्र कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जयंती पर नेताजी मुलायम सिंह यादव को किया याद

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व सपा विधायक अरविन्द सिंह यादव मैं अपने कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में नेताजी को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती हम सबके लिए 'समाजवादी मूल्यों' के प्रति अपने संकल्पों को दोहराने का 'शपथ-दिवस' है।



उन्होंने कहा आज जन-जन में जो सामाजिक चेतना और जागरूकता आई है, उसकी ज़मीन नेताजी और उनके साथ के समर्पित लोगों ने ही तैयार की थी। आज हम सबकी ये जिम्मेदारी है कि उनके बोये सैद्धांतिक बीजों और उनके रोपे हुए वैचारिक पौधों को और भी अधिक सकारात्मक वातावरण दें, जिससे समानता, समता, सौहार्द व सबकी खुशहाली का मार्ग प्रशस्त हो सके और विकास की दिशा सब भेदभाव मिटाते हुए, देश के अंतिम व्यक्ति से प्रथम व्यक्ति की ओर हो जाए। नेताजी ने ही हम सबको ये समझाया और सिखाया कि सच्चे लोकतंत्र की सच्ची दिशा नीचे से ऊपर की ओर होती है। जब पंक्ति का अंतिम व्यक्ति सशक्त होगा तभी समाज और देश सशक्त होगा।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव प्रताप सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल, आदिल परवेज, राशिद फारुकी, संतोष गुप्ता, राय सिंह, मोनू चौहान, अनुराग वाजपेयी, अलोक दुबे, गोविंद एडवोकेट, मीडिया प्रभारी अंकुर सिंह यादव, स्वदेश पाल, हिमांशु सिंह, मुकेश शाक्य व भोला यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों में कंबल बांटकर मनाई नेताजी की जयंती



**छिबरामऊ, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के युवा नेता दीपू चौहान ने शनिवार को स्थानीय भट्ठा मजदूरों व जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित कर पूर्व मुख्यमंत्री व सपा संरक्षक नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई।

इस अवसर पर दीपू चौहान ने कहा कि नेताजी ने समाजवादी पार्टी के रूप में जो छोटा-सा पौधा रोपित किया था, वह आज विशाल बट वृक्ष बन चुका है। उनके पुत्र एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कुशल नेतृत्व में पार्टी निरंतर मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। आने वाले चुनाव में एकजुट होकर अधिकतम सीटें जीतकर अखिलेश यादव को फिर से उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। नेताजी का सपना था कि समाज का हर वंचित व्यक्ति सम्मान व अधिकारों से जीए, उसी संकल्प को पूरा करने के लिए हम कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। यही नेता जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में तहसील स्तरीय निबंध, चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में तहसील के विभिन्न विद्यालयों से 21 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधक श्रीमती मीनू आलोक गुप्ता की मौजूदगी में निर्णायक मंडल का दायित्व प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार एवं सहायक अध्यापिका कीर्ति वाजपेयी ने निभाया। स्वतंत्रता आंदोलन में सरदार पटेल का योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता में उदय प्रताप सिंह (हीरालाल इंटर कॉलेज) प्रथम, रिमझिम गुप्ता (भारतीय शिक्षा सदन, सिकंदरपुर) द्वितीय एवं वैष्णवी पाठक (हीरालाल इंटर कॉलेज) तृतीय रहे। सरदार पटेल का व्यक्तित्व एवं कृतित्व चित्रकला प्रतियोगिता में नव्या दुबे (भारतीय शिक्षा सदन) प्रथम, दिव्य ज्योति (जेडी जनता इंटर कॉलेज) द्वितीय एवं इशरत परवीन (हीरालाल इंटर कॉलेज) तृतीय स्थान पर रहीं। सरदार पटेल-भारत के एकीकरण के शिल्पकार) विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता में स्वाति पाल व प्रांजल सिंह ठाकुर की जोड़ी प्रथम, सूर्यांश दीक्षित व स्नेहा मिश्रा द्वितीय तथा सृष्टि यादव व इरम फातिमा तृतीय रही। समापन अवसर पर विजेताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्रा ने सभी आगंतुकों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**▸ सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर तहसील स्तरीय आयोजन**

एनसीसी मेजर संदीप कुमार माधव के संचालन में हुए कार्यक्रम में श्री नारायण गुप्ता, प्रभात कुमार शुक्ला, जितेंद्र कुमार, त्रिशला तिवारी, राजेंद्र सिंह एवं दिलीप कुमार ने सहयोग किया।

## खबरें एक नजर में

### वरिष्ठ जनों ने किया नगर पालिका द्वारा नवनिर्मित सीसी रोड का उद्घाटन

**▸ एमआरएफ सेंटर तक कूड़ा निस्तारण में होगी आसानी**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।** नगर में शनिवार 22 नवंबर को कोटवारा रोड से एमआरएफ सेंटर तक नगर पालिका द्वारा 15वें वित्त योजना से निर्मित सीसी रोड का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में सिल्वर सिटी एकेडमी के प्रबंधक हरमोहन खुराना, शिक्षक राजकुमार मिश्रा और गुरबाज सिंह ने पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' की उपस्थिति में आचार्य लवकुश शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चार और पूजन के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से एमआरएफ सेंटर तक नगर का कूड़ा अब सुगमता और समयबद्ध रूप से पहुँच सकेगा। उन्होंने बताया कि नगर के सफाई तंत्र को मजबूत करने और आवागमन को सुचारु बनाने के लिए नगर पालिका लगातार कार्य कर रही है। नई सड़क बनने से क्षेत्र के नागरिकों को आने-जाने में भी बड़ी सुविधा मिलेगी। उद्घाटन कार्यक्रम में राम गुलाम पांडेय, सभासद सुफियान खान, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, जेई सिविल अनिल यादव, शत्रोहन मिश्रा, रविन्द्र कटियार, काके सहगल, महेश पटवारी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### एमपी का युवक भटककर पहुंचा भटपुरवा कलां, ग्रामीणों की सतर्कता से पुलिस को मिली जानकारी



**ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज़।** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत भटपुरवा कलां में मध्यप्रदेश निवासी एक मंदबुद्धि युवक पिछले लगभग एक हफ्ते से भटककर पहुंचा हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने मानवता दिखाते हुए उसकी देखरेख की और मामले की सूचना जिम्मेदारों तक पहुंचाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक की पहचान जय (20 वर्ष) पुत्र प्रकाश आदिवासी, निवासी जिला बड़वानी, तहसील व थाना सेथंवा (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई है। भटककर गांव पहुंचने के बाद वह गांव निवासी परसुराम निषाद के घर रह रहा था। स्थिति को देखते हुए परसुराम निषाद ने गांव के चौकीदार रोज अली को जानकारी दी, जिसके बाद यह बात प्रधान जीत राम वर्मा तक पहुंची। मामले की गम्भीरता को देखते हुए शुक्रवार को इसे धौरहरा कोतवाली पुलिस को अवगत कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक का नाम-पता दर्ज किया और ग्रामीणों से उसकी देखभाल करने की अपील की।

### पुलिस ने अवैध तमंचा सहित युवक को दबोचा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में थाना विशुनगढ़ पुलिस ने संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ग्राम अल्हनापुर क्षेत्र में गिर्राज दुबे पुत्र रामसेवक दुबे निवासी अल्हनापुर को एक अदद अवैध देशी तमंचा 12 बोर तथा 4 जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष भागमल, उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार, कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह एवं वीरेन्द्र सिंह शामिल रहे।

### सप्ताह भर में सभी सड़कें गड्ढामुक्त करने के निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद में चल रहे गड्ढामुक्त अभियान की प्रगति की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्थाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर सभी चिन्हित सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाए, और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्य में ढिलाई या लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं जिम्मेदार संस्थाओं के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सड़कों की गुणवत्ता जांचने हेतु नामित नोडल अधिकारी स्थल निरीक्षण कर 01 दिसंबर 2025 तक विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि जिन स्थानों पर सड़क निर्माण कार्य लंबित है या प्रगति नहीं दिख रही, वहां का स्पष्टीकरण तत्काल प्रस्तुत करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित सभी संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में गल्ला व्यापारी की मौत



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** वेयर हाउस से निकल रहे गल्ला व्यापारी की बाइक के साथ उरई की ओर जा रहे दूसरे बाइक सवार की भिड़त हो गई। गल्ला व्यापारी को सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफ़र किया गया था। जहां इलाज के दौरान रात में गल्ला व्यापारी की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी राकेश कुमार गुप्ता (कल्लू) (50) नवीन गल्ला मंडी में गल्ला का व्यापार करते थे। शुक्रवार की शाम किसी काम के चलते उरई रोड स्थित वेयर हाउस में गए थे। वहां से काम निपटाकर वह बाइक से वापस जालौन की ओर लौट रहे। उधर, रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम जलेरा निवासी आकाश (20) व अजय सिंह (25) रामपुरा से उरई की ओर जा रहे थे। जब वह बाइक से वेयर हाउस के समीप पहुंचे तभी उनकी वेयर हाउस से निकलते समय राकेश गुप्ता की बाइक से टक्क हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों पर सवार बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से निकल रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें उच्च संस्थान रेफ़र कर दिया। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान राकेश कुमार गुप्ता की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पति के मौत की खबर सुनकर पत्नी अंशू गुप्ता रो रोकर बेहोश हो गई। बेटी आराध्या (10) व बेटा अंशुल (8) बार बार पापा को लाने की जिद कर रहे थे। गल्ला व्यापारी की मौत की खबर शनिवार को गल्ला मंडी में अवकाश रखा गया। गल्ला व्यापारियों ने शोक सभा में दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत की आत्मशांति व परिवार को धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### पति से दबंगों ने की अभद्रता, पत्नी ने दी तहरीर

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** कुछ लोगों ने पति के साथ अभ्रदता कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की पत्नी ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा निवासी प्रियांशी ने पुलिस को बताया कि उनके पति अमित एलयूसीसी कंपनी में एजेंट थे। यह कंपनी भाग चुकी है। इसी को लेकर कुछ लोग उसके घर आ धमके और पति के साथ अभद्रता करते हुए गाली, गलौज करने लगे। जब उन्होंने रोका तो जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़िता ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शिक्षा के प्रति जागरूक समाज ही कर सकता है तरक्की



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय समाज सशक्तिकरण संगठन द्वारा प्राथमिक विद्यालय भरौली में 124 जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए गरम इनर और पजामा वितरित किए गए। मुख्य अतिथि एवं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा ने कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूक समाज ही सच्ची तरक्की कर सकता है। जरूरतमंद बच्चों को संगठन निरंतर सहयोग देता रहेगा। अभिभावकों से अपील है कि वे अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें और उनकी शिक्षा पर पूरा ध्यान दें। शिक्षित बच्चे ही राष्ट्र का भविष्य हैं। कार्यक्रम का संचालन कर रहे वरिष्ठ शिक्षक कुलदीप यादव ने कहा कि इस तरह के सामाजिक सहयोग से बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ता है और गरीब परिवारों का बोझ भी कम होता है। उन्होंने संगठन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं एसएमसी अध्यक्ष मुनीष गुप्ता, समाजसेवी विजय गिहार, रवि यादव, जितेंद्र कुमार, शिवदीप, सूरज तिवारी, सुखराज सिंह, सृष्टि माथुर, सेजल, अपर्णा व प्रियंका सहित अनेक अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# डॉन बॉस्को स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता संपन्न

**मैलानी (खीरी), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय डॉन बॉस्को स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य आयोजन उत्साह और उमंग के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत मैलानी-खीरी की अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी व पूर्व अध्यक्ष अनीता यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। जैसे ही समारोह की शुरुआत हुई, विद्यालय परिसर तालियों से गूंज उठा।

शुभारंभ के बाद विद्यार्थियों ने आकर्षक परेड, वेलकम डांस, पी.टी. ड्रिल, योगा तथा जुम्बा प्रदर्शन प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की तालमेल और ऊर्जा को देख अभिभावक एवं अतिथि प्रशंसा करने पर मजबूर हो गए।

खेल प्रतियोगिताओं में 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, 100 मीटर रिले, सैक रेस, रस्साकशी सहित कई स्पर्धाएँ आयोजित की गईं। छोटे बच्चों ने स्पून रेस, फ्रॉग रेस और बलून रेस में अपनी फुर्ती, संतुलन और उत्साह का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे मैदान में बच्चों के जोश और प्रतिस्पर्धा की भावना देखने योग्य रही।

प्रतियोगिताओं के दौरान शिक्षकगण और अभिभावकों ने बच्चों का जमकर उत्साहवर्धन किया। विभिन्न वर्गों के परिणाम घोषित किए गए और विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य फा. बसंत तिर्की ने अपने संबोधन में कहा कि खेल-कूद विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार की उपस्थिति में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस दौरान नगर के कई गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

## जलसा सीरतुन्नबी इस्लाही मुआसरा समधन में आज





**समधन, समृद्धि न्यूज।** इस्लाही मुआसरा जलसा सीरतुन्नबी कार्यक्रम आज़ मौलाना मो0 सद्दाम व हाफिज अबूबकर सिद्दीक ने हमारे संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि जलसा कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो गई है समधन नगर के मोहल्ला नेहरू नगर स्थित एक मैदान में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक रोज़ा अजीमुश्शान जलसा सीरतुन्नबी इस्लाही मुआसरा कार्यक्रम आज रविवार शाम बाद नमाज़ इशा से शुरू होगा होगा जिसमें दूर दराज से उलेमा इकराम तशरीफ़ लाएंगे।

## दो साल से टूटी पड़ी पचदेवरा मार्ग की नहर पुलिया जनता परेशान, गन्ना सीजन में बढ़ी दिक्कतें



**मितौली, खीरी, समृद्धि न्यूज।** कस्ता-सीतापुर मार्ग से जुड़े लिंक रोड पर स्थित नहर की पुलिया पिछले दो वर्षों से जर्जर होकर आमजन के लिए मुसीबत बनी हुई है। धनपुर, पचदेवरा, दतेली, ओडहरा समेत आसपास के गांवों के हजारों लोगों का आवागमन इस एक पुलिया पर निर्भर है, लेकिन लगातार मरम्मत और टूट-फूट का सिलसिला थम नहीं रहा। ग्रामीणों के मुताबिक नहर विभाग हर कुछ महीनों पर अस्थायी मरम्मत कर वाहनों का आवागमन शुरू करा देता है, लेकिन जैसे ही नहर का बहाव बढ़ता है, पुलिया फिर से टूटकर बह जाती है। विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों का कहना है कि स्थायी निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक सिर्फ 卐फाइल चल रही है卐 जैसी बातें ही सुनाई देती हैं। इन दिनों गन्ना किसान अपने खेतों से क्रय केंद्रों तक फसल ले जाने में सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। टूटी पुलिया के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली और लदे हुए वाहनों का निकलना खतरे से खाली नहीं है। कई किसानों ने बताया कि मजबूरी में उन्हें 5-7 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाकर जाना पड़ता है, जिससे डीजल खर्च बढ़ रहा है और समय भी ज्यादा लग रहा है। ग्रामीणों ने कई बार नहर विभाग के अधिकारियों से शिकायत की है। विभाग की ओर से बताया गया था कि पुलिया निर्माण का प्रस्ताव भेज दिया गया है और तीन-चार महीनों में कार्य शुरू कर दिया जाएगा। लेकिन दो साल बीतने के बाद भी पुलिया का स्थायी निर्माण शुरू नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द निर्माण नहीं हुआ तो गन्ना सीजन में स्थिति और गंभीर हो जाएगी। बरसात या बढ़े हुए पानी के दौरान यहां से गुजरना लगभग असंभव हो जाता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व नहर विभाग से मांग की है कि आधे-अधूरे जतन छोड़कर जल्द से जल्द नई और मजबूत पुलिया का निर्माण कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके और किसानों की फसल समय पर क्रय केंद्रों तक पहुंच सके।

# ब्लॉक नकहा में खुली विकास की पोल, बीडीओ कार्यालय के सामने ही खराब पड़ा एआरओ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

**▸ अधिकारी बोलीं- आपने बताया तो जानकारी हुई**



लखीमपुर खीरी के विकासखंड नकहा परिसर में बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी एक बार फिर उजागर हुई है। बीडीओ कार्यालय के ठीक सामने कुछ महीने पहले लगाया गया एआरओ प्लांट महीनों से खराब पड़ा है, लेकिन विभागीय नजर अभी तक उस पर नहीं पड़ी। यही वजह है कि परिसर में आने वाले ग्रामीणों और कर्मचारियों को पीने के साफ पानी तक की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाया गया यह एआरओ प्लांट बंद पड़ा है और उसकी पाइपलाइन व मोटर खराब हो चुकी है। प्लांट के आसपास जमा गंदगी और टूटी फिटिंग यह दिखाने के लिए काफी है कि रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। नलों की लाइनें तो लगी हैं, लेकिन पानी नहीं आता, और कई नलों के नीचे जमा पानी तथा टूटे पाइप परिसर की उपेक्षा का स्पष्ट उदाहरण हैं।

लोगों का कहना है कि जब पूरे विकासखंड क्षेत्र में योजनाओं को लागू करने की जिम्मेदारी इसी दफ्तर से निकलती है, लेकिन खुद कार्यालय में पीने के पानी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं है, तो गांवों की स्थिति के बारे में सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। दफ्तर का यह हाल है तो गांवों में विकास कैसे होगा? – ग्रामीणों ने सवाल उठाए।

जब इस मामले में खंड विकास अधिकारी संगीता यादव से बात की गई तो उन्होंने चौंकाने वाला जवाब देते हुए कहा कि आप बता रहे हो तो जानकारी हुई है। मैं देखवाती हूँ। यह ठेकेदार की जिम्मेदारी होती है जिसने प्लांट लगाया है, देखकर सही कराया जाएगा।

उनके इस बयान से यह स्पष्ट हुआ कि कार्यालय के बिल्कुल सामने खराब पड़ा प्लांट भी उनकी जानकारी में नहीं था। यह स्थिति विभाग की कार्यशैली और नियमित निरीक्षण की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों और कर्मचारियों ने मांग की है कि खराब पड़े एआरओ प्लांट को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए और पीने के पानी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए, ताकि विकासखंड परिसर में ही मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

# जैनस इनिशिएटिव ने मेधावी छात्रों के सपनों को दी उड़ान



**▸ आर्थिक तंगी से जूझ रहे युवाओं को तीन वर्षों तक 12 हजार रु. वार्षिक मदद**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

उच्च शिक्षा का सपना आर्थिक हालात के आगे धूमिल न हो, इसके लिए सामाजिक संस्था जैनस इनिशिएटिव ने शुक्रवार को मेधावी छात्र-छात्रवृत्ति चयन परीक्षा आयोजित की। गुरुनानक डिग्री कॉलेज परिसर में हुई इस प्रक्रिया में लिखित परीक्षा के साथ इंटरव्यू भी लिया गया।

चयनित छात्रों को तीन साल तक प्रति वर्ष 12,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

संस्था के संस्थापक वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कई प्रतिभाएं संसाधनों के अभाव में पढ़ाई छोड़ देती हैं। संस्था का उद्देश्य ऐसे छात्रों को आगे बढ़ाकर समाज में बदलाव लाना है। वर्तमान में 80 विद्यार्थी इस योजना का लाभ ले रहे हैं, जिनमें लखीमपुर की प्रियांशी भी शामिल है, जिसे पिछले वर्ष स्कॉलरशिप मिली थी।

इस वर्ष 25 छात्रों ने लिखित परीक्षा दी, जिनमें से चुने गए 9 अभ्यर्थियों ने ज्यूरी के सामने अपनी परिस्थितियाँ और लक्ष्य साझा किए। अंतिम चयन ज्यूरी के अंक व आर्थिक स्थिति के आधार पर होगा।

# नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**▸ सामाजिक सौहार्द का दिया संदेश**
**▸ याद किए गए पूर्व रक्षा मंत्री, बच्चों ने भी दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के संस्थापक, देश के पूर्व रक्षा मंत्री तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती मंगलवार को गोला विधानसभा क्षेत्र में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। जनपद लखीमपुर खीरी की 139 गोला विधानसभा के जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में रहीस खान, जलील अंसारी, अतीक अहमद, ललित भार्गव, अय्यूब खान, गुफरान अंसारी, आसिफ अली अंसारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तथा क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। बच्चों ने भी नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्र सेवा और शिक्षा के प्रति समर्पण का संदेश दिया।

# एंबुलेंस में तड़पता रहा मरीज, रेलवे फाटक बंद होने से फंसी जान

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

नगर के अलीगंज रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर गंभीर रूप से बीमार मरीज को ले जा रही एंबुलेंस जाम में फंस गई, जिससे मरीज लंबे समय तक तड़पता रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रेलवे गेट बंद होने के बाद लगभग 15 मिनट तक फाटक बंद रहा, जिसके कारण सड़क पर लंबा जाम लग गया। मोटरसाइकिल से निकल रहे लोगों को भी जाम से बाहर निकलने में लगभग 30 मिनट का समय लग गया। ऐसे में एंबुलेंस को बाहर निकलने में कितना समय लगा होगा, यह सोचकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गोला गोकर्णनाथ-अलीगंज रोड रेलवे क्रॉसिंग पर रोजाना इसी प्रकार का भीषण जाम लगता है।



**▸ अलीगंज रोड क्रॉसिंग पर प्रतिदिन जाम से जनता परेशान, ओवरब्रिज निर्माण की उठी मांग**

मरीज, लाचार लोग, स्कूली बच्चे और आमजन अक्सर घंटों परेशान रहते हैं, लेकिन इस समस्या पर शासन-प्रशासन और रेल विभाग का कोई ध्यान नहीं है। समस्या को लेकर गरीब मजदूर किसान पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के.के. यादव ने गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, उसके बावजूद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला जा रहा। उन्होंने मांग की कि जब तक इस स्थान पर ओवरब्रिज का निर्माण नहीं कराया जाता, तब तक जनता को इस यातना से मुक्ति नहीं मिल सकती। श्री यादव ने शासन-प्रशासन से जोरदार आग्रह किया कि जनहित को देखते हुए इस क्रॉसिंग पर जल्द से जल्द ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाए, ताकि मरीजों, आम जनता और वाहन चालकों को राहत मिल सके और भविष्य में किसी अनहोनी की आशंका न रहे।

## मारुति बनी आग का गोला, बाल-बाल बचे सवार



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** उरई की ओर जा रही मारुती वैन में अचानक अकोढ़ी दुबे मोड़ के पास आग लग गई। कार में चालक व उसके दो बच्चे थे। चालक ने कार को रोककर बच्चों को बाहर निकाला और दमकल को सूचना दी। जब तक दमकल मौके पर पहुंचती तब तक कार जलकर खाक हो चुकी थी। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शाहगंज निवासी असलम (35) अपने बेटों राशिद (7) और असद (5) के साथ किसी काम के चलते मारुती वैन कार लेकर जालौन से उरई जा रहे थे। शाम करीब चार बजे जब उनकी कार अकोढ़ी दुबे मोड़ के पास पहुंची तभी वैन के पीछे के हिस्से से धुआं उठने लगा। कार के पीछे से धुआं उठता देखकर उन्होंने कार सड़क किनारे खड़ी करके अपने दोनों बेटों को उतार लिया। तभी कार में अचानक से आग लग गई। वह वहां से निकलकर बच्चों के साथ दूर खड़ा हो गया। मौके से निकल रहे अन्य वाहन भी कार में आ लगी देखकर रूक गए और आग लगने की जानकारी दमकल को दी। लेकिन दमकल कर्मियों के मौके पर पहुंचने से पहले ही कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग लगने के दौरान कुछ समय तक यातायात बाधित रहा। बाद में यातायात सामान्य हुआ।

# डीएम ने किया मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण

**▸ प्रगति की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



शनिवार जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चल रहे मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कालपी क्षेत्र में विभिन्न बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एसआईआर से संबंधित फीडिंग सहित अन्य प्रगति कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण की मजबूत व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा सभी बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दें कि वे घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवाकर समय पर जमा कराएं।जिलाधिकारी ने कहा कि यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने निर्देशित किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को निर्धारित समयसीमा के भीतर प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए, ताकि शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जा सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मनोज सिंह, तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांग दूल्हा देख वधू पक्ष ने विदा करने से किया इन्कार

**पुलिस ने मध्यस्थता कर दोनों पक्षों का वापस कराया सामान**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात आई बारात की रस्में सकुशल सम्पन्न हो जाने के बाद सुबह विकलांग दूल्हे को देख दुल्हन भड़क गयी और उसने विदा से इन्कार कर दिया। जिससे अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मध्यस्थता कर दोनों पक्षों का सामान वापस करा दिया। बाद में दूल्हा पक्ष के लोग अपने घर चले गये।


थाने में दुल्हन के परिजनों को समझाती पुलिस व मौजूद दूल्हा व बराती

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज निवासी श्रीनिवास जाटव की पुत्री आरती की शादी जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर क्षेत्र के गांव बिलसड़ निवासी प्रेमचंद जाटव के पुत्र ललित कुमार से तय हुई थी। तय समय के अनुसार बीती रात ललित कुमार बारात लेकर आया। इस दौरान विवाह की सभी रस्में नवाबगंज के मोहम्मदाबाद रोड स्थित माया गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। धूमधाम से बारात चढ़ी। वरमाला, भांवर कार्यक्रम सकुशल निपटे। सुबह दूल्हा ने दुल्हन के मांग में सिंदूर भी भर दिया। इसके बाद दुल्हन के परिजनों ने एकाएक आरोप लगा दिया कि दूल्हा विकलांग है और विदा करने से इनकार कर दिया। दोपहर तक आपस में बातचीत चलती रही, लेकिन बात नहीं बनी। जिस पर दूल्हा पक्ष के लोग दूल्हे को लेकर थाने पहुंचे और थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे से अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीशचंद्र, क्राइम इंस्पेक्टर संजय सिंह पुलिस बल के साथ दुल्हन के घर पहुंचे और मामले में बातचीत की। बातचीत के बाद भी बात नहीं बनी, तभी थाना पुलिस दोनों पक्षों को थाने लेकर आई। जिसमें दूल्हा-दुल्हन भी थाने आए, लेकिन दुल्हन लगातार इंकार करती रही। वहीं दूल्हा तथा दूल्हा की मां रोते हुए दुल्हन के परिजनों से विदा करने की मांग करते रहे, लेकिन उन्होंने एक न मानी। तब जाकर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों से एक दूसरे का सामान वापस कराकर घर जाने की सलाह दी। जिसमें दोनों पक्षों ने एक दूसरे का सामान वापस दे दिया और दूल्हा गमजदा हालत में अपने परिजनों के साथ घर वापस लौट गया। वहीं दुल्हन अपने परिजनों के साथ अपने घर वापस चली गई।

# एएसपी ने कमालगंज व जहानगंज थानों में सुनीं समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना समाधान दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वितीय ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को जनसुनवाई को औपचारिकता न मानकर पीड़ितों को न्याय दिलाने का माध्यम बनाने पर जोर दिया। वहीं मऊदरवाजा थाने में थानाध्यक्ष ने समस्यायें सुनीं।


मऊदरवाजा थाने में समस्यायें सुनते थानाध्यक्ष

अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वितीय ने स्वयं थाना जहानगंज और थाना कमालगंज में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं न्यायपूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों से कहा कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने जोर दिया कि इससे लोगों का पुलिस व्यवस्था पर विश्वास बना रहेगा। वहीं थाना मऊदरवाजा में थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने जनसुनवाई की। यहां तीन शिकायत पत्र प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से खेतीवाड़ी से संबंधित थे। इन शिकायतों को आगे की कार्रवाई के लिए लेखपालों को सौंप दिया गया।

# मुकदमें में नामजद लोगों की गिरफ्तारी न होने पर भाकियू स्वराज ने सौंपा ज्ञापन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जमीन पर जबरन कब्जा करने में दर्ज हुए मुकदमे में गिरफ्तारी न होने से भारतीय किसान यूनियन स्वराज के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के जोधा नगला निवासी कृष्णपाल पुत्र गंगाराम जाटव ने बीते दिनों थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया था उसकी जमीन खेत कस्बा नवाबगंज के चांदपुर रोड पर स्थित है। जिसमें आरोपीगण अपना कब्जा जताना चाहते थे। जिसको राजस्व विभाग तथा पुलिस टीम ने कब्जा मुक्त कराकर उसको कब्जा दिला दिया था। जिस पर आरोपीगणों ने दोबारा कब्जा करने के लिए उसके खेत में लगे तार तथा खंभे उखाड़ कर फेंक दिये तथा पीड़ित को जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान यूनियन स्वराज के कार्यकर्ता

पुलिस ने तहरीर के आधार पर आधा दर्जन से अधिक नामजद लोग तथा कई अज्ञात लोगों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया, लेकिन मामले में अभी तक गिरफ्तारी न होने से भारतीय किसान यूनियन स्वराज के जिला अध्यक्ष तथा अन्य कार्यकर्ताओं ने थाने में आकर थाना समाधान में समस्याएं सुन रहे हैं एसडीएम कायमगंज गजराज सिंह तथा थाना प्रभारी निरीक्षाक अवध नारायण पांडे को अपना मांग पत्र सौंपा।

## दो माह पूर्व हुई मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** भूपेन्द्र सिंह पुत्र जुगराज सिंह निवासी नेकपुर चौरासी कोतवाली फतेहगढ़ का निवासी है। पीड़ित का पुत्र दिनांक 23.08.2025 को समय लगभग 12 बजे रात्रि को अयोध्या से अपनी ड्यूटी खत्म करके घर वापस आ रहा था। पीड़ित के पुत्र के पास अपनी गाड़ी जिसका नंबर यू.पी.७६एई8773 है। जिसको पीड़ित का पुत्र स्वंय गाड़ी चला रहा था। रजीपुर के नजदीक कमालगंज की तरफ से तेज रफ्तार और लापरवाई से आ रहे अज्ञात वाहन की टक्कर से पीड़ित के पुत्र की गाड़ी बगल के गड्ढे में जा गिरी थी। जिसमे पीड़ित का पुत्र चोटिल होकर बेहोस हो गया था और दुर्घटनाग्रस्त वाहन मौके से निकल गया था। किसी तरीके से पुलिस द्वारा सूचना घरवालों को प्राप्त हुई। तब तक पीड़ित के पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कमालगंज ले जाया जा चुका था, लेकिन वहां उसकी मौत हो गयी थी। पीड़ित इकलौता होने के कारण डिप्रेशन में था। जिसके कारण समय से पुलिस को सूचना नहीं दे सका। पुलिस ने मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# भाकियू स्वराज द्वारा थाना घेरने की सूचना पर छावनी में तब्दील हुआ नवाबगंज कस्बा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना पुलिस द्वारा खेत मालिक की तहरीर पर मनमाने तरीके से मुकदमा दर्ज करने से नाराज भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने थाना घेरने का अल्टीमेटम दिया था। जिसके चलते नगर में पुलिस ने फ्लैगमार्च किया। जिससे किसी भाकियू कार्यकर्ता की थाना घेरने की हिम्मत नहीं हुई। इसके अलावा पुलिस ने ड्रोन उड़ाकर भी चप्पे-चप्पे पर नजर रखी।


कस्बा नवाबगंज में फ्लैगमार्च करते थानाध्यक्ष व पुलिस फोर्स

कस्बा नवाबगंज स्थित ग्राम बरतल निवासी भारतीय किसान यूनियन स्वराज गुट के कार्यकर्ता संजय सक्सेना सहित जमीन पर कब्जा करने को लेकर एक दर्जन कार्यकर्ताओं के ऊपर मनमानी धाराओं में दर्ज किये गये मुकदमे को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष अजय कटियार, लक्ष्मी शंकर जोशी, अरविंद कुमार शाक्य आदि कार्यकर्ताओं ने थाना घेरने का अल्टीमेटम दिया था। जिसके चलते थाना प्रभारी निरीक्षक ने उच्च अधिकारियों को सूचना दी थी। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे ने कस्बे में भारी पुलिस तैनात कर दिया। जिसमें क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय वर्मा, एक सेक्शन पीएसी, जहानगंज थाना अध्यक्ष सहित थानाध्यक्ष मोहम्मदाबाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीएम न्यायिक कायमगंज गजराज सिंह ने भी स्थिति का जायजा लिया। जिसके चलते किसान यूनियन के कार्यकर्ता अपने घरों में निकलने की हिम्मत नहीं जुटा सके। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अपने एक दर्जन कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस कप्तान से मिले और अपनी समस्या का निराकरण करने की मांग की।

## भाई व भतीजे ने वृद्ध को पीटा


जानकारी देता पीड़ित वृद्ध

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भाई व भतीजे ने वृद्ध के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव रानीपुर गौर निवासी गंगा सिंह उम्र 65 वर्षीय पुत्र महताब सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह अपने घर के आंगन में बैठा था। उसी दौरान गंगा सिंह के भाई अंकित व भतीजा राजीव जो कि शराब के नशे में थे, ने आते ही गाली-गलौज करने लगे। गंगा सिंह द्वारा गालियों का विरोध करने पर उक्त भाई व भतीजे ने जमीन पर गिराकर लात-घूसो सें पिटाई की। पुलिस ने पीड़ित पर गंगा सिंह का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# अतिक्रमणकारियों को अधिशाषी अधिकारी ने दी चेतावनी


अतिक्रमणकारी दुकानदारों को चेतावनी देते ईओ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद कायमगंज के अधिशासी अधिकारी डा0 लव कुमार मिश्रा द्वारा रविवार को प्रातः वार्ड संख्या 21 आजाद नगर में सफाई, पथ प्रकाश, निर्माण, अतिक्रमण, पेयजल आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी द्वारा नाला व नाली के ऊपर अतिक्रमण करने वालों को कड़ी चेतावनी दी तथा अपना अतिक्रमण तत्काल हटाने हेतु निर्देशित किया गया। भविष्य में अतिक्रमण न हटाए जाने की स्थिति में अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किए जाने हेतु चेतावनी भी दी गई। ईओ की इस चेतावनी से छुटभैया दुकानदारों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। दुकानदारों का कहना था कि वह रोज कमाने खाने वाले हैं। दुकान हटाने से उनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जायेगा। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद सुनील गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप शाक्य, अवर अभियंता (जल) प्रशांत कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार आजाद, सफाई नायक रवि कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सीओ ने सुनीं समस्यायें, तीन का किया निस्तारण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित थाना दिवस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गाँव से आए लोगों की समस्याए गम्भीरता से सुनीं।

उन्होंने नागरिको को उनकी शिकायतों के न्यायपूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करने का अश्वासन दिया। इस दौरान लगभग शिकायतें आयीं। जिसमें से 3 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान आम जनता ने भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, रास्ता अवरुद्ध होने के मुद्दों और अन्य स्थानीय परेशानियों को सामने रखा। क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी ने उपस्थित नागरिकों को अश्वासन दिया कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष और समय पर समाधान किया जाएगा।


शिकायतें सुनते सीओ

उन्होंने सम्बन्धित बीट पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए की किसी भी समस्या के समाधान में लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक मामलों की त्वरित जाँच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। थाना दिवस के दौरान प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन द्विवेदी ने लोगों को कानून व्यवस्था, साइवर अपराध से बचाव तथा महिला सुरक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकरियाँ भी प्रदान कीं।

अपराध निरीक्षक कामिल खां ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य जनता को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है और इसके लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे। थाना दिवस के दौरान क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, अपराध निरीक्षक कामिल खाँ, एसएसआई सुरजीत यादव, उपनिरीक्षक अयुब खां, उपनिरीक्षक बलवीर सिंह व कानूनगो व लेखपाल मौजूद रहे।

# बीडीओ ने भ्रमण कर देखी एसआईआर कार्य की प्रगति


गांव में भ्रमण करते बीडीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

चुनाव आयोग के द्वारा कराए जा रहे एसआईआर कार्य की जांच करने खंड विकास अधिकारी बूथों पर पहुंचे। जहां कार्य को देखा और लोगों को जागरुक भी किया।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीरपुर, नगर पंचायत क्षेत्र के सिकंदरपुर नहरोसा, शमशाबाद विकास खंड के ग्राम गढ़िया बबुराला में विकास खंड नवाबगंज अधिकारी अमरेश चौहान ने पहुंचकर लोगों को जागरुक किया और एसआईआर फार्म भरने की अपील की।

उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया शुद्धीकरण के लिए की जा रही है। इसलिए आप लोग फार्म को अवश्य भरकर वीएलओ के पास जमा करें। जिससे समय रहते इसको पूरा किया जा सके। बताते चलें कि निर्वाचन आयोग के द्वारा खंड विकास अधिकारी को एईआरओ की जिम्मेदारी दी गयी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत


रोते-बिलखते मृतक के परिजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव जिराऊ निवासी विनय कुमार सक्सेना उम्र 38 वर्षीय पुत्र अरविन्द कुमार सक्सेना को परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 विपिन कुमार ने युवक को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणो की चर्चा के अनुसार विनय की पत्नी अंजली अपने मायके में गई है।

पति ने उसे घर बुलाने के लिए फोन किया, तो पति पत्नी में कहासुनी होने लगी। पति ने मेडीकल स्टोर से कोई टेबलेट लाकर खा ली और उसकी हालत बिगडने लगी। जिस पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फार्मासिस्ट जगजीवन ने मेमो थाने भिजवाया। परिजन शव लेकर घर चले गये।

## स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल


सीएचसी में भर्ती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार जनपद कासगंज के थाना पटियाली क्षेत्र के मोहल्ला काजी टोला निवासी नहीम उम्र 30 वर्षीय पुत्र यासीन बाइक द्वारा अपने साले गुलाम निवासी रुदायन थाना कम्पिल की बारात में शामिल होने आया था। बारात में जाने के लिए नये कपड़े खरीदने बाइक से कायमगंज आ रहा था। जैसे ही वह कम्पिल चौराहे के पास पहुँचा उसी दौरान स्कूटी पर आ रही महिला ने सामने से उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को 108 एम्बुलेन्स द्वारा कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल


सीएचसी में भर्ती घायल दंपति

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम पलीतपुरा निवासी 50 वर्षीय ओमवीर अपनी पत्नी मिथिलेश के साथ बाइक से अलीगंज स्थित एक रिश्तेदारी में जा रहे थे।

रुदायन गांव के पास पीछे से आ रही एक अल्टो कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। वहां उनका उपचार जारी है।

डॉ0 विपिन सिंह ने बताया कि घायल दंपति का उपचार किया जा रहा है और दोनों की हालत खतरे से बाहर है। घायल के परिजन शिवनाथ ने बताया कि कार चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया है। कंपिल थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार चालक को पकड़ लियागया है। उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को कड़ी चेतावनी

**डीएम बोले- निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को कड़ी चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने साफ कहा है कि निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

196- छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय पृथ्वीपुर खुबरियापुर कक्ष संख्या 01 की बीएलओ दुर्गेश दीक्षित (अनुदेशक), प्राथमिक विद्यालय पुराबोझ की बीएलओ मित्रसेन वर्मा (शिक्षामित्र) और स्व. रामकृष्ण आर्य म्यूनिसिपल इंटर कॉलेज गुरुसहायगंज कक्ष संख्या 02 की बीएलओ पूनम गुप्ता (अनुदेशक) द्वारा गणना प्रपत्रों में धीमी प्रगति पाए जाने पर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए गए।


बीएलओ को सम्मानित करते अधिकारी

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर एसआईआर अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया गया। छिबरामऊ विधानसभा में बीएलओ रंजीत सिंह पाल, ललिता और गीता ने सर्वाधिक गणना प्रपत्र भरकर बेहतर कार्य किया। तिर्वा विधानसभा में बीएलओ लल्लन बाबू, राजीव यादव और देवेश कुमार को सर्वाधिक प्रपत्र भरने पर सम्मान मिला। कन्नौज विधानसभा में बीएलओ मैसर बानो, ओमप्रभा और रामा देवी को बेहतर कार्य निष्पादन पर अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

इसी तरह 197- तिर्वा विधानसभा क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय नगला सहोरा की बीएलओ सुमन (आंगनवाड़ी कार्यकत्री), प्राथमिक विद्यालय पूराराय की बीएलओ कुलदीप सिंह (रोजगार सेवक) तथा प्राथमिक विद्यालय मनिकापुर के बीएलओ अनुज कुमार (स0अ0) की प्रगति भी संतोषजनक न मिलने पर उन पर कार्रवाई तय की गई है।

198- कन्नौज विधानसभा क्षेत्र में भी निरीक्षण के दौरान कन्या प्राथमिक विद्यालय बेहटा कक्ष संख्या 03 की बीएलओ सुनीता कटियार (आंगनवाड़ी कार्यकत्री), पूर्व माध्यमिक विद्यालय अनौगी कक्ष संख्या 02 की बीएलओ बंदना (आंगनवाड़ी कार्यकत्री) तथा कम्पोजिट विद्यालय सिकरोरी की बीएलओ मन्नो देवी (आंगनवाड़ी कार्यकत्री) द्वारा कार्य में शिथिलता पाए जाने पर चेतावनी देने के निर्देश जारी हुए। अधिकारियों ने बीएलओ को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित समय के भीतर लक्ष्य पूरा करें, अन्यथा आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नेता जी की जयंती पर उनके पद चिन्हों पर चलने की ली प्रेरणा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


नेता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा नेता

समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री, पद्म विभूषण सम्मानित स्वर्गीय नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती पार्टी कार्यालय आवास विकास पर धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही गोष्ठी का आयोजन हुआ। संचालन मुन्ना यादव ने किया। चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि नेताजी एक ऐसी शख्सियत थे जिन्होंने गरीब, शोषित और पीड़ित वर्ग को आवाज दी। संघर्षों से भरा उनका जीवन देश के करोड़ों किसानों और नौजवानों के लिए प्रेरणा है।

प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य विजय यादव ने कहा कि नेताजी ने संगठन को एक परिवार की तरह जोड़ा। उनका नेतृत्व सादगी, संघर्ष और सामाजिक न्याय के मूल्यों पर आधारित था। आज उनके पदचिन्हों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पूरी निष्ठा के साथ समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा नेताजी महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के सबसे बड़े संरक्षक थे। पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी ने भी विचार रखे।

इस अवसर पर सर्वेश अम्बेडकर, विवेक सिंह यादव, शिवशंकर शर्मा, सुनीता शाक्य, अखिल कठेरिया, बीके गंगवार, शिवपाल सिंह, गोपाल यादव, अवधेश कुमार यादव, अशोक अंबेडकर, बंटी यादव, रामपाल सिंह यादव, सुरेंद्र सिंह यादव, अजय यादव, राजपाल यादव, विशाल यादव, चंद्रेश राजपूत, दयाराम यादव, करन सिंह यादव, शिवरतन सिंह यादव, रामदयाल यादव, शिवम पटेल, निज़ाम अंसारी, रामदयाल सिंह यादव, तस्लीम खान, नज़र खान, रूबी यादव, ललित यादव, मोहम्मद आबू ताल्हा, उपेंद्र शाक्य, विजय अनुरागी, संजय यादव, आकाश यादव, धीर सिंह, अनुज सिंह यादव, अर्चित शर्मा, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव, पुष्पेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

**वहीं महानगर अध्यक्ष** राघव दत्त मिश्रा के बजरिया सालिगराम स्थित आवास पर सपा संस्थापक व पूर्व रक्षा मंत्री स्व0 मुलायम सिंह यादव की जयंती बनाई गई। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा व संचालन महासचिव रजत क्रांतिकारी ने किया। कार्यकर्ताओं ने स्व0 नेता जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

इस अवसर पर वीना शर्मा, सुरेंद्र यादव, ओम प्रकाश शर्मा, कुलदीप भारद्वाज, खुर्शीद खान, अमन भारद्वाज, अमित यादव, सत्यम अवस्थी, हरिओम सक्सेना, डॉ0 शिवम अवस्थी, ऋषि अवस्थी, गोपाल सक्सेना, रिंकू यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# विकास भवन में महिला आयोग की सदस्य ने सुनी महिलाओं की समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


समस्यायें सुनती महिला आयोग की सदस्य

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई की। जिसमें लगभग 70 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनसुनवाई में 10 महिलाओं ने अपने-अपने समस्याओं का प्रार्थना पत्रों के माध्यम से सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को सदस्य ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। सदस्य ने राजेपुर कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण किया एवं आंगनबाड़ी केन्द्र, सीएमओ ऑफिस का भी निरीक्षण किया एवं राम मनोहर लोहिया अस्पताल का निरीक्षण किया। वहां पर साफ- सफाई के निर्देश दिए व जिला जेल का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, सीओ सिटी, महिला थाना अध्यक्ष, कार्यक्रम अधिकारी, आबकारी अधिकारी, परियोजना निदेशक, चाइल्ड हेल्पलाइन व जेंडर स्पेशलिस्ट व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बिना प्रपत्र माल ढोते हुये दो स्लीपर बसें सीज


पकड़ी गई बस व ट्रक

**▶ दो ओवरलोड ट्रक भी सीज**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में शनिवार को अमित त्यागी सहायक आयुक्त (राज्य कर) सचल दल फतेहगढ़ के साथ स्लीपर बसों में माल ढोने की शिकायत पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान बिना प्रपत्र माल ढोते हुये संचालित पाये जाने पर 2 बसें मण्डी में सीज की गई तथा इन पर 18 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। राज्य कर विभाग द्वारा माल की जाँच कर करारोपण अलग से किया जायेगा। इसके अतिरिक्त 4 ट्रकों में ओवर हाईट माल लदा होने के आरोप में चालान किया गया तथा 2 ओवरलोड ट्रक भी सीज किये गये। परिवहन विभाग द्वारा की कार्यवाही में 10 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 1.10 लाख का जुर्माना लगाया गया।

# डीएम-एसपी ने सुनीं जन शिकायतें, दिए निर्देश

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**


शिकायतें सुनते डीएम-एसपी

मोहम्मदाबाद कोतवाली में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने जन शिकायतें सुनीं और उनके निस्तारण के निर्देश दिए। सकयोली मदनपुर निवासी कल्लू सिंह ने अपने घर तक रास्ता बनवाने की गुहार लगाई। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने निस्तारण का आश्वासन दिया।

गुरु शादी नगर के मजरा नगला इजात निवासी महेंद्र ने अपनी जमीन पर कब्जे की शिकायत की। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल पहले उन्होंने नगला बाग रठौरा में 10 बीघा खेत खरीदा था, जिस पर सुशीला देवी पत्नी रामनाथ का कब्जा है। महेंद्र के प्रार्थना पत्र पर पुलिस अधीक्षक ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों को जांच कर जमीन कब्जा मुक्त कराने का निर्देश दिया। संतोषपुर निवासी नन्ही देवी और सावित्री देवी ने भी गांव के लोगों द्वारा अपनी जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया। नन्ही देवी ने बताया कि वह कई वर्षों से उस भूमि पर अपने मवेशी बांध रही हैं।

उन्होंने चौकी मदनपुर पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की। इस पर एसपी ने तत्काल पुलिस भेजकर कार्रवाई करने के आदेश दिए। वहीं एसपी ने थाने का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कोतवाली के नाम कितनी जमीन है और थाने के अंतर्गत आने वाली चौकियों के भवनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने चार नंबर रजिस्टर का अवलोकन किया और अपराध निरीक्षक मुन्ना लाल यादव को चोरियों पर काम करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने गुमशुदा लड़कियों के बारे में भी जानकारी ली। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा, प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला और अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## इग्नू के 40वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व विद्यालय के 40वें स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इग्नू मुख्यालय मैदान गढ़ी दिल्ली में हुआ। मुख्य अतिथि आचार्य पीटर स्कोट अध्यक्ष एवं सीईओ कोमन वेल्थ ऑफ लर्निंग बैंकुबर कनाड़ा ने स्थापना दिवस पर विचार व्यक्त किये। प्रो0 उमा कांजीवाल, कुलपति के साथ विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। देशभर के व अन्य 57 क्षेत्रीय केंद्र में भी इस कार्यक्रम का सीध प्रसारण किया गया। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ भी अपने प्रांगण में 40वें स्थापना दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम का आरंभ क्षेत्रीय निदेशक डा0 अनिल कुमार ने संबोधन किया। उन्होंने स्थापना दिवस पर बताया कि उच्च शिक्षा को समाज के सभी सुविधा वंचित वर्गों तक पहुंचाना है। जिससे उद्देश्य को सार्थक कर सकें। केंद्र के समस्त महाविद्यालयों में इग्नू के काउंसलर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# कर्मचारियों ने एसीपी का लाभ दिलाने की बीएसए से की मांग


बीएसए को ज्ञापन सौंपते एसो. के कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन की बैठक खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय बढ़पुर के सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जनपदीय कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अवगत कराया गया कि शिक्षा विभाग के अन्तर्गत कार्यरत ऐसे कर्मचारी जिनको अद्यतन शासनादेश में वर्णित व्यवस्था के अनुसार एसीपी प्रथम, द्वितीय, तृतीय का लाभ नहीं मिला है को अतिशीघ्र एसीपी का लाभ दिलाया जाये। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि शीघ्र एसीपी का लाभ दिलाया जाये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ अवस्थी, महामंत्री अरशद सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष अरुण सक्सेना, सुधीर कुमार, रिषव शुक्ला, पुणेन्द्र मिश्रा, सुमन मिश्रा, प्रतिभा दिवाकर, गजेन्द्र सिंह, निर्मल बौद्ध, सुनील सक्सेना, अश्वनी कुमार राजपूत, सुशील कुमार राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सप्त शक्ति संगम आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्रायें

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में सशक्तिकरण जागरण हेतु सप्त शक्ति संगम का आयोजन मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद धर्म प्रसारिका साध्वी सुलभा भारती ने किया। अध्यक्षता एनएकेपी इंटर कालेज की प्रधानाचार्या इंदू मिश्रा ने की। साथ ही मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्चन किया।

विद्या भारती अपने समस्त विद्यालयों में नारी में सप्त शक्ति विकास को दृष्टिगत रखते हुए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। विभिन्न महान नारियों को स्वरुपों को उपस्थित बहनों ने अपने वाक्य बोलकर स्मृतियों को जीवंत किया। विद्यालय की छात्राओं ने चारों युगो की युग संस्कृति का वर्णन अपने मनुहारी नृत्य से प्रस्तुत किया।

विद्यालय की अभिभाविका सरिता द्विवेदी ने भावविभोर करने वाला नृत्य प्रस्तुत किया। माताओं के लिए आयोजित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में प्रथम स्थान शालिनी शाक्य को मिला। उन्हें प्रमाण पत्र व पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। अपनी स्वयं की इच्छा शक्ति एवं कठिन परिश्रम से व्यवसायिक साम्राज्य खड़ा करने वाली मंजू मिश्रा के द्वारा प्रतिवर्ष सामूहिक विवाह में विवाह कराने वाली प्रत्येक लड़की को लहंगा ज्वैलरी निःशुल्क दिये जाते है। इस सेवा कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। साध्वी सुलभा भारती ने कहा कि नारी समाज को अपनी अर्न्तनिहित शक्तियों को जाग्रत करना होगा, तभी यह समाज एवं राष्ट्र जग शिरमौर बनेगा। प्रधानाचार्य इंदू मिश्रा ने कहा कि स्त्री शक्ति और प्रेम की प्रतिमूर्ति है। करुणा उनका नैसर्गिक गुण है। विद्यालयों की बहनों ने मनुहारि नृत्य व समूहगान प्रस्तुत किया। संचालन आचार्य प्रियंका सक्सेना ने किया। अंशिका शुक्ला ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंजरी चौहान, रश्मि सिंह, सोनम दुबे, पूनम शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## चोरों ने डायल 112 के सिपाही को ही बनाया निशाना, बाइक चोरी

**कमरे के नीचे से हुई घटना कोतवाली प्रभारी को दी तहरीर**

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मदाबाद में डायल 112 के एक सिपाही की बुलेट बाइक चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने बीती रात सिपाही के किराए के कमरे के नीचे खड़ी बाइक को चोरी कर लिया। इस मामले में पीड़ित सिपाही ने कोतवाली प्रभारी को तहरीर दी है। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहम्मदाबाद थाना में तैनात पीआरवी जवान कांस्टेबल उमाकांत ताजपुर रोड पर मंडी चौराहे से लगभग 300 मीटर दूर मनोज कुमार के मकान में किराए पर रहते हैं। ड्यूटी के बाद अपनी बुलेट बाइक अपने कमरे के नीचे खड़ी की थी।

देर रात करीब 12 बजे एक अज्ञात चोर सीसीटीवी कैमरे में बाइक को पैदल ले जाता हुआ दिखाई दिया। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि उन्हें सिपाही की ओर से तहरीर मिल गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।

# लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर हो रहे अन्याय के खिलाफ किया प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


आफीसर क्लब में प्रदर्शन करते लेखपाल

लेखपाल संघ के आवाह्न पर जिला फर्रुखाबाद की तीनों तहसीलों सदर, कायमगंज व अमृतपुर के तहसीलों की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ समस्त लेखपाल साथियों ने प्रदेश व्यापी आंदोलन में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदेश व्यापी आंदोलन में सरकार का ध्यान लेखपालों पर हो रहे अन्याय की ओर खींचा। प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा प्रस्तावित रुप रेखा के अनुरुप ध्यान आकर्षण के क्रम में 15 नवम्बर को तहसील समाधान दिवस पर सभी तहसीलों में प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक कार्य से विरत होकर सांकेतिक प्रदर्शन किया गया है। बाद में सभी कार्य सुचारु रुप से जारी रहे। 8 दिसम्बर को प्रदेश की सभी तहसीलों द्वारा जिला कार्यकारिणी की ओर से मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन मंत्री व विधायकों को दिया जायेगा। जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा, जिला मंत्री कृष्णकांत, अतुल प्रताप सिंह, अनुज चतुर्वेदी, हिमांशु गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# टीबी रोगियों में बढ़ जाती है एड्स की संभावना : डॉ. रंजन गौतम


बैठक में मौजूद स्वास्थ्य कर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कायक्रम के अंतर्गत शनिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 रंजन गौतम की अध्यक्षता में एक रिव्यू बैठक का आयोजन किया गया।

ज्वाइंट डायरेक्टर रमेश चन्द्र, डीएसओ आगरा से रेनू वाला, नाको दिल्ली से तृप्ति जैन, डॉ0 अनुनय कुटार, डीपीटीसी अमित कुमार और पीएसआई इंडिया से अनुपम मिश्र मौजूद रहे।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि टीबी के रोगियों को एड्स का खतरा होता है, क्योंकि एचआईवी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है, जिससे टीबी जैसी अवसरवादी संक्रमणों का खतरा बढ़ जाता है। एचआईवी और टीबी दोनों एक साथ होने पर इसे एचआईवी/टीबी सह-संक्रमण कहा जाता है, जो कि एक घातक संयोजन हो सकता है।

कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण एचआईवी से पीड़ित लोगों में टीबी बहुत तेजी से और गंभीर रूप से फैल सकती है। डीटीओ ने बताया कि जिस किसी को भी दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी, बुखार, भूख न लगना, वजन कम होना, खांसी के साथ बलगम आना और बलगम में अगर खून आ रहा तो तुरन्त अपनी आशा कार्यकर्ता को जानकारी दें और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर अपना इलाज कराएं।

डीटीओ ने बताया कि क्षय रोग की दवा बीच में नहीं छोड़ी जाती है, नहीं तो या अधिक गंभीर हो जाती है कभी कभी तो रोगी को जान से भी हाथ धोना पड़ जाता है।

# श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुन भक्त हुए भाव विभोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कथा का श्रवण कराते आचार्य मौजूद भक्तगण

व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। दरीबा पश्चिम में चल रही चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिन कथा व्यास गंगोत्री तिवारी मृदुल जी महाराज ने यह बात कही।

श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था।

भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। कंस की कारागार में वासुदेव-देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। कथा व्यास ने बताया कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में ऋषि दत्त शर्मा गुड्डू पंडित ने सपत्नी व्यास पीठ का पूजन किया। इस अवसर पर प्रवेश पाण्डेय, राजेश शर्मा, अंश शर्मा, अमित शर्मा, चेतन शर्मा, रामराज यादव, ताराचंद शर्मा, गोलू शर्मा, अनुज शर्मा, टिंकू शर्मा, लकी शर्मा, शंकर ओंकार शर्मा, सोनिक निरंकार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रेलवे रोड का सुंदरीकरण न हुआ तो होगा आंदोलन : सोनी शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक में मौजूद पदाधिकारी

उद्योग व्यापार मंडल महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनी शुक्ला के निवास पर शनिवार को बैठक का आयोजन हुआ। संगठन की महिलाओं ने बैठक में भाग लिया। सोनी शुक्ला ने कहा कि शहर में रेलवे रोड की समस्या अभी भी व्याप्त है। तीन साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद सुंदरीकरण का कार्य शुरु नहीं किया गया है। बिजली विभाग द्वारा पूर्ण रुप से काम नहीं हुआ है। जबकि बिजली विभाग ने लिखित दो माह का समय मांगा था। नगर पालिका ने अभी तक कार्य शुरु नहीं किया है। इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जा चुका था, कार्य शुरु न होने से रेलवे रोड के व्यापारी परेशान है। उनकी समस्या को देखते हुए महिला व्यापार मण्डल नगर पालिका के खिलाफ मोर्चा पुनः खोलेगी। 30 नवम्बर तक रेलवे रोड का सुंदरीकरण का कार्य शुरु न हुआ तो व्यापार मण्डल महिला मोर्चा अनिश्चित कालीन धरना देगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन व नगर पालिका की होगी। साथ ही कई समस्याओं पर चर्चा हुई है। बैठक में अन्य समस्याओं पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर सीता भदोरिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष, माला चौधरी जिला उपाध्यक्ष, नेहा मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, अनीता शर्मा जिला महामंत्री, रेखा मिश्रा जिला उपाध्यक्ष पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रखा बालिका इंटर कालेज में क्रिसमस सेलिब्रेशन का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्रायें

रखा बालिका इंटर कालेज में क्रिसमस सेलिब्रेशन के अन्तर्गत फैंसी ड्रेस शो का आयोजन हुआ। कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के रोल प्ले किये। रानी लक्ष्मीबाई, डाक्टर्स, टीचर, चार्ली चेपलिन, काम वाली कांताबाई, पेड़, घड़ी, इंदिरा गांधी, पागल लड़की, वकील, सशक्त नारी, राजस्थानी कल्चर आदि के गेटअप में रोल प्ले किये गये। सभी रोल ने एक मैसेज भी दिया जो अपने दैनिक जीवन में काम आ सके। संचालन भावना लाल ने किया।

क्रिसमस सेलिब्रेशन कार्यक्रम में कक्षा-11 की छात्रा सेजल प्रथम, जिन्होंने चार्ली चेपलिन का अभिनय बहुत सुंदर किया। कक्षा-9 की छात्रा संजना द्वितीय रहीं, जिन्होंने पागल लड़की का अभिनय किया, जो सराहनीय था।

कक्षा-10 की छात्रा गौरी ने काम वाली कांताबाई का अभिनय किया, जो तृतीय रही। प्रधानाचार्य डा0 नीतू मसीह ने सभी फैंसी ड्रेस वाली छात्राओं की सराहना की और आशीर्वाद दिया। प्रत्येक रोल करने वाली छात्राओं की प्रशंसा कर उन्हें टिप्स दिये गये। इस अवसर पर अध्यापिका वीना एडवर्ड, नीतिका सनी, नेहा मिश्रा, भावना लाल, रचना हिल्स, पूजा, लक्ष्मी, अमित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### किसान गोष्ठी का आयोजन 25 को

**इटावा।** उप कृषि निदेशक शोध, आरएन सिंह ने बताया कि संम्भागीय कृषि परीक्षण व प्रदर्शन केन्द्र के कृषि शोध प्रक्षेत्र जौनई जसवन्तनगर पर 25 नवम्बर को समय सुबह 11 बजे से एक दिवसीय किसान ज्ञान मेला व किसान गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कृषि विभाग तथाकृषि से सम्बन्धित अन्य विभागों के स्टॉल लगाकर एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जायेगा। मुख्य अतिथि विधायक सदर सरिता भदौरिया द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। क्षेत्रीय कृषकों से अपील की जाती है कि उपरोक्त किसान ज्ञान मेला एवं कृषक गोष्ठी में भाग लेकर अधिक से अधिक लाभ उठायें।

### झोलाछाप डाक्टर के यहां छापेमारी

**बकेवर, इटावा।** स्वास्थ्य विभाग के झोलाछाप नोडल अधिकारी डा. सत्येन्द्र यादव द्वारा टीम के साथ शनिवार को ग्राम अहेरीपुर में संचालित एक क्लीनिक पर छापेमारी करके वहां मरीजों से पूंछतांछ करते हुए एलोपैथिक दबाएं व इन्जेक्शन बरामद किये। इसके अलावा महेवा में भी एक महिला की एक क्लीनिक पर हुई मौत की भी पहुंचकर जांच करते हुए दोनों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी आफिस में रजिस्ट्रेशन के कागज प्रस्तुत करने को कहा गया। झोलाछाप डाक्टरों के यहां हो रही मरीजों की गलत इंजेक्शन व दवाएं देने से मौतों के चलते स्वास्थ्य विभाग सजग हुआ इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी झोलाछाप डा सत्येन्द्र यादव ने अपनी टीम के साथ ग्राम अहेरीपुर में संचालित चांदसी क्लीनिक तिवारी मार्केट में छापामारी की जहां पर अरुण विश्वास पांच मरीजों का इलाज करते हुए मिले। वहां पर मौजूद अरुण विश्वास से बात की व रजिस्ट्रेशन के बाबत पूछा तो उन्होंने इसका रजिस्ट्रेशन ओमप्रकाश सिंह निवासी नगला जगपुरा मॉट मथुरा के नाम पर बताया गया जो कि इटावा चले गये। लेकिन उपस्थित पांचों मरीजों ने अरुण विश्वास को ही डाक्टर बताया। इसके बाद उन्होंने महेवा में संचालित श्रीराम क्लीनिक पर पहुंचे जहां पर करीब 15 दिन पूर्व शकुन्तला देवी पत्नी अशोक कुमार निवासी शौहरी गढिया अजीतमल की गलत दबाई से मौत की खबर सोशल मीडिया पर चली थी। तो उनसे भी पूंछतांछ की गयी। और इन दोनों क्लीनिक संचालकों से सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया। नोडल अधिकारी डाक्टर सत्येन्द्र यादव की इस कार्रवाई से झोलाछाप बकेवर, लखना नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र में संचालित झोलाछाप डाक्टरों में हडकम्प मचा हुआ है।

### युवक अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार



**बबेरू/बांदा।** मरका थाना पुलिस के द्वारा गस्त व चेकिंग करने के दौरान एक अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसके खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। बांदा पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के क्रम में मरका थाना पुलिस के द्वारा कल शुक्रवार को गस्त कर रही थी तभी चेकिंग करने के दौरान मुखबिर की सूचना पर जानकारी मिली कि अवैध तमंचा के साथ एक अभियुक्त भ्रमण कर रहा है। तभी मरका थाना पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर तमंचा के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त रोहित उर्फ चुकुलिया पुत्र रामू निवासी इंगुवा थाना मरका को इंडियन गैस एजेंसी वशिष्ठन पूरवा के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से एक 315 बोर का अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस 315 बोर की बरामद की गई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक दुर्विजय सिंह, कांस्टेबल विनोद यादव, कृष्ण कुमार मौजूद रहे। जिसकी जानकारी शनिवार की दोपहर थाना प्रभारी निरीक्षक मिथलेश कुमार के द्वारा बताया गायबकी इंगुवा गांव के रहने वाले रोहित उर्फ चुकुलिया पुत्र रामू गैस एजेंसी के पास अवैध तमंचा लेकर भ्रमण कर रहा था, तभी मुखबिर की सूचना पर मौके पर पुलिस टीम को भेज कर गिरफ्तार किया गया है, जिसको जेल भेजा गया।

### सपाइयों ने मुलायम सिंह यादव की मनाई जयंती



**बांदा।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री स्व.मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपाइयों ने जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया और नेताजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कहीं नेताजी के प्रिय लोकनृत्य दीवारी पर लाठियां चटकाई तो कहीं पार्टी कार्यकर्ताओं ने फल व मिष्ठान बांटकर नेताजी को याद किया। शनिवार को नेताजी के नाम विख्यात रहे सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री स्व.मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि के क्रम में समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव ओमनारायण त्रिपाठी की अगुवाई में बड़ोखर बुजुर्ग में लोकनृत्य दीवारी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव ने नेताजी को सादगी, अनुशासन और जनप्रेमी नेता बताया। कहा कि उनकी अगुवाई में जो संघर्ष का दीप जलाया गया था, वह उसे जलाए रखते हुए समूचे देश को जगमग करने का जिम्मा अब राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बखूबी निभा रहे हैं। कहा कि नेताजी हमेशा कमजोर, गरीब, किसान-मजदूर और नौजवानों के जीवन में उजाला की परिकल्पना को आगे बढ़ाने का काम करते रहे हैं। विधायक यादव ने सपाइयों को नेताजी के आदर्शों पर चलकर समाजवाद की स्थापना करने में योगदान का संकल्प दिलाया। दीवारी टीमों में पडुई, मुराजपुर, शेरपुर, दुर्गापुर, पैगंबरपुर, बड़ोखर बुजुर्ग, मनीपुर, जरर आदि गांवों के दीवारी कलाकार शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में दीवारी कलाकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सपा के राष्ट्रीय सचिव हसनुद्दीन सिद्दीकी, जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र सिंह वर्मा, महिला सभा जिलाध्यक्ष अर्चना सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष इमरान अली राजू, मजदूर सभा जिलाध्यक्ष नासिर खान, लालमन यादव समेत तमाम लोग शामिल रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने थाना जसपुरा का किया वार्षिक निरीक्षण



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा थाना जसपुरा का बार्षिक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई रजिस्टर, जीडी, अपराध रजिस्टर, बीट सूचना, शस्त्र लाइसेंस अभिलेख, वारंट/समन रजिस्टर, मुकदमे की विवेचना से संबंधित अभिलेखों सहित अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टरों के विधिवत संधारण का परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए तथा चेतावनी दी कि अभिलेखों या व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष तथा थाना भवन, बैरक, हवालात, स्ट्रांग रूम, वाहन स्टैंड, शौचालय, पानी की व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों का गहन परीक्षण किया। इस दौरान व्यापक स्तर पर स्कूलों, कालेजों, बाजारों आदि स्थानों पर व्यापक जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/बालिकाओं का जागरुक करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा मेविस टॉक उपस्थित रहीं।

### मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय शाहपुर सानी के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**ओरन(बांदा)।** जनपदीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता भागवत प्रसाद मेमोरियल स्कूल बांदा में सकुशल संपन्न हुई।जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय शाहपुर सानी (क्षेत्र बिसंडा)के बच्चों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया, जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र कामता प्रसाद ने डिस्क एवं उच्चीकूद में जनपद मे प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही लंबी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया,इसके साथ ही विद्यालय की छात्रा आरती ने लंबी कूद में तृतीय स्थान पर रही और अंकित ने कुश्ती में प्रथम स्थान हासिल किया, इसके अलावा रिले रेस में बालक वर्ग प्रथम एवं बालिका वर्ग द्वितीय स्थान हासिल किया, साथ ही विद्यालय के बालक वर्ग कबड्डी टीम ने जिले में प्रथम स्थान हासिल करके जीत का परचम लहराया। छात्र कामता प्रसाद को जूनियर स्तर जिला चौंपियन ट्राफी प्राप्त हुई। प्राथमिक विद्यालय शाहपुर सानी की आराधना ने 50मीटर दौड़ में जनपद में द्वितीय स्थान ,100मीटर में प्रथम , 400मीटर में तृतीय और लंबी कूद मे तृतीय स्थान प्राप्त किया। कीर्ति ने 200मीटर में द्वितीय स्थान हासिल किया।इसके अलावा कांटे की टक्कर में कबड्डी में बालक वर्ग ने द्वितीय स्थान तथा बालिका वर्ग में प्रथम स्थान हासिल करके अपने गांव शाहपुर सानी , विद्यालय एवं ब्लॉक का नाम रोशन किया।बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शिक्षक धनेश्वर प्रसाद ,अजय पटेल,हरिओम एवं समस्त स्टाप का विशेष योगदान रहा। अरविन्द कुमार प्रधानाध्यापक ने सभी बच्चों एवं विद्यालय स्टाप को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# जयंती पर स्व. मुलायम सिंह के चित्र पर किया माल्यार्पण

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**



पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक, भारत के पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव नेताजी की जयंती के अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण किया स इसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि नेताजी ने सदैव समाज के शोषित, वंचितों के हकों की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ने का काम किया था, उनका सपना था कि जब तक आम व्यक्ति को शिक्षा दवा उपलब्ध न हो जाए तब तक समाजवाद अधूरा है, उन्होंने अपने मुख्यमंत्री रहते तमाम ऐसी योजनाएं चलाएं, जिससे प्रदेश का आम नागरिक लाभान्वित हुआ और उनके चेहरे पर मुस्कान की किरण देखने को मिली, उन्हीं के पद चिन्हों पर चलकर अखिलेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी समाजवाद को आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं, आज नेताजी की जयंती के मौके पर हम सभी को संकल्प लेकर जाना है, की बूथ स्तर पर एसआईआर का काम करके 2027 में इस प्रदेश की कमान अखिलेश यादव के हाथों में सौंपने का काम करेंगे। विचार गोष्ठी में जिलामहासचिव वीरभान सिंह भदोरिया वीरू, एसआईआर प्रभारी उदयभान सिंह यादव, लाखन सिंह जाटव, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, उपाध्यक्ष उत्तम सिंह प्रजापति, आशीष राजपूत, अनवर हुसैन, चच्चू शुक्ला, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्ले, मयंक विधौलिया, सीमा यादव जिलाध्यक्ष महिलासभा, नफीसुल हसन अंसारी, साजिद अली अशरफी, नितिन यादव, राकेश यादव, संतोष राजपूत, रमेश यादव, जिलासचिव प्रवीन कुशवाह, संतोष राठौर, राजकुमार यादव, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष किशन यादव, दिनेश यादव, जय सिंह चौहान, कमलेश दतावली, राजेश यादव, नम्रता दोहरे, संगीता राजपूत, रामबेटी गोयल, शशि यादव, नीतू सिंह उमेश यादव लंकू, सभासद अविनाश कुशवाहा, अनिरुद्ध यादव, मनोज राणा, प्रदीप सोनी, साधो सिंह, सीताराम कश्यप, रशीद अली, वाल्मीक, गौरव राजपूत, अमित कठेरिया, रवि राजपूत, सचिन राजपूत, अंकुर यादव, अनुज यादव, सुनील यादव, रिजवान कुरैशी, जैनुल आब्दीन, रामबाबू प्रधान, कमलेश यादव, महेश यादव, नरेंद्र प्रजापति, अनूप राजपूत, नितिन यादव, दीपक यादव, आदि उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता पल्लव दूबे को साथियों सहित स्टे मिला

**इटावा।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे एडवोकेट तथा इनके आठ अन्य साथियों विष्णुकांत मिश्रा एड., जितेन्द्र सिंह पाल, अमित अग्निहोत्री, शोजब रिजवी, शिशुपाल सिंह भदौरिया, रामजीवन कुशवाहा तथा विक्रम सिंह दिवाकर को हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय मिश्रा की शानदार पेरवी से स्टे मिल गया है। इस मुकदमें में मिले स्टे के संबंध में पल्लव दुबे ने बताया कि उनके ऊपर सन 2017 में पुलिस द्वारा एक फर्जी मुकद्मा तहरीर थाना कोतवाली में दर्ज दिया गया था जिसमें उनके ऊपर राजद्रोह 124ए, 153बी, 147, 188 तथा 332 आई.पी.सी. की धाराएं लगाई गईं जिसमें पुलिस द्वारा मनगढ़ंत चार्जशीट न्यायालय सीजेएम इटावा में दाखिल कर दी गई जिसमें न्यायालय द्वारा उनके तथा उनके साथियों के विरुद्ध वारंट जारी कर दिए गए। और उन्हें मजबूरन हाईकोर्ट की शरण में जाना पडा।

### बाइक सवार दंपती दुर्घटना में घायल

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के एनएच-19 टिलीटिला गांव के नजदीक एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दंपती गंभीर रुप से घायल हो गए। उनकी बाइक अनियंत्रित होकर एक खड्ड में जा गिरी। इटावा शहर के आवास विकास कॉलोनी निवासी 70 वर्षीय हरिकृष्ण अपनी पत्नी 65 वर्षीय इन्द्रावती के साथ बाइक से इटावा से चलकर औरैया स्थित अपनी रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में भाग लेने जा रहे थे महेवा कस्बा पास करके जैसे ही वह टिलीटिला गांव के नजदीक पहुंचे कि उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह बाइक सहित हाईवे के किनारे खड्ड में जा गिरे। राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी जिसपर महेवा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और खड्ड में गिरे दंपति को बहार निकलवा कर उपचार के लिए महेवा सीएचसी ले गए जहां उनकी हालत को गंभीर देखकर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रिफर कर दिया।

## एसआईआर पर माकपा चिंतित, समय बढ़ाने की मांग की

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**



मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की शहर ब्रांचों की संयुक्त बैठक जिला कार्यालय में समपन्न हुयी। माकपा राज्य मंत्रिपरिषद सदस्य कामरेड मुकुट सिंह ने भी भाग लिया।

माकपा जिलामंत्रिपरिषद सदस्य डा. शौकीन सिंह ने आगे बताया कि नीचे से शिकायतें मिल रही हैं कि एसआईआर के फार्म कई क्षेत्रों, घरों में अभीतक नही पहुंचाये गये हैं। वर्ष 2003 की मतदाता सूची मतदाताओं को उपलब्ध नही करायी जा रही है। बीएलओ कई जगह फार्म दो कापियो में ने देकर कहते हैं कि फोटो खींच लों, इटरनेट की सुविधा न होने से आनलाइन वोटर लिस्ट देखेन में भी समस्या आ रही है। कुछ बीएलओ पूर्वागह से काम कर रहे हैं। माकपा शहर कमेटी ने उपरोक्त समस्यायें दूर करने की जिलाधिकारी से मांग करते हुए आशंका जाहिर की है कि इस तरह से 4 दिसम्बर तक एसआईआर कें फार्म भर कर एकत्रित होने का काम नही हो पायेगा। इसके लिए और समय बताये जाने के लिए चुनाव आयोग से मांग की गई है, माकपा ने अपने पार्टी सदस्यो-पार्टी के बीएलए से पूरी गम्भीरता से इस काम में जुटने की अपील की है। माकपा ने अन्य सांगठनिक और जनमुददो पर चर्चा की। अध्यक्षता वरिष्ठ माकपा नेता प्रेमशंकर यादव ने और संचालन डा. शौकीन सिंह ने किया। विश्राम सिंह यादव, निजामुददीन अंसारी, सकट नरायण सविता, मनोज रठौर, नरेन्द्र शाक्य, मोनू यादव सहित सभी ब्रांच मंत्रियो और प्रमुख कार्यकर्ताओ ने भाग लिया।

## एसआईआर प्रक्रिया में घर-घर नहीं जा रहे है बीएलओ



**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्टी से प्रदेश कमेटी के सदस्य प्रशांत तिवारी ने कहा कि पूरे देश प्रदेश व जिले में एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है उन्होंने कहा शासन प्रशासन को ध्यान देना चाहिए कि बीएलओ घर घर नहीं पहुंच रहे जो पहुंच रहे वो ज्यादातर रिसिविंग नहीं दे रहे हे एक जाती धर्म के लोगों का टारगेट किया जा रहा उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र लिखके शिकायत भी दर्ज करवाई बताया कि क्षेत्र से जब काफी सूचना मिली तब खुद जाकर बीएलओ से मिला दिव्या गुप्ता से उनके बात करने एवं काम न करने का तरीका समझ आया इससे साफहे कि सरकार की मंशा है कि वोट ज्यादातर काटे जाए एवं तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में कभी नोट बंदी की लाईन कभी पैन आधार के लिंक करवाने की लाईन कभी जीरो बेलेंस के खाते के लिए लाईन में आज एसआईआर के लिए लाईन में लगवा रहे हे कभी राशन के लिए लाईन में जनता को इतनी क्यों परेशानी हो रही तिवारी ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए निवेदन किया कि बीएलओ हर घर पहुंचे।

## खेल प्रतियोगिता का आयोजन, छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**भरथना, इटावा।** होली प्वाइंट एकेड्मी में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। स्व. भागचन्द्र अवतानी की स्मृति में आयोजित खेल सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय निदेशक डा. प्रदीप चन्द्र पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि विनय अवतानी द्वारा ज्ञान की देवी माता सरस्वती एवं स्व. भागचन्द्र अवतानी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलित करके किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन भी किया गया। जिसमें रेस, सेक रेस, फ्रॉग रेस, बैलून रेस, दिया मेकिंग, बेस्ट बैग, राखी मेकिंग और इंटर हाउस बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्र-



छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 की छात्राओं आदर्शिका एवं अनु ने खेलभावना पर अपने विचार भी प्रस्तुत किये। इस मौके पर विद्यालय निदेशक डा. प्रदीप चन्द्र पांडेय ने कहा कि खेल भी एक ऐसा माध्यम है, जिसमें अपनी मेहनत और लगन के बल पर अपना भविष्य सँवारा जा सकता है। तत्पश्चात विभिन्न छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रधानाचार्य मनोज मिश्रा, अरूण मोटवानी, मनोज त्रिपाठी, अमित श्रीवास्तव, गौरव वर्मा, दीपक सिंह चौहान, गोविन्द शाक्य आदि का विशेष योगदान रहा।

## इंसानियत की मेराज का नाम है फातिमा ज़हरा: मो. फिरोज हैदर

**▸ शरीफ मंज़िल में फातिमा ज़हरा की शहादत पर मजलिसें शुरू**

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**



रसूले खुदा की इकलौती मज़लूमा बेटी फातिमा ज़हरा की शहादत पर पांच दिवसीय मजालिसों का आयोजन शरीफ मंज़िल सैदबाड़ा इटावा में शुरू हो गया। मजलिस में बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

शरीफ मंज़िल में पहली मजलिस का शुभारंभ सलीम रज़ा व सफीर हैदर ने सोजख्वानी से किया। अश्शू रिज़वी, सलमान रिज़वी ने कलाम पेश किए। तनवीर हसन ने नोहा ख्वानी की। मजलिस में तक़रीर करते हुये जनपद कानपुर से आये मौलाना फिरोज़ हैदर ने कहा अल्लाह फरमाया कि मोहम्मद न होते तो कायनात में कुछ न होता, पूरी कायनात मोहम्मद के सदके में बनाई। अल्लाह फिर फरमाता है कि अगर फातिमा न होतीं तो न रसूल होते, न अली होते और न ही कायनात होती। मौलाना फीरोज़ हैदर ने कहा कि घर मे अगर ए.सी., कूलर, लाइटें लगीं हैं मगर बिजली कनेक्शन नहीं है तो सब बेकार हैं इसी तरह जब तक एहलेबैत की मोहब्बत दिल मे नहीं है तब तक सारी इबादतें बेकार हैं। रसूल अल्लाह की इकलौती बेटी और इंसानियत की मेराज का नाम फ़ातिमा ज़हरा है। रसूल अल्लाह को फख्र गर्व था कि फ़ातिमा ज़हरा उनकी बेटी हैं। रसूल अल्लाह ने फरमाया है कि जिससे फ़ातिमा खुश उससे हम खुश और जिससे फ़ातिमा नाराज उससे हम नाराज।उन्होंने कहा रसूल की उसी बेटी पर जालिमों ने बेपनाह जुल्म ढाए, फ़ातिमा ज़हरा के घर में जालिमों ने आग लगा दी जिससे वह जख्मी हो गई। इतना ही नहीं जालिमों ने उनका हक भी नहीं दिया। मजलिस में अल्हाज कमर अब्बास नक़वी करबलाई, हाजी अरशद मरगूब, शावेज़ नक़वी, हसन अब्बास, मो. मियां, तहसीन रज़ा, राहत हुसैन रिज़वी, अली साबिर, इबाद रिज़वी, अख्तर अब्बास रिज़वी, राहिल सग़ीर, ज़हूर नक़वी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की मनाई जयंती

**▸ सपाइयों ने मरीजों को वितरण किया फल**

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



बबेरू समाजवादी पार्टी कार्यालय में सपा विधायक विशम्भर सिंह यादव की अगुवाई में सभी समाजवादी साथियो ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व रक्षा मंत्री स्व मुलायम सिंह यादव जी की 87वी जयंती मनाई गई, साथ ही उनके ब्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। विधायक विशंभर सिंह यादव ने कहा कि नेता जी पूरे जीवन गरीब पिछड़े दलित अल्पसंख्यक व समाज की धारा से जो पीछे छूट गए लोगो के लिए संघर्ष करते रहे है। साथ ही रक्षा मंत्री रहते हुए सैनिक के निधन के उपरांत जो डेड बॉडी होती थी वो घर नही आती थी, उसके घर सरकारी खर्चे से भेजने और जिले के अधिकारी वहाँ सैल्यूट मारने का काम करेंगे, ऐसे बड़े काम नेता जी ने किया है। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में मरीजो को फल वितरित करने के बाद बबेरू के आश्रम पद्यति विद्यालय, कस्तूरबा गांधी विद्यालय में बच्चों को फल वितरित किया गया। साथ ही उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान छेदीलाल गुप्ता, दिलीप सोनी, पुत्तन सिंह, अखिलेश पाल, रामकिशोर यादव, उमाकांत तिवारी, ब्रजमोहन यादव, तेज यादव, रमेश वर्मा, के के महंत, अनूप यादव ,रामू दीक्षित, शाहनवाज खान सानू, सुमित गुप्ता, भोला प्रजापति,बिमल यादव, अतुल यादव, रामशंकर यादव, अनूप गुप्ता, अमन बर्मा, इंद्रपाल यादव, कमल यादव, नरोत्तम यादव, अभिषेक बर्मा, रामप्रताप यादव, शिवबरन यादव, शिवकांत प्रजापति, नरेंद्र यादव, रवि यादव, सुखवीर यादव, गोरेलाल यादव, सहित सैकड़ों समाजवादी साथी मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने जनता की शिकायतों को सुन किया निस्तारित

**▸ जनपद के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन**



**बांदा।** जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी बांदा जे. रीभा व पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा थाना पैलानी में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा मेविस टॉक भी मौजूद रही। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज द्वारा थाना कोतवाली नगर में जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें नौ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीमों का गठन किया गया।

# वरिष्ठ नागरिकों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया जाए: आयुक्त

**▸ आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मण्डलीय/जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से मण्डल के अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक, सीएमओ, सीएमएस, एसीएमओ, डीआईओ, मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, जनपदीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के स्टाफ, डेवलपमेंट पार्टनर एजेंसी डब्लूएचओ, यूनीसेफ एवं अन्य जनपदीय नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन आलोक कुमार मण्डलीय कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/सिफ्सा, चित्रकूट धाम मंडल द्वारा किया गया। बैठक में मण्डल के चिकित्सा विभाग की रैंकिंग एवं कार्य में सुधार होने पर आयुक्त ने प्रसन्नता व्यक्त की। बैठक के दौरान इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब जनपद बांदा एवं चित्रकूट में शीघ्र प्रारम्भ कराने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय पुरुष को निर्देश दिये तथा जनपद महोबा एवं हमीरपुर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को मानक अनुरूप समस्त जाँचे लैब में कराने हेतु निर्देशित किया। जनपद हमीरपुर के जिला पुरुष चिकित्सालय मे अब तक ब्लड कम्पोनेंट सेपरेशन यूनिट प्रारम्भ नही होने पर शीघ्र लाइसेन्स प्राप्त करते हुये इकाई प्रारम्भ करने हेतु सीएमएस को निर्देशित किया गया। मण्डल, जनपद एवं ब्लाक के समस्त पर्यवेक्षकीय अधिकारियों के माध्यम से प्रत्येक माह पर्यवेक्षकीय भ्रमण करते हुये चेकलिस्ट में जानकारी अपडेट कराने एवं प्राप्त गैप पर संबन्धित इकाई/ ब्लाक/ जनपद द्वारा कार्यवाही कराने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया।




परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने हेतु छैट पखवाड़े को दिनांक 21 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक मोबिलाइजेशन चरण (21 से 27 नवंबर) तथा सेवा प्रदायगी चरण (28 नवंबर से 4 दिसंबर 2025) को बेहतर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से मनाए जाने एवं व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु जनपदों को निर्देशित किया गया। प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में इशेंशियल ड्रग लिस्ट की उपलब्धता तथा उनकी अपडेटेड सूची का प्रदर्शन इकाई के ओपीडी परिसर में कराने हेतु जनपदों को निर्देशित किया गया। बैठक में आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन संकेतकों (इंडीकेटर्स) पर प्रगति संतोषजनक नहीं है, उनमें आगामी माह तक सुधार अवश्य परिलक्षित होना चाहिए। वरिष्ठ नागरिकों (70 वर्ष से अधिक आयु) का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया जाए, जिससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। आयुक्त ने वी.एच.एन.डी. सत्रों के नियमित आयोजन पर विशेष बल दिया। सभी सीएमओ यह सुनिश्चित करें कि नियमित सत्र समय से आयोजित हों तथा इसका मोबिलाजेशन आशाओं द्वारा गुणवत्ता पूर्ण हो। डाक्टरों तथा सीएचओ को ई-संजीवनी पोर्टल का अधिकतम उपयोग करने और आम जनता को इसके प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। उपरोक्त के अतिरिक्त बैठक के दौरान कोविड 19 स्टाफ के शेष स्टाफ का समायोजन, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, एबीबीएस/आयुष चिकित्सक के वाक इन साक्षात्कार, एनएचएम की वित्तीय उपलब्धि, आशा/आशा संगिनी चयन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर क्रियाशीलता, एनसीडी स्क्रीनिंग, प्रथम संदर्भन इकाई क्रियाशीलता, दिनांक 14 दिसंबर 2025 से जनपद बांदा, हमीरपुर एवं महोबा में आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान, जनपदीय कार्य योजना 2026-27 का प्रेषण शीघ्र राज्य को उपलब्ध कराने, आदि की समीक्षा की गयी।